सोमवार, 9 फरवरी 2026

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, फाल्गुन कृष्णपक्ष अष्टमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 15 – 27 |
| आर्द्रता | 44% |
| सूर्योदय: 06:13 | सूर्यास्त: 17:29 |



उलटफेर से बाल-बाल बचा इंग्लैंड, नेपाल को चार रन से हराया पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : भरोसा नहीं है क्या मुझ पर बस यही बोल कर लोग धोखा दे जाते हैं।




# भारत-मलेशिया संबंधों को और मजबूत करेंगे, आतंकवाद पर 'कोई समझौता नहीं': प्रधानमंत्री मोदी

## 11 समझौतों और दस्तावेजों पर किए हस्ताक्षर

### दो दिवसीय मलेशिया यात्रा के बाद भारत लौटे पीएम मोदी



**कुआलालंपुर :** भारत और मलेशिया ने रविवार को व्यापार एवं निवेश, रक्षा, ऊर्जा, उन्नत विनिर्माण तथा सेमीकंडक्टर जैसे उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में अपने संबंधों का विस्तार करने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जोर देकर कहा कि दोनों पक्ष हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता के लिए प्रतिबद्ध हैं। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ व्यापक वार्ता के बाद मोदी ने आतंकवाद से निपटने के मुद्दे पर भारत के रुख को दोहराते हुए कहा: ''आतंकवाद पर हमारा संदेश स्पष्ट है; कोई दोहरा मापदंड नहीं, कोई समझौता नहीं।'' दोनों पक्षों ने सेमीकंडक्टर क्षेत्र में गहन सहभागिता के लिए एक रूपरेखा समझौते सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कुल 11 समझौतों और दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। मोदी शनिवार को कुआलालंपुर पहुंचे। मोदी और इब्राहिम दोनों ने व्यापार निस्तारण के लिए स्थानीय मुद्राओं – भारतीय रुपया और मलेशियाई रिंगिट के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। मोदी ने भारत-मलेशिया संबंधों को ''विशेष'' बताते हुए कहा, ''हम रणनीतिक विश्वास के माध्यम से आर्थिक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेंगे।'' उन्होंने मीडिया में जारी अपने बयान में कहा, ''हम समुद्री पड़ोसी हैं। सदियों से दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे और स्नेहपूर्ण संबंध रहे हैं।'' मोदी ने मलेशिया में भारतीय वाणिज्य दूतावास स्थापित करने के भारत के निर्णय की भी घोषणा की। अपने संबोधन में इब्राहिम ने भारत की आर्थिक वृद्धि का उल्लेख किया और कहा कि अगर उनका देश भारत के साथ सहयोग के और अधिक तरीके एवं अवसर तलाश सके तो उसे बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा, ''यह (भारत की आर्थिक वृद्धि) अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और व्यापार के क्षेत्र में एक शानदार उन्नति है।'' उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार के लिए स्थानीय मुद्राओं का उपयोग करने के निर्णय को ''उल्लेखनीय'' बताया। वार्ता के दौरान मलेशिया ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार के बाद भारत की स्थायी सदस्यता के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया। सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग के बारे में विस्तार से बताते हुए मोदी ने कहा कि आतंकवाद विरोधी अभियान, खुफिया जानकारी साझा करने और समुद्री सुरक्षा में सहयोग को मजबूत किया जाएगा, साथ ही दोनों पक्ष रक्षा संबंधों को और आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा, ''कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और डिजिटल प्रौद्योगिकियों के साथ-साथ हम सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में साझेदारी को आगे बढ़ाएंगे।'' उन्होंने यह भी कहा कि सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) फोरम में हुई चर्चाओं ने व्यापार और निवेश के नए अवसर खोले हैं।

# एसआईआर : बंगाल में अंतिम तारीख बढ़ाने को लेकर असमंजस

## मतदाताओं की सुनवाई की समयसीमा हुई खत्म

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में एसआईआर से जुड़ी दावों और आपत्तियों पर सुनवाई की समय-सीमा समाप्त हो चुकी है, लेकिन कई इलाकों में प्रक्रिया पूरी न होने के कारण स्थिति अब भी साफ नहीं हो पाई है। राज्य के तीन निर्वाचन जिलों की लगभग 15 विधानसभा सीटों पर सुनवाई लंबित है, जिससे समय-सीमा बढ़ाने को लेकर असमंजस बना हुआ है। बता दें कि राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार अग्रवाल ने सुनवाई की प्रक्रिया के लिए सात दिन का अतिरिक्त समय मांगा है। हालांकि, कोलकाता स्थित सीईओ कार्यालय को अब तक नई दिल्ली में चुनाव आयोग (ईसीआई) मुख्यालय से इस संबंध में कोई जवाब नहीं मिला है। सीईओ कार्यालय से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, भ्रम की स्थिति दो वजहों से बनी है। पहली, अगर समय-सीमा बढ़ाई जाती है तो नई अंतिम तारीख क्या होगी? दूसरी, यह विस्तार केवल उन्हीं 15 विधानसभा क्षेत्रों तक सीमित रहेगा, जहां सुनवाई पूरी नहीं हो पाई है या फिर पूरे राज्य के लिए समय-सीमा बढ़ाई जाएगी? सूत्रों ने बताया कि अगर चुनाव आयोग पूरे राज्य के लिए समय-सीमा बढ़ाने का फैसला करता है, तो 14 फरवरी को जारी होने वाली अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन में भी उसी अनुपात में देरी होगी। जिन 15 विधानसभा क्षेत्रों में सुनवाई अब तक पूरी नहीं हो पाई है, वे मुख्य रूप से तीन निर्वाचन जिलों में आते हैं। इनमें अल्पसंख्यक बहुल मालदा, तटीय और सीमावर्ती दक्षिण 24 परगना और कोलकाता उत्तर शामिल हैं।

## उत्तर प्रदेश के बांदा में रील बनाने के चक्कर में बेटी के सामने ही फंदे से लटककर महिला की मौत

**बांदा :** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में फांसी का दृश्य दिखाने के लिए रील बनाने के दौरान चार साल की बेटी के सामने ही एक महिला की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बबेरू क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) सौरभ सिंह ने रविवार को बताया कि यह घटना शुक्रवार की है, बबेरू कस्बे के करुइहा पुरवा मोहल्ले में मोहिनी (27) की फंदे से लटकने के कारण मौत हो गई, जिसके बाद उसके शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। सिंह ने कहा, ''प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि महिला ने एक रील के लिए फांसी का दृश्य दोहराने का प्रयास किया। हालांकि, इस दौरान वह बेहोश हो गई और बाद में उसकी मृत्यु हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।'' उन्होंने बताया कि महिला के मोबाइल फोन की जांच से पता चला कि वह 'गूगल' और 'फेसबुक' में बार बार फंदा लगाने के तरीके खोज रही थी। घटना के समय मौके पर मौजूद महिला की चार साल की बेटी ने भी यही बात बताई। बच्ची ने पुलिस को बताया कि उसकी मां ने उसे इसका वीडियो रिकॉर्ड करने के लिए कहा था। मोहिनी के पति ने अपनी बेटी के बयान की पुष्टि करते हुए पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी ने बेटी को मोबाइल देकर वीडियो बनाने के लिए कह दिया और वह साड़ी का फंदा बनाकर फांसी का रील बनाने लगी। अधिकारी ने बताया कि मोहिनी के बेहोश होने पर बच्ची रोने लगी जिसकी आवाज सुनकर पड़ोसियों ने उसे फंदे से उतारा और अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## सरकार जल्द ही बैंकिंग पर उच्च स्तरीय समिति का गठन करेगी: सीतारमण

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार विकसित भारत की वित्त पोषण जरूरतों को पूरा करने में सक्षम बड़े बैंक बनाने का खाका तैयार करने के लिए जल्द ही 'विकसित भारत के लिए बैंकिंग पर उच्च स्तरीय समिति' का गठन करेगी। उन्होंने पीटीआई वीडियो को दिए एक साक्षात्कार में कहा, ''हम चाहते हैं कि समिति हमें बताए कि हमें किस तरह के कदम उठाने की जरूरत है ताकि विकसित भारत के वित्त पोषण के लिए बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।'' यह पूछने पर कि क्या यह समिति सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विलय का सुझाव देगी, सीतारमण ने कहा कि किसी को इसे इस तरह सीमित दायरे में नहीं देखना चाहिए। उन्होंने कहा, यह भारत के बैंकिंग क्षेत्र को इतना बड़ा बनाने के लिए है कि वह विकसित भारत के वित्त पोषण का ध्यान रख सके।

## भारत रूसी तेल की खरीद में करेगा कटौती, अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के बाद कवायद शुरू

**नयी दिल्ली :** अमेरिका के साथ व्यापार शुल्कों में कटौती के बदले हुए समझौते के तहत भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल की खरीद धीरे-धीरे कम करने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हालांकि, नायरा एनर्जी जैसी तेल शोधनशालाओं (रिफाइनरी) के पास सीमित विकल्प होने के कारण ये आयात फिलहाल पूरी तरह बंद नहीं होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को भारत से होने वाले सभी आयातों पर 25 प्रतिशत के दंडात्मक शुल्क को रद्द करने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने कहा कि यह कदम नयी दिल्ली की उस प्रतिबद्धता के बाद उठाया गया है, जिसमें रूस से तेल आयात रोकने की बात कही गई है। मामले की जानकारी रखने वाले तीन सूत्रों ने बताया कि हालांकि तेल शोधनशालाओं को रूस से खरीद रोकने का कोई औपचारिक निर्देश नहीं मिला है, लेकिन उन्हें अनौपचारिक रूप से मॉस्को से खरीद कम करने की सलाह दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, अधिकांश तेल शोधनशालाएं इस घोषणा से पहले की गई खरीद प्रतिबद्धताओं (आमतौर पर 6-8 सप्ताह पहले दिए गए ऑर्डर) का सम्मान करेंगी, लेकिन उसके बाद नए ऑर्डर नहीं दिए जाएंगे। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), मंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (एमआरपीएल) और एचपीसीएल-मित्तल एनर्जी लिमिटेड (एचएमईएल) ने पिछले साल अमेरिका द्वारा रूस के प्रमुख निर्यातकों पर प्रतिबंध लगाए जाने के तुरंत बाद वहां से तेल खरीदना बंद कर दिया था। अब इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) भी अपनी खरीद धीरे-धीरे बंद करेंगे।

## जनसंख्या असंतुलन के लिए धर्मांतरण, घुसपैठ और कम जन्म दर जिम्मेदार : भागवत



**मुंबई :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को धर्मांतरण, घुसपैठ और कम जन्म दर को जनसंख्या असंतुलन के लिए जिम्मेदार तीन प्रमुख कारक बताया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक शोध एक परिवार में तीन बच्चे पैदा करने का सुझाव देते हैं, जो हालांकि पसंद का मामला है। भागवत ने लोगों का धर्मांतरण कराने और किसी संप्रदाय की आबादी बढ़ाने के लिए बल, प्रलोभन और छल का सहारा लिए जाने की निंदा की। उन्होंने कहा कि जो लोग अपने मूल धर्म में लौटना चाहते हैं, उनके लिए घर वापसी ही एकमात्र उपाय है। घुसपैठ से जुड़े एक सवाल पर संघ प्रमुख ने कहा कि आरएसएस कार्यकर्ता भाषा के जरिये संदिग्ध घुसपैठियों की पहचान करते हैं और उनकी सूचना अधिकारियों को देते हैं। भागवत आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल लोगों के साथ एक संवाद सत्र के दौरान सवालों के जवाब दे रहे थे। जनसंख्या असंतुलन पर आरएसएस प्रमुख ने कहा, इसके तीन प्रमुख कारण हैं; पहला-धर्मांतरण। हालांकि, धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी है, लेकिन लोगों का धर्म बदलवाने और किसी संप्रदाय की आबादी बढ़ाने के लिए बल, प्रलोभन या छल का सहारा लिया जाना पूरी तरह से निंदनीय है। उन्होंने धार्मिक स्वतंत्रता को रेखांकित करने के लिए कवि नारायण वामन तिलक का उदाहरण दिया। भागवत ने कहा कि जो लोग अपने मूल धर्म में लौटना चाहते हैं, हम उनके लिए रास्ता बनाते हैं और ऐसे लोगों के लिए घर वापसी ही एकमात्र उपाय है। संघ प्रमुख ने कहा, दूसरा कारण घुसपैठ है, जिसके लिए सरकार को बड़े पैमाने पर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि घुसपैठियों की पहचान और निर्वासन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जो अभी धीमी गति से चल रही है, लेकिन इसमें तेजी आएगी। भागवत ने मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभ्यास का हवाला दिया, जिसके तहत कुछ व्यक्तियों को गैर-नागरिक के रूप में पहचाना गया है और उनके नाम मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं।

### अगर संघ कहेगा तो पद छोड़ने के लिए तैयार हूं

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि अगर संघ उन्हें पद से हटने के लिए कहेगा तो वह इस्तीफा दे देंगे और इस संगठन ने ही उनसे उनकी उम्र के बावजूद काम जारी रखने के लिए कहा है। भागवत ने यह भी कहा कि संघ का नेतृत्व करने वाला व्यक्ति हमेशा एक हिंदू ही होगा, चाहे उसकी जाति कुछ भी हो और शीर्ष पद सबसे योग्य उम्मीदवार को ही दिया जाएगा। उन्होंने कहा, ''आरएसएस प्रमुख के पद के लिए कोई चुनाव नहीं होता। क्षेत्रीय और मंडल प्रमुख ही संघ प्रमुख की नियुक्ति करते हैं। आम तौर पर कहा जाता है कि 75 वर्ष की आयु के बाद किसी को कोई पद धारण किए बिना काम करना चाहिए।'' वह आरएसएस शताब्दी समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के साथ एक संवादात्मक सत्र के दौरान प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे।

## आयकर विभाग ने नए आयकर कानून के मसौदा नियमों, प्रपत्रों पर हितधारकों से सुझाव मांगे

**नयी दिल्ली :** आयकर विभाग ने रविवार को कहा कि उसने एक अप्रैल से प्रभावी होने वाले नए आयकर कानून, 2025 के तहत कर नियमों और प्रपत्रों के मसौदे पर हितधारकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। विभाग ने एक बयान में जानकारी दी कि व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 'प्रस्तावित आयकर नियम, 2026' और संबंधित फॉर्म को अंतिम अधिसूचना से पहले आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने परामर्श प्रक्रिया के तहत हितधारकों से चार श्रेणियों में सुझाव मांगे हैं। इनमें भाषा का सरलीकरण, मुकदमों में कमी, अनुपालन बोझ को कम करना और अप्रासंगिक या पुराने हो चुके नियमों व प्रपत्रों की पहचान करना शामिल है। विभाग ने कहा, हितधारकों को इन मसौदों का अध्ययन कर सुझाव देने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## भारत को 'पैक्स सिलिका' में शामिल होने का न्योता देने से हम बेहद उत्साहित: अमेरिकी अधिकारी

**न्यूयॉर्क :** अमेरिका ने कहा है कि वह आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा से जुड़ी 'पैक्स सिलिका' पहल में शामिल होने के लिए भारत को दिए गए निमंत्रण से बेहद उत्साहित है। अमेरिका जल्द ही भारत सरकार के साथ इस पर हस्ताक्षर करेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच ''शानदार संबंधों'' को रेखांकित करते हुए वाशिंगटन ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत शायद दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जो अपनी मानवीय प्रतिभा के मामले में चीन का मुकाबला कर सकता है। अमेरिका के आर्थिक मामलों के अवर सचिव जैकब हेलबर्ग ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा, ''हम भारत को पैक्स सिलिका में शामिल होने का निमंत्रण देकर बहुत उत्साहित हैं। मैं भारत सरकार के साथ एक बड़े समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए बस कुछ ही हफ्तों में भारत की यात्रा करूंगा।''

## उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी

**सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थेपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन**



**DR. SANTOSH KUMAR**
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए में 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:**

**DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION**
*Chamber :* Plot No 332, Laketown
Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com



## गुमशुदाओं की तलाश और मिलने की आस

पिछले दिनों इस खबर ने दिल्ली और देश के लोगों को चौंकाया कि इस साल जनवरी माह में ही देश की राजधानी में 800 लोग लापता पाए गए, जिसमें महिला, बच्चे व अन्य वयस्क भी शामिल हैं। जैसा कि स्वाभाविक था दिल्ली में लापता लोगों का आंकड़ा सामने आने के बाद आम लोगों में चिंता व्याप्त हो गई। प्रशासनिक स्तर पर भी इस समस्या की ओर अधिकारियों का ध्यान गया। बेलगाम सोशल मीडिया पर तो इन आंकड़ों पर अपनी-अपनी सुविधा और राजनीतिक हितों के मद्देनजर व्याख्या और बयानबाजी सामने आने लगी। पब्लिक फोरम पर कहा जाने लगा कि यह दिल्ली की कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिन्ह है। इन आंकड़ों के सामने आने के बाद घर से निकलने के बाद सुरक्षा इंतजामों को लेकर तमाम तरह की सलाहें दी जाने लगीं। कुछ लोग देश के सिस्टम पर सवाल खड़े करने लगे। कुछ लोगों में भय से जुड़ी प्रतिक्रिया भी सामने आई। लेकिन इस बाबत दिल्ली पुलिस द्वारा जारी आंकड़े भी अधिक चिंता बढ़ाने वाले नजर आए। प्रथम दृष्टया यह खबर परेशान करने वाली है, लेकिन पड़ताल में पाया गया कि यह स्थिति पिछले कुछ सालों के आंकड़ों के ही अनुरूप है। अगर हम पिछले कुछ सालों के आंकड़ों पर नजर डालें तो यह स्थिति की पुनरावृत्ति ही है। लेकिन यदि बीते कुछ सालों में लापता होने वाले लोगों की संख्या पर नजर डालें तो कहा जाता है कि इस साल जनवरी में सामने आई लापता लोगों की संख्या ज्यादा नहीं है। इस बाबत दिल्ली पुलिस का कहना है कि जनवरी 26 में कुल 1,777 लोगों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। प्रथम दृष्टया यह संख्या भले ही बढ़ी लगे, लेकिन जब पिछले दो सालों के आंकड़ों से इसकी तुलना की जाती है तो नई तस्वीर उभरती है। दरअसल, इन आंकड़ों की तह में जाएं तो दिल्ली का विशाल इलाका व सघन जनसंख्या घनत्व भी इसके मूल में है।

दरअसल, एक बड़ी आबादी रोजगार व अन्य कार्यों के लिए दिल्ली आती-जाती रहती है। दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के अनुसार साल 2024 में करीब 24,893 लोग लापता हुए थे। यानी एक माह में औसतन 2,074 लोग। वहीं साल 2025 में ये संख्या 24,508 लोग लापता हुए। अर्थात् हर माह 2,042 लोग गुम हुए। इस दृष्टि से जनवरी, 26 का आंकड़ा इस संख्या से कम है। सवाल है कि 2026 के पहले माह के आंकड़ों को लेकर भय क्यों व्याप्त हुआ? दरअसल, पहले पंद्रह दिनों के आंकड़ों के हिसाब से दिल्ली में हर रोज 54 लोग लापता हो रहे थे। इन आंकड़ों के सामने आने के बाद लोगों ने इसके मूल में किसी संकट को देखा। दिल्ली पुलिस के अनुसार ये आंकड़े स्थायी गुमशुदगी के नहीं होते। कुछ लोग अल्पकाल के लिए कहीं चले जाते हैं और देर रात तक घर भी लौट आते हैं। पुलिस का यह भी कहना है कि राष्ट्रीय राजधानी में ऑनलाइन और ऐप आधारित सिस्टम के जरिये लोग जल्दबाजी में अपने परिजनों के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज करा देते हैं। मसलन यदि कोई बच्चा किसी कारणवश स्कूल से लौटने में देर कर दे, कोई व्यक्ति कुछ घंटों तक फोन संपर्क से कट जाए या कोई बुजुर्ग भटकने पर देर से घर पहुंचे तो लोग गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा देते हैं। ये कथित गुमशुदा लोग कुछ समय बाद घर तो लौट आते हैं, लेकिन लोग पुलिस डेटा को अपडेट नहीं करते। फलस्वरूप पुलिस आंकड़ों में उनकी गुमशुदगी बनी रहती है। पुलिस का दावा है कि लापता लोगों को खोजने की दर में लगातार सुधार हो रहा है। साल 2016 में जो 23,409 लोग लापता हुए थे, उनमें से करीब 85 फीसदी नौ साल के भीतर मिल गए। साल 2025 में दर्ज मामलों में 63 फीसदी लोगों को भी एक साल के भीतर तलाश लिया गया। दलील है कि कई जटिल मामलों में तलाश का काम एक साल तक पूरा नहीं हो पाता। अन्य राज्यों में उनकी तलाश में समय लगता है। फिर भी पुलिस का दावा है कि दिल्ली के लापता लोगों की संख्या का आंकड़ा दुनिया के कई विकसित देशों से बेहतर स्थिति में है।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 9 फरवरी, सोमवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन कृष्णपक्ष अष्टमी, 31:27 तक, नक्षत्र : विशाखा, 31:49 तक, योग : वृद्धि, 24:48 तक, सूर्योदय: 06:13, सूर्यास्त: 17:29, चन्द्रोदय : 24:19, चन्द्रास्त: 10:33, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : तुला, राहू काल : 07:39 से 09:03

## राशिफल

**मेष :** राशि का स्वामी दशम प्रमुख कर्म-केन्द्र भाव में है और चन्द्र भी मकर राशि में है। ऐसे में आपको जीवन साथी का पूरा सहयोग मिलेगा। कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है।

**वृष :** वृष राशि के जातकों को जीवन में शांति महसूस होगी। राजनीतिक क्षेत्र में किए गए आपके प्रयास सफलता दिलाएंगे। शासन व सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है।

**मिथुन :** राशि स्वामी अष्टम भाव में मौजूद है। इसके कारण किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने की संभावना रहेगी। संतान की ओर से कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता हैं।

**कर्क :** चंद्रमा के प्रभाव से आपको संपत्ति प्राप्त हो सकती है। नौकरी और व्यापार में आपको सफलता मिलेगी। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**सिंह :** राशि का स्वामी सूर्य चार ग्रहों के बीच में आ गया है। ऐसे में आपको आमदनी के नए स्रोत मिलेंगे। आपका व्यवहार समाज में आपको सम्मान दिलाएगा। अधिक भागदौड़ करनी पड़ सकती है।

**कन्या :** रोजगार व्यापार के क्षेत्र में आपके प्रयास रंग लाएंगे। इन क्षेत्रों में आपको अकल्पनीय सफलता मिलती हुई दिख रही है। इसके अलावा संतान पक्ष से भी सुखद समाचार मिल सकता है।

**तुला :** आज आपके चारों ओर सुखद वातावरण बना रहेगा। घर परिवार के सभी सदस्य आपका सहयोग करेंगे। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की बड़ी समस्या का भी समाधान हो जाएगा।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के जातकों को अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना होगा। आपकी राशि पर मंगल-शनि योग के कारण आंतरिक विकार होने की संभावना दिख रही है।

**धनु :** वृश्चिक राशि के जातकों को अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना होगा। आपकी राशि पर मंगल-शनि योग के कारण आंतरिक विकार होने की संभावना दिख रही है।

**मकर :** आपको पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयासों में सफलता मिलेगी। कर्यस्थल पर कर्मचारियों का आदर प्राप्त होगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के जातकों को अपनी सेहत का ध्यान रखना होगा। बेवजह किसी से विवाद होने की संभावना नजर आ रही है। अचानक किसी यात्रा पर भी आपको जाना पड़ सकता है।

**मीन :** पारिवारिक जीवन आपका मधुर रहेगा। दांपत्य जीवन में कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त होता दिख रहा है। बहनोई और साले से किसी प्रकार का लेन-देन न करें।

# सस्ती शिक्षा की महंगी कीमत: भारतीय छात्रों की त्रासदी



प्रो. आरके जैन

- रक्तरंजित डिग्री: विदेश में पढ़ाई का भयावह चेहरा
- विदेश भेजे बच्चे, लौटा डर: शिक्षा नीति पर कठोर सवाल

छात्रावास की शांत गलियों में अचानक गूंजती चीखें, फर्श पर बहता खून और भय से जमी आंखें-7 फरवरी 2026 की वह रात रूस के ऊफा शहर स्थित बश्कीर स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी के इतिहास पर एक काले अध्याय की तरह दर्ज हो गई। एक 15 वर्षीय किशोर परिसर में घुसा, सीधे डॉर्मिट्री पहुंचा और वहां मौजूद छात्रों पर बिना चेतावनी चाकू से हमला कर दिया। जहां कुछ देर पहले तक पढ़ाई, बातचीत और आराम का माहौल था, वहां पलभर में आतंक और अफरा-तफरी फैल गई। हमले में चार भारतीय छात्रों सहित छह लोग घायल हुए, जबकि दो पुलिसकर्मी भी इसकी चपेट में आए। शांत वातावरण देखते ही देखते भय के रणक्षेत्र में बदल गया। घायल छात्र अस्पताल में जिंदगी से जंग लड़ते रहे और हजारों किलोमीटर दूर भारत में उनके परिवार सदमे और बेचैनी में डूब गए। यह घटना केवल हिंसा नहीं थी, बल्कि उन सपनों पर किया गया क्रूर प्रहार थी, जिन्हें संजोकर हजारों युवा विदेश पढ़ने निकलते हैं।

अचानक गूंजती चीखों और भागते कदमों के बीच वह भयावह दृश्य सामने आया, जिसे प्रत्यक्षदर्शी शायद जीवन भर नहीं भुला पाएंगे। हमला पूरी तरह अप्रत्याशित और निर्दय था। कुछ छात्र खेल में मग्न थे, कोई घर बात कर रहा था, तो कोई परीक्षा की चर्चा में जुटा था। तभी किशोर ने चाकू निकालकर बिना चेतावनी हमला शुरू कर दिया। पलभर में अफरा-तफरी मच गई-कोई गिर पड़ा, कोई दीवार से टकराया, तो कोई घायल मित्र को संभालने में जुट गया। फर्श पर खून बहने लगा और हवा में दहशत घुल गई। चार भारतीय छात्र गंभीर रूप से घायल हुए। प्रारंभिक रिपोर्टों ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी-गार्ड देर से पहुंचे और आपात इंतजाम नाकाम रहे। इस लापरवाही ने छात्रों के मन में गहरा भय भर दिया। अब वही छात्रावास, जो कभी घर जैसा लगता था, उन्हें असुरक्षित पिंजरा प्रतीत होता है।



हजारों किलोमीटर दूर भारत में बैठे माता पिता के लिए यह खबर किसी वज्रपात से कम नहीं थी। जिन हाथों ने बच्चों को आशीर्वाद देकर विदा किया था, वे अब हर पल प्रार्थना में जुड़े रहते हैं। कई परिवारों ने खेत बेचे, गहने गिरवी रखे और कर्ज लेकर बच्चों की फीस भरी थी। उन्हें भरोसा दिलाया गया था कि रूस में शिक्षा सुरक्षित, सस्ती और भविष्य निर्माण का मजबूत रास्ता है। लेकिन इस हमले ने उनके विश्वास को चकनाचूर कर दिया। अब हर फोन कॉल डर पैदा करता है और हर सुबह नई चिंता लेकर आती है। माता पिता यह सोचकर कांप उठते हैं कि कहीं अगली खबर और भी दर्दनाक न हो। विदेश में पढ़ाई का सपना अब उनके लिए आशा नहीं, बल्कि अनिश्चितता और भय का प्रतीक बन गया है।

यूक्रेन युद्ध के बाद रूस भारतीय मेडिकल छात्रों का बड़ा ठिकाना बन गया। कम फीस, आसान दाखिला और एनएमसी मान्यता ने हजारों युवाओं को आकर्षित किया। नीट की ऊंची कटऑफ और सरकारी सीटों की कमी ने उन्हें मजबूरी में विदेश भेजा। हर साल बड़ी संख्या में छात्र यहां एमबीबीएस करने पहुंचते हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य और सामाजिक सहयोग पर कभी गंभीर ध्यान नहीं दिया गया। नस्लीय टिप्पणियां, रैगिंग, मारपीट और संदिग्ध मौतें पहले ही चेतावनी दे रही थीं। यह चाकू हमला उसी उपेक्षा का सबसे भयावह रूप बन गया। आज कई छात्र कहते हैं कि वे पढ़ाई से ज्यादा अपनी जान की चिंता करते हैं। एफएमजीई का कम पास प्रतिशत पहले ही दबाव बढ़ा रहा था, और अब भय ने उनके मनोबल को और कमजोर कर दिया है।

इस घटना ने विश्वविद्यालय प्रशासन की लापरवाही और संवेदनहीनता की परतें एक-एक कर खोल दी हैं। छात्रावासों में सुरक्षा गार्डों की कमी, कमजोर सीसीटीवी और ढीली आपात व्यवस्था लंबे समय से खतरे की चेतावनी दे रही थीं, लेकिन उन्हें लगातार नजरअंदाज किया गया। डॉर्मिट्री जैसे व्यस्त और संवेदनशील स्थानों पर भी ठोस सुरक्षा इंतजाम नहीं थे। यदि समय रहते निगरानी मजबूत की जाती और व्यवस्था को सख्त बनाया जाता, तो शायद यह त्रासदी टाली जा सकती थी। लेकिन ला-परवाही ने हालात को भयावह बना दिया। अब साफ दिखता है कि विदेशी छात्रों को अक्सर केवल फीस का स्रोत माना जाता है। सवाल यह है-क्या इन संस्थानों के लिए छात्रों की जान की कोई अहमियत है, या वे सिर्फ रजिस्टर के आंकड़े बनकर रह गए हैं?

सरकारी स्तर पर भी अब तक की प्रतिक्रिया अधिकतर औपचारिकता तक ही सीमित रही है। दूतावास ने एक्स पर बयान जारी किया, अधिकारियों को मौके पर भेजा और सहायता का भरोसा दिलाया, लेकिन इससे छात्रों के मन का डर कम नहीं हुआ। अब समय आ गया है कि कड़े और ठोस कदम उठाए जाएं। रूसी सरकार से स्पष्ट मांग होनी चाहिए कि सभी विदेशी छात्रावासों में 247 सुरक्षा, अतिरिक्त पुलिस बल, आधुनिक निगरानी प्रणाली और मानसिक परामर्श केंद्र अनिवार्य किए जाएं। हमले की निष्पक्ष जांच और दोषियों को कठोर सजा मिलनी चाहिए। भारत सरकार को भी मजबूत हेल्पलाइन, नियमित सुरक्षा समीक्षा और व्यापक जागरूकता कार्यक्रम शुरू करने होंगे। केवल आश्वासन और बयान अब भरोसा पैदा नहीं कर सकते।

यह दर्दनाक घटना भारत-रूस के शैक्षणिक संबंधों पर गहरे सवाल खड़े करती है। क्या छात्र केवल आंकड़े हैं, या उनकी सुरक्षा और सम्मान की भी कोई कीमत है? हर साल हजारों युवाओं का विदेश जाना तब तक उपलब्धि नहीं कहा जा सकता, जब वे डर और असुरक्षा में जीने को मजबूर हों। शिक्षा का उद्देश्य आत्मविश्वास और स्थिरता देना है, न कि भय और अकेलापन। आज रूस में पढ़ रहे हजारों भारतीय छात्र मानसिक तनाव और अवसाद से जूझ रहे हैं। वे लौटना चाहते हैं, लेकिन आर्थिक और शैक्षणिक मजबूरियां उन्हें रोक लेती हैं। यह स्थिति हमारी शिक्षा और विदेश नीति-दोनों पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

ऊफा की घटना हमें चेतावनी देती है कि विदेश में पढ़ाई अब सिर्फ अवसर नहीं, बल्कि बड़ा जोखिम बन चुकी है। सस्ती डिग्री के पीछे छिपा खतरा अब उजागर हो चुका है। सरकार, विश्वविद्यालय, एजेंट और अभिभावकों को मिलकर व्यवस्था बदलनी होगी। छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बननी चाहिए। यदि अब भी चुप्पी रही, तो अगली खबर किसी और घर का उजाला बुझा देगी। शिक्षा तभी सार्थक है, जब वह जीवन की रक्षा करे, सपनों को संवार दे और भविष्य को सुरक्षित बनाए। सुरक्षित शिक्षा ही सच्ची शिक्षा है-और यह हर छात्र का अधिकार है।

# बीस साल बाद फिर मायावती का दलित-ब्राह्मण-मुस्लिम गठजोड़ फार्मूला



अजय कुमार

उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी करीब 15 सालों से सत्ता से बाहर है। 2007 से 2012 तक सत्ता में रही बसपा को पिछले तीन विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। इस दौरान तीन लोकसभा चुनाव में भी बसपा का प्रदर्शन बेहद खराब रहा। इसके बाद से बसपा सुप्रीमो मायावती के बारे में यह धारणा आम तौर पर बनने लगी कि बसपा सुप्रीमो मायावती का कालखंड खत्म हो चुका है। ऐसा इस लिये भी कहा जा रहा था क्योंकि मायावती ने चुनाव प्रचार से भी काफी हद तक किनारा कर लिया था।बात अंतिम बार 2007 में विधानसभा चुनाव जीती बसपा की उस समय की चुनावी रणनीति की की जाये तो 2007 का चुनाव मायावती सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले से जीती थी। 2007 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी की अप्रत्याशित जीत ने राजनीतिक इतिहास रच दिया। 2007 में मायावती ने सामाजिक समीकरण साधकर 403 सीटों में से 206 सीटों पर कब्जा जमाया और कुल 30.43 प्रतिशत वोट हासिल किए। बसपा सुप्रीमो की यह जीत दलितों के परंपरागत वोट बैंक के अलावा ब्राह्मणों और कुछ गैर-यादव पिछड़ी जातियों तथा मुस्लिम मतदाताओं के समर्थन से संभव हुई थी। यह और बात है कि इसके बाद मायावती का यह फार्मूला दोबारा परवान नहीं चढ़ पाया।

बहरहाल, अबकी करीब 20 सालों के बाद एक बार फिर 2027 के विधानसभा चुनाव के लिये बसपा के पक्ष में दलितों के साथ ब्राह्मणों एवं मुसलमानों के वोटों की गोलबंदी देखी जा रही है। ब्राह्मणों और मुसलमानों के एक बार फिर बसपा की तरफ रुख करने की वजह में जाया जाए तो ऐसा लगता है कि योगी राज में ब्राह्मणों को लग रहा है कि उनके साथ यह सरकार नाइंसाफी कर रही है। नौकरशाही से लेकर सरकार तक में महत्वपूर्ण पदों से ब्राह्मणों को दूर रखा गया है। यही वजह है कि पिछले कुछ समय में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में ब्राह्मण नेताओं का प्रवेश अधिक देखा गया है।जनवरी 2026 में अंबेडकर नगर से भाजपा के दिग्गज नेता राधेश्याम पांडे 51-100 ब्राह्मण समर्थकों के साथ बसपा में शामिल हुए। उन्होंने मायावती से मुलाकात कर पार्टी जॉइन की। दिसंबर 2025 में ब्राह्मण समाज के बड़े नेता जैसे जितेंद्र मिश्रा, दीपक द्विवेदी, नीरज पांडे, विशाल मिश्रा, वैभव दुबे, अनुराग शुक्ला, मोहित शर्मा भाजपा से बसपा में शामिल हुए। यह 2027 चुनाव से पहले भाजपा को झटका था। जनवरी 2026 में एक अन्य बड़े ब्राह्मण नेता ने मायावती से मुलाकात कर बसपा जॉइन की।

वहीं मुसलमान इसलिये बसपा की तरफ फिर से मुड़ता दिख रहा है क्योंकि उसे लगने लगा है कि समाजवादी पार्टी मुसलमानों से वोट तो लेती है, लेकिन उनका (मुसलमानों का) हक उन्हें नहीं दिया जाता है। इसी तरह से मुसीबत के समय भी अखिलेश मुसलमानों से दूरी बना लेते हैं। पार्टी के दिग्गज नेता आजम खान को अकेला छोड़ देना इसकी सबसे बड़ी मिसाल बताते हैं। बाहुबली अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी की भी मौत के लिये मुस्लिम समाज कहीं न कहीं अखिलेश यादव को जिम्मेदार मानते हैं। उन्हें लगता है कि विधानसभा सत्र के दौरान अखिलेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अतीक और मुख्तार को लेकर उकसाया नहीं होता तो आज वह



जिंदा होते।दलित वोटरों ने बसपा को पूर्ण समर्थन दिया। जाटव समुदाय के 86 प्रतिशत मतदाताओं ने मायावती को चुना, जबकि वाल्मीकि जाति के 71 प्रतिशत ने पार्टी को तरजीह दी। पासी समुदाय से 53 प्रतिशत और अन्य अनुसूचित जातियों से 58 प्रतिशत वोट बसपा के खाते में आए। इन दलित उपजातियों की मजबूत पकड़ ने पार्टी को आधार प्रदान किया, क्योंकि दलित उत्तर प्रदेश की आबादी में करीब 21 प्रतिशत हैं। ऊपरी जातियों में ब्राह्मणों का 16 प्रतिशत समर्थन मिला, जो निर्णायक साबित हुआ। बसपा ने 51 ब्राह्मण उम्मीदवार उतारे, जिनमें से 20 जीते, लेकिन यह जीत मुख्यतः निचली जातियों के वोटों से आई। ठाकुरों और अन्य ऊपरी जातियों ने भी सीमित लेकिन महत्वपूर्ण योगदान दिया।

पिछड़ी जातियों ने भी बसपा की ओर रुख किया। गैर-यादव और गैर-कुर्मी अन्य पिछड़ा वर्ग के 30 प्रतिशत मतदाताओं ने पार्टी चुनी। कुल पिछड़ा वर्ग के कई खंडों से वोट उमड़े, जिसने सामाजिक समीकरण को मजबूत बनाया। बसपा ने 110 पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार मैदान में उतारे। यह समर्थन समाजवादी पार्टी और अन्य दलों से छिटके वोटरों का परिणाम था, जो विकास और सुशासन के वादों से प्रभावित हुए।मुस्लिम मतदाताओं का योगदान सबसे चमत्कारिक रहा। 2007 में बसपा को कुल वोटों में मुस्लिम वोट 10 प्रतिशत से अधिक थे। एक सर्वे के अनुसार 17 प्रतिशत मुस्लिमों ने पार्टी को समर्थन दिया। पार्टी ने 61 मुस्लिम उम्मीदवार उतारे, जिनमें से 29 विधायक बने। उत्तर प्रदेश में मुस्लिम आबादी 19 प्रतिशत होने के बावजूद यह समर्थन बहुमत के लिए जरूरी साबित हुआ। समाजवादी पार्टी से नाराज मुस्लिमों ने बसपा को मौका दिया, क्योंकि मायावती ने अल्पसंख्यक कल्याण के वादे किए।


मायावती की रणनीति ने जातिगत बंधनों को तोड़ा। दलित-ब्राह्मण गठजोड़ की बात भले ही प्रचारित हुई, लेकिन वास्तव में जाटव, वाल्मीकि, पासी जैसे दलितों के साथ अन्य अनुसूचित जातियां, पिछड़े वर्ग के 30 प्रतिशत, ब्राह्मणों के 16 प्रतिशत और मुस्लिमों के 17 प्रतिशत वोटों ने चमत्कार रचा। बसपा का वोट प्रतिशत 2002 के 23 से बढ़कर 30 हो गया। पार्टी ने प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलनों से ऊपरी जातियों को लुभाया, जबकि मुस्लिम बहुल सीटों पर मजबूत प्रदर्शन किया। यह जीत सामाजिक न्याय की मिसाल बनी।मायावती ने सत्ता में आकर अपराध पर अंकुश लगाया और विकास कार्य तेज किए। लेकिन जातिगत समीकरण की बारीकी ने राजनीति को नया आयाम दिया। दलितों का कोर वोट 80-86 प्रतिशत तक रहा, ऊपरी जातियों से 16-20 उम्मीदवार जीते, पिछड़ों से 30 प्रतिशत समर्थन और मुस्लिमों के 17 प्रतिशत ने पूर्ण बहुमत सुनिश्चित किया।

बसपा सुप्रीमो मायावती किस तरह से पंडित कार्ड खेल रही हैं, इसका ताजा उदाहरण यह बताता है कि उनका ब्राह्मणों के प्रति झुकाव बढ़ता जा रहा है। मायावती ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नये नियमों को लेकर सवर्णों, विशेषकर ब्राह्मणों की नाराजगी के बाद से चल रही राजनीति पर और इसके बाद बॉलीवुड फिल्म 'घूसखोर पंडित' के खिलाफ ब्राह्मणों के पक्ष में बयान देने में देरी नहीं की।इससे पहले यूजीसी के नये नियम पर संयमित प्रतिक्रिया देते हुए मायावती ने कहा था कि इस नये कानून से किसी को बिना वजह प्रताड़ित नहीं किया जाये। देश भर में 'घूसखोर पंडित' फिल्म के विरोध के बीच बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर ब्राह्मण कार्ड खेल दिया है। वहीं यूजीसी प्रकरण में असहज हुई भाजपा भी अब फिल्म के मुद्दे पर ब्राह्मणों को साधने की कोशिश में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिल्म पर एफआईआर के निर्देश देकर इस वर्ग के साथ का संदेश दिया।

बसपा प्रमुख ने इस मामले में शुक्रवार 06 फरवरी को एक्स पर लिखा, 'यह बड़े दुख व चिंता की बात है कि पिछले कुछ समय से अकेले यूपी में ही नहीं, बल्कि अब तो फिल्मों में भी 'पंडित' को घुसपैठिया बताकर पूरे देश में जो इनका अपमान व अनादर किया जा रहा है, जिससे समूचे ब्राह्मण समाज में इस समय जबरदस्त रोष व्याप्त है। इसकी हमारी पार्टी भी कड़े शब्दों में निंदा करती है। इस जातिसूचक फिल्म पर केंद्र सरकार को तुरंत प्रतिबंध लगाना चाहिए, यह बसपा की मांग है।'वर्ष 2007 में बसपा ने ब्राह्मणों के साथ सोशल इंजीनियरिंग का दांव चला था और बहुमत की सरकार बनाई थी। इस बार भी बसपा उसी फार्मूले पर चुनावी तैयारी में जुटी है और पार्टी प्रमुख के एक्स पोस्ट को उसी रणनीति को आगे बढ़ाने का संकेत माना जा रहा है।

-वरिष्ठ पत्रकार

## वर्ग पहेली नं. 3346



*बायें से दायें:-* 2) प्रतिष्ठा; ऊँचाई, 4) आगतस्वागत, 8) पाँच सौ तावबाली कागज़ की गड्डी, 9) काटोंवाला एक पशु, 10) पैना किनारा, 11) माँग, 12) दूसरा, 14) विधि 15) व्यर्थ, 16) टाट की थैली, 17) तपस्या, 20) ताज़ा, 22) नीरोग, 24) तुरंत, 25) पृथ्वी, 27) इच्छा, 30) संतोष की बात, 33) बिल्कुल अलग, 34) भाग्य.

*ऊपर से नीचे:-* 1) शत प्रतिशत, 2) निकटतम, 3) श्वास, 4) पूर्वलक्षण, 5) निश्चित रूप से पूर्वोक्त, 6) एक चौपाया, 7) समर्थक, 12) हैसियत, 13) पूरा; स्वच्छ, 18) औंधा, 19) दुआ, 21) मित्र, 23) पुल्लिंगीय सजीव, 26) समुद्र, 28) प्रकट, 29) इसलिए कि, 31) राय, 32) इस के आगे नहीं.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | क | स | र | ■ | के | व | ल | ■ | खि |
| प्र | ■ | म | ज | बू | र | ■ | त | स | ल्ली |
| ति | मि | र | ■ | झ | ल | क | ■ | ट | ■ |
| ष्ठा | ■ | भू | ल | ना | ■ | म | हा | र | त |
| ■ | भू | मि | ■ | ■ | प | ल | ■ | फ | ■ |
| ■ | ल | ■ | आ | गा | ह | ■ | अ | ट | का |
| क | चू | म | र | ■ | ल | गा | ता | र | ■ |
| चौ | क | ■ | पा | ■ | वा | ■ | प | ■ | चं |
| ड़ी | ■ | ग | र | द | न | ■ | ता | दा | द |

## सुडोकू-पहेली-3304

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | | | | | | |
| | | 5 | 2 | | | 1 | 6 | |
| | | 2 | 6 | | | | | |
| 9 | | | | 8 | | 7 | | 3 |
| | | | 7 | | 5 | | 9 | |
| 3 | | | | | | | 4 | |
| | 1 | | 4 | | | | | |
| | | | | | | 9 | | 8 |
| | 8 | | | | | | 7 | 2 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3303 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 4 | 5 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 |
| 1 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 9 | 6 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 7 | 6 | 1 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 5 | 8 | 3 | 1 | 7 |
| 8 | 5 | 3 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 4 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 2 |
| 2 | 8 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 1 |
| 4 | 7 | 9 | 8 | 1 | 2 | 5 | 3 | 6 |

# रेल परियोजनाओं को पूरा करने में बंगाल सरकार सहयोग करे : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली/कोलकाता :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को राज्य सरकार से भूमि उपलब्ध कराने सहित राज्य में रेलवे परियोजनाओं को पूरा करने के लिए केंद्र सरकार के साथ सहयोग करने का अनुरोध किया। वैष्णव ने बीरभूम के सिउड़ी और पश्चिम बर्दवान जिले के कुमारपुर में दो सड़क ओवरब्रिज का ऑनलाइन उद्घाटन करने और आसनसोल और झारखंड के बोकारो के बीच एमईएमयू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाने के बाद यह टिप्पणी की। रेलमंत्री ने कहा कि राज्य के विकास के लिए 'धन की कोई कमी नहीं होगी'। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का सहयोग राज्य में चल रही विभिन्न रेलवे परियोजनाओं को पूरा करने में सहायक होगा। रेल मंत्री ने कोलकाता मेट्रो के न्यू गड़िया-




हवाई अड्डा खंड के लिए चिंगरीघाटा क्रॉसिंग पर 366 मीटर लंबे वायडक्ट के निर्माण को लेकर एक साल से अधिक समय से चल रहे विवाद की ओर इशारा किया, जो शहर के आईटी हब, सॉल्ट लेक सेक्टर-5 से होकर गुजरता है। वैष्णव ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश और मेट्रो अधिकारियों द्वारा वैकल्पिक सड़क का निर्माण किए जाने के बावजूद, राज्य सरकार निर्माण कार्य की अनुमति नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि इस देरी से पश्चिम बंगाल के लोग प्रभावित हो रहे हैं। रेलमंत्री ने कहा कि मैं राज्य के विकास के लिए राज्य सरकार से हाथ जोड़कर सहयोग करने का अनुरोध करता हूं। उन्होंने कहा कि राज्य में कई रेलवे परियोजनाएं भूमि की अनुपलब्धता और स्थानीय अधिकारियों से आवश्यक अनुमतियां न मिलने के कारण ठप पड़ी हैं। वैष्णव ने कहा कि पश्चिम बंगाल को वित्त वर्ष 2026-27 के वार्षिक बजट में रेलवे अवसंरचना और सुरक्षा परियोजनाओं के लिए 14,205 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में पटरी बिछाने, स्टेशन पुनर्विकास और सुरक्षा सुधार सहित कुल 92,974 करोड़ रुपये के कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बार-बार रेखांकित किया है कि देश के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्वोदय (पूर्वी) राज्यों की प्रगति महत्वपूर्ण है। रेलमंत्री ने कहा कि देश की सबसे पुरानी कोलकाता मेट्रो सेवा शुरू करने के 40 वर्षों के बाद भी केवल 28 किलोमीटर लंबी पटरियां ही बिछ पाई हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, नरेन्द्र मोदी सरकार के कार्यकाल में मात्र 11 वर्षों में 45 किलोमीटर पटरी जोड़ी गई। वैष्णव ने कहा कि उत्तर बंगाल के 'चिकन नेक' गलियारे में एक भूमिगत रेल मार्ग का निर्माण किया जाएगा, ''ताकि रणनीतिक समय के दौरान सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित किया जा सके। रेल मंत्री ने कहा कि पूर्वी मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम को देश के बाकी हिस्से से जोड़ने वाली प्रस्तावित रेलवे लाइन के काम के लिए राज्य प्रशासन के सहयोग की जरूरत है जो अब तक नहीं मिला है।

# अप्रैल में विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में भाजपा की बनेगी सरकार : शुभेंदु अधिकारी

**बीरभूम :** भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को दावा किया कि पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों में दो-तिहाई बहुमत हासिल करेगी और अप्रैल तक सरकार बनाएगी जिससे ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस का 15 साल का शासन समाप्त हो जाएगा। इस दिन, बीरभूम जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि मतदाताओं ने अपना मन बना लिया है और जोर देकर कहा कि तृणमूल कांग्रेस को उत्तर और दक्षिण बंगाल दोनों में निर्णायक हार का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ पार्टी अब मतदाताओं को आतंकित नहीं कर पाएगी या प्रॉक्सी वोटिंग का सहारा नहीं ले पाएगी क्योंकि मतदाता सूचियों के



विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद फर्जी मतदाताओं के नाम हटा दिए जाने से ऐसी प्रथाओं पर अंकुश लग गया है। विपक्ष के नेता ने कहा कि हालात साफ हैं। हम 2026 के विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से जीत हासिल करेंगे और अप्रैल तक सरकार बनाएंगे। मई में हम हर महिला के लिए 3,000 रुपये मासिक अनुदान की घोषणा करेंगे। मैं आपको वचन दे रहा हूं।

## राज्य के कई हिस्सों में अगले तीन दिन सामान्य से नीचे जा सकता है तापमान

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के कुछ हिस्सों में अगले तीन दिन तापमान सामान्य से नीचे बना रह सकता है और इसके बाद इसमें लगभग दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने का अनुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने रविवार को यह जानकारी दी। आईएमडी के अनुसार, अगले सात दिन तक राज्य में शुष्क मौसम बने रहने के कारण उप-हिमालयी जिलों के ज्यादातर हिस्सों में सुबह के समय हल्का से मध्यम कोहरा छाया रह सकता है। मौसम विभाग ने बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई इलाकों में न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे दर्ज किया गया।

# 'तुरंत कराएं घरेलू कर्मचारियों का सत्यापन', कोलकाता में चोरी के बढ़ते मामले पर पुलिस की अपील

**कोलकाता, समाज्ञा :** चोरी के बढ़ते मामलों के बीच कोलकाता पुलिस ने अपने डिजिटल पंजीकरण प्रणाली के जरिए घरेलू सहायकों का अनिवार्य सत्यापन कराने की सिफारिश की है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि यह कदम पिछले कुछ महीनों में चोरी के लगभग एक-तिहाई मामलों में घरेलू सहायकों और देखभाल करने वालों की संलिप्तता सामने आने के बाद उठाया गया है। अधिकारी ने कोलकाता पुलिस द्वारा संकलित आंकड़ों का हवाला दिया जिसमें यह बात सामने आयी कि दिसंबर 2025 और जनवरी 2026 के बीच दर्ज चोरी के 104 मामलों में से 32 में



घरेलू सहायक या देखभाल करने वाले शामिल थे। उन्होंने कहा कि यह कुल मामलों का लगभग 31 प्रतिशत था। अधिकारी ने कहा कि खुफिया विभाग के आंकड़े आंतरिक रूप से कर्मियों के बीच साझा किए गए थे, मीडिया के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि हाल की सबसे गंभीर घटनाओं में से एक में बेहाला में एक महिला वरिष्ठ नागरिक की उसकी पूर्व में देखभाल करने वाले ने कथित तौर पर हत्या कर दी। अधिकारी ने कहा कि अनुपालन को प्रोत्साहित करने के लिए पुलिस थाना क्षेत्रों में जागरूकता अभियान को मजबूत किया जा रहा है, खासकर अपार्टमेंट परिसरों और उन जगहों पर जहां अकेले रहने वाले बुजुर्ग नागरिकों की संख्या अधिक है। उन्होंने कहा कि घरेलू कामगारों का समय पर सत्यापन और दस्तावेजीकरण भी एहतियाती कदम के रूप में कार्य कर सकता है और घरों में चोरी और अन्य अपराधों की आशंका को काफी कम कर सकता है।

# अवैध निर्माण का विरोध कर रहे वृद्ध की तृणमूल पार्षद की पिटाई से मौत, गिरफ्तार

## पार्टी ने आरोपी पार्षद को छह साल के लिए किया निलंबित

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले में अवैध निर्माण के विरोध में प्रदर्शन कर रहे एक बुजुर्ग व्यक्ति की तृणमूल कांग्रेस पार्षद द्वारा कथित तौर पर मारपीट किए जाने के बाद मौत हो गई। परिवार ने रविवार को पुलिस को दी गई शिकायत में यह आरोप लगाया। पुलिस ने बताया कि उसने अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया है और उत्तर बैरकपुर नगरपालिका के वार्ड 23 के टीएमसी पार्षद रबींद्र नाथ भट्टाचार्य को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान तुलसी अधिकारी (83) के रूप में हुई है, जो कई दिनों से अपने घर के सामने हो रहे कथित अवैध निर्माण का विरोध कर रहे थे। पुलिस शिकायत में उनके परिवार ने आरोप लगाया है कि शनिवार को भट्टाचार्य मौके पर पहुंचे और तुलसी के साथ उनकी तीखी बहस हुई। पुलिस शिकायत के मुताबिक, भट्टाचार्य ने कथित तौर पर तुलसी और उनके बेटे हेमंत पर हमला किया। परिवार का दावा है कि भट्टाचार्य ने तुलसी को बार-बार मुक्के मारे, थप्पड़ मारे और लातें मारीं, जिसके बाद वह गिर गये, उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। टीएमसी नेता ने आरोपों से इनकार करते हुए इन्हें ''बेबुनियाद और राजनीतिक मकसद से प्रेरित'' बताया। भट्टाचार्य ने दावा किया कि मैंने किसी पर हमला नहीं किया। मुझे राजनीतिक कारणों से बदनाम किया जा रहा है। कोई भी मौत दुखद होती है, लेकिन मैंने उनके साथ मारपीट नहीं की। बल्कि, उन्होंने मुझ पर हमला किया। मृत व्यक्ति के बेटे ने मेरा गला पकड़ लिया था और मुझे धक्का दिया था। सीसीटीवी फुटेज से इसकी पुष्टि हो जाएगी। पुलिस ने कहा कि उसने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है, जिससे मौत के कारण का पता चलेगा। स्थानीय लोगों ने भट्टाचार्य के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। पूर्व सांसद अर्जुन सिंह ने दावा किया कि आरोपी इलाके में अवैध निर्माण गतिविधियों में शामिल है। टीएमसी सांसद पार्थ भौमिक ने कहा कि पार्टी पार्षद के कृत्य की निंदा करती है और इस अपराध के लिए पुलिस-प्रशासन उसके खिलाफ जो भी कार्रवाई करेगा, पार्टी उसका समर्थन करेगी।

# पार्टी भांगड़ सीट हार जाएगी तो यहां कल्याणकारी योजनाएं बंद की जा सकती हैं : शौकत मोल्ला

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के विधायक शौकत मोल्ला की इस टिप्पणी को लेकर रविवार को राज्य में राजनीतिक तूफान खड़ा हो गया कि अगर राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी दक्षिण 24 परगना जिले के भांगड़ विधानसभा क्षेत्र में चुनाव जीतने में विफल रहती है, तो वहां महिलाओं के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण 'लक्ष्मी भंडार' सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को बंद किया जा सकता है। भांगड़ क्षेत्र के प्रांगण में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोल्ला ने कहा कि अगर तृणमूल कांग्रेस यह विधानसभा सीट जीतने में विफल रहती है, तो क्षेत्र में सरकारी योजनाओं को कैसे लागू किया जा पाएगा। उन्होंने कहा कि अगर तृणमूल कांग्रेस यह सीट नहीं जीतती है और विपक्ष इसे बरकरार



रखता है तो क्या होगा? विपक्ष के असहयोग के कारण हमारी तमाम कोशिशों के बावजूद 'लक्ष्मी भंडार' योजना का लाभ लाभार्थियों तक नहीं पहुंच पाएगा। मोल्ला ने दावा किया कि भांगड़ के तीन इलाकों - चालताबेरिया, शानपुकुर और पोलरहाट-1 - में, जहां आईएसएफ को तृणमूल पर बढ़त हासिल थी, सरकारी आवास योजनाओं के लिए आवंटित धनराशि का उचित उपयोग नहीं किया गया था, जिससे परियोजनाओं का क्रियान्वयन रुक गया था।

## नरेंद्रपुर में नाबालिग से यौन उत्पीड़न के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के नरेंद्रपुर में पुलिस ने एक आदमी को शादी का वादा करके एक नाबालिग लड़की से कई दिनों तक यौन उत्पीड़न करने और फिर उसे धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि आकाश हल्दर नाम के इस आदमी को शनिवार की रात नाबालिग के परिवार की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी नरेंद्रपुर थाना इलाके का रहने वाला है। शिकायत के अनुसार, लड़की के परिवार ने आरोप लगाया कि उस आदमी ने उनकी बेटी से शादी करने का वादा किया था और कई बार उसका यौन उत्पीड़न किया। परिवार ने यह भी आरोप लगाया कि अगर लड़की ने यह बात किसी को बताई तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई थी। हालांकि, जब लड़की धमकियों को बर्दाश्त नहीं कर पाई, तो उसने पूरी बात अपने परिवार को बता दी। मामले की जानकारी मिलने पर परिवार वालों ने शनिवार को नरेंद्रपुर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। शुरुआती जांच के बाद आरोपी को रात में गिरफ्तार कर लिया गया। उसे रविवार को बारुईपुर कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने कहा कि घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है, और नाबालिग को न्याय दिलाने के लिए ज़रूरी कानूनी कदम उठाए जा रहे हैं।

# विधानसभा चुनाव से पहले राज्यसभा की पांच सीटों के लिए तृणमूल-भाजपा ने कसी कमर

**☛ तृणमूल चार, भाजपा एक सीट जीत तय**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में 17वीं विधानसभा का अंतिम बजट सत्र शनिवार को समाप्त हो गया, लेकिन राजनीतिक हलकों में व्यस्तता कम नहीं हुई है। एक ओर जहां अगले एक महीने के भीतर विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा को लेकर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के विधायक अपने-अपने क्षेत्रों में जनसंपर्क में जुट गए हैं, वहीं दूसरी ओर राज्यसभा चुनाव को लेकर भी दोनों दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। अप्रैल 2026 में राज्यसभा की कुल 37 सीटों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, जिनमें बंगाल की पांच सीटें शामिल हैं। इन सीटों पर चुनाव विधानसभा के विधायकों के मतदान से होगा। जिन सांसदों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, उनमें तृणमूल के प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी, साकेत गोखले और ऋतब्रत बनर्जी शामिल हैं। इसके अलावा, माकपा नेता व वरिष्ठ अधिवक्ता और कोलकाता के पूर्व मेयर विकास रंजन भट्टाचार्य का कार्यकाल भी इसी अवधि में खत्म हो रहा है। वहीं, मौसम बेनजीर नूर के इस्तीफे के बाद एक सीट पहले से ही रिक्त है। विधानसभा में मौजूदा संख्या बल को देखते हुए इन पांच सीटों में से चार पर तृणमूल और एक पर भाजपा की जीत लगभग तय मानी जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए दोनों दलों ने अपने विधायकों को सूचित कर दिया है कि चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही उनसे संपर्क किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, तृणमूल अपने चार प्रत्याशियों के लिए 200 से अधिक विधायकों को नामांकन प्रक्रिया में शामिल कर सकती है, जबकि भाजपा भी अपने 65 विधायकों के जरिए एक सीट के लिए कई नामांकन दाखिल करने की रणनीति पर काम कर रही है। विधानसभा सचिवालय का मानना है कि अधिसूचना जारी होते ही प्रक्रिया तेज हो जाएगी और चूंकि संख्या बल स्पष्ट है, इसलिए इस चुनाव में मतदान की नौबत नहीं आएगी। स्क्रूटनी के बाद प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए जाने की पूरी संभावना है। माना जा रहा है कि नामांकन और स्क्रूटनी की प्रक्रिया पूरी होते ही प्रत्याशियों को जीत का प्रमाणपत्र सौंप दिया जाएगा।

**NAME CHANGE**

I, Manjunath I Tatagar, S/O Irappa Tatagar and father of Gokul (minor son 08 year) date of birth 20/05/1993, Resident at Vill. / P.O- Yakkundi, Tehsil- Babaleshwar, Dist.- Vijayapur, State- Karnataka, India, Pin- 586113, do hereby declare that have change the name of my minor son Gokul to Gokul Manjunath Tatagar Vide affidavit No.-17665 before the Judicial Magistrate 1st Class Alipore Govt. of india, Dated 03/02/2026.

**चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना**

**खुली ई-निविदा**

निम्नलिखित **ई-निविदाएँ** लिंक **www.ireps.gov.in** के अधीन प्राप्त की जा सकती हैं। ऐसी **ई-निविदा** के लिए प्रस्ताव लिंक **www.ireps.gov.in →login→E-Tender Stores/Supply** एक्सेस करते हुए केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से जमा किया जा सकता है। किसी विशेष निविदा के बारे में कोई स्पष्टीकरण पाने के लिए या आईआरईपीएस संबंधित जानकारी, यदि कोई है, के लिए विक्रेतागण निम्नलिखित अधिकारियों से भी संपर्क कर सकते हैं: उप सीएमएम/मुख्यालय/सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन, 9163340711 या एएमएम/एम, 9163340706। **कार्यालय का पता:** पीसीएमएम/चिरेका/चित्तरंजन का कार्यालय। **[क] सं. सीओएस/सीआरजे/पीयूबी/ई-निविदा/19/0162, दिनांक: 02/02/2026 । क्रम सं.:[1]। निविदा सं.: 73261041 । सामग्री का संक्षिप्त विवरण:** डब्ल्यूएजी-9एचसी लोकोमोटिव के लिए "आरडीएसओ ड्रॉ. नं.- एसके.डीएल-4809, ऑल्ट-शून्य या नवीनतम आइटम सं. 1 से 8, 12 से 14, 35 से 40 और 42, आइटम सं. 9 से 11, 15 से 34, 41, 43 से 45 छोड़कर, के अनुसार व्यवस्थित स्थिति में टॉप संचालन के लिए टॉप लिफ्टिंग हुक, टॉप लिफ्टिंग असेंबली और लिंक के साथ परंतु हाई कैपासिटी ड्राफ्ट गियर, स्ट्राइकर ब्लॉक एवं सस्पेंशन हुक (टीआर स्क्रू कपलिंग के लिए) के बिना हाई टेंसाइल ट्रांजिशन सीबी कपलर (टॉप संचालित)" । **[वारंटी की अवधि:** डिलीवरी की तिथि के बाद 30 माह]। **मात्रा: 550.00 अदद। बयाना राशि जमा (रुपये): ₹1083830.00। निविदा की अंतिम तिथि और समय (आईएसटी): 23/02/2026 को सुबह 11.00 बजे। [ख] सं. सीओएस/सीआरजे/पीयूबी/ई-निविदा/19/0162 दिनांक: 06/02/2026 । क्रम सं.:[1]। निविदा सं.: 75263842 । सामग्री का संक्षिप्त विवरण:** ड्रॉ. नं. 1211-01.131-001 ऑल्ट.-4 के अनुसार थ्री फेज लोकोमोटिव के लिए 3डी एडजस्टेबल 360 डिग्री रोटेशनल मॉडिफाइड ड्राइवर सीट । **[वारंटी की अवधि:** डिलीवरी की तिथि के बाद 30 माह]। **मात्रा: 775.00 अदद। बयाना राशि जमा (रुपये): ₹768160.00। निविदा की अंतिम तिथि और समय (आईएसटी): 27/02/2026 को सुबह 11.00 बजे।**

PR6/294 पीसीएमएम/सीएलडब्ल्यू/चित्तरंजन

हमें यहां देखें: www.facebook.com/clwrailways

# एसआईआर मामले में ममता की व्यक्तिगत उपस्थिति के खिलाफ शीर्ष अदालत में आवेदन दायर

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले में उच्चतम न्यायालय में व्यक्तिगत उपस्थिति को 'संवैधानिक रूप से अनुचित' और 'कानूनी रूप से अस्वीकार्य' बताते हुए शीर्ष अदालत में एक आवेदन दायर किया गया है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ सोमवार को राज्य में जारी एसआईआर कवायद से संबंधित याचिकाओं के एक समूह पर सुनवाई करेगी, जिसमें ममता द्वारा दायर याचिका भी शामिल है। अखिल भारत हिंदू महासभा के पूर्व उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल द्वारा दायर आवेदन में ममता द्वारा दायर याचिका में हस्तक्षेप करने की मांग की गई है।

# एसआईआर के लिए 'ग्रुप-बी' के 8,505 अधिकारियों को उपलब्ध कराने को तैयार, बंगाल ने निर्वाचन आयोग से कहा

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** बंगाल सरकार ने निर्वाचन आयोग को सूचित किया है कि वह राज्य में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के लिए राज्य या उसके संस्थानों के 'ग्रुप बी' श्रेणी के 8,505 अधिकारियों को उपलब्ध कराने के लिए तैयार है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह बात इसलिए महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि निर्वाचन आयोग की ओर से पेश हुए वकील ने चार फरवरी को उच्चतम न्यायालय में दलील दी थी कि पश्चिम बंगाल सरकार ने एसआईआर प्रक्रिया की देखरेख के लिए 'ग्रेड 2' के केवल 80 अधिकारियों की सेवाएं प्रदान की थीं। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार ने निर्वाचन आयोग को सूचित किया है कि वह एसआईआर के लिए राज्य या उसके संस्थानों के 8,505 'ग्रुप बी' अधिकारियों को उपलब्ध कराने के लिए तैयार और इच्छुक है।

# सरकारी कर्मियों ने बकाया डीए तत्काल जारी करने की मांग पर निकाली रैली

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल सरकार के कर्मचारियों के संयुक्त मंच के सदस्यों ने रविवार को कोलकाता की सड़कों पर उतरकर ममता बनर्जी सरकार पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार लंबित 25 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डीए) जारी करने का दबाव बनाया। प्रदर्शनकारियों ने मध्य कोलकाता के सुबोध मल्लिक चौक से रानी राशमोनी रोड तक जुलूस निकाला। भाजपा सांसद सौमित्र खां भी कर्मचारियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए जुलूस में शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बावजूद, राज्य सरकार लंबित महंगाई भत्ता (डीए) का भुगतान करने में आनाकानी कर रही है। मंच के सदस्यों ने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी



डीए के संबंध में अभी तक कोई घोषणा नहीं की गई है। सरकारी कर्मचारी एक बार फिर सड़कों पर उतर आए हैं ताकि सरकार इस आदेश के खिलाफ पुनर्विचार याचिका दायर न करे। संयुक्त मंच के संयोजक भास्कर घोष ने कहा कि सरकार को अब अदालत के आदेश का पालन करना चाहिए। यह महंगाई भत्ता सिर्फ कर्मचारियों को ही नहीं मिलेगा, बल्कि बाजार में भी इसका प्रचलन होगा। इसके साथ ही, श्रम का मूल्य भी बढ़ेगा। राज्य सरकार द्वारा लंबित महंगाई भत्ता का भुगतान न करने के बाद यह पूरा चक्र टूट गया है।

## हाई कोर्ट ने विवाह का झूठा वादा कर दुष्कर्म मामले में दोषसिद्धि को बरकरार रखा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने विवाह का झूठा वादा कर दुष्कर्म के मामले में दोषी एक व्यक्ति की अपील को खारिज कर दिया और कहा कि इसे सहमति नहीं माना जा सकता तथा उसे अपने गलत कामों के परिणामों का सामना करना होगा। इस संबंध में एक जनवरी 2006 को दर्ज मामले पर मुर्शिदाबाद जिले की कंडी सत्र अदालत ने 2014 में भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत दुष्कर्म के आरोपी को दोषी ठहराते हुए सात साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई थी। उच्च न्यायालय ने कहा कि आरोपी का इरादा शुरू से ही ठीक नहीं था, और लड़की आरोपी के इरादे को भांप नहीं सकी, क्योंकि आरोपी ने उसे संतान के बदले शादी का वादा करके उसे पूरी तरह से गुमराह कर दिया था।



बड़वान थाने में दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक, शादीशुदा आरोपी ने शिकायतकर्ता से शादी करने से इनकार कर दिया जबकि पीड़िता उसके बच्चे की मां बनने वाली थी। हाल ही में, एक फैसले में न्यायमूर्ति चैताली चटर्जी ने दोषी व्यक्ति की अपील को यह मानते हुए खारिज कर दिया कि इसमें कोई दम नहीं है। न्यायमूर्ति चटर्जी ने कहा कि अपीलकर्ता को शुरू से ही दुर्भावना-पूर्ण इरादे से युवती के साथ किए गए जघन्य अपराध के लिए अपने गलत कामों के परिणामों का सामना करना होगा।

# पाटुली में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने पाटुली इलाके में एक नाबालिग लड़की के सामूहिक दुष्कर्म के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, नाबालिग लड़की को कथित तौर पर सरस्वती पूजा की पूर्व संध्या (22 जनवरी) पर घूमने जाने के बहाने दक्षिण कोलकाता के पाटुली थाना इलाके में एक सुनसान कमरे में ले जाया गया और फिर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। घटना के बाद पीड़िता के परिवार ने पाटुली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की। आरोपी घटना के बाद से फरार थे, और शनिवार को पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के नाम आकाश हल्दर और प्रदीप मंडल है। गिरफ्तार लोगों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, यौन उत्पीड़न और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) एक्ट के तहत मामले पहले ही दर्ज किए जा चुके हैं। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों लोगों से पूछताछ भी शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि हाल ही में सरस्वती पूजा से एक शाम पहले, दोनों लोग नाबालिग लड़की को इलाके के एक सुनसान कमरे में ले गए। आरोप है कि शराब पीने के बाद आरोपियों ने नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके अलावा, उन्होंने कथित तौर पर उसे घटना के बारे में किसी को भी बताने से रोकने के लिए धमकी भी दी। पीड़िता इस घटना से बहुत डर गई थी। हालांकि, घर लौटने के बाद वह बीमार पड़ गई और एक दिन बाद उसने अपने परिवार को पूरी घटना बताई। इसके बाद, नाबालिग के परिवार ने पाटुली थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई, और पुलिस ने जांच शुरू की। हालांकि, घटना के तुरंत बाद दोनों आरोपी इलाके से फरार हो गए। पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया और आखिरकार उन्हें गिरफ्तार कर लिया। जांच अधिकारियों ने आगे कहा कि वे यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या इस अपराध में और भी लोग शामिल थे।

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ PROPERTY ▪ RECRUITMENT
▪ EDUCATION ▪ NAME CHANGE ▪ PUBLIC NOTICE
▪ OBITUARY ▪ REMEMBRANCE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# माध्यमिक परीक्षा में नकल के लिए एआई का इस्तेमाल, बोर्ड के लिए बना चिंता का विषय

### ❑ परीक्षा में मोबाइल पर एआई का उपयोग कर नकल करते पकड़े गए

**कोलकाता, समाज्ञा :** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की लगातार कोशिशों के बावजूद चल रही माध्यमिक परीक्षा 2026 में नकल की घटनाएं सामने आ रही हैं। राज्य भर के अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर शनिवार को भूगोल की परीक्षा दे रहे 12 परीक्षार्थियों को अपने मोबाइल फोन पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से चीटिंग करते हुए पकड़ा गया। दो फरवरी को



परीक्षा शुरू होने के बाद से बोर्ड इस नए ट्रेंड पर नजर रख रहा है। निरीक्षकों व बोर्ड अधिकारियों को शक था कि हर केंद्र पर कुछ छात्र मिलकर परीक्षा कक्ष के अंदर एक या दो मोबाइल फोन ला रहे हैं। वे चुपके से वॉशरूम या किसी दूसरी सुनसान जगह पर एआई का इस्तेमाल करके जवाब ढूंढते थे। शनिवार की घटना के बाद बोर्ड का मानना है कि यह ट्रेंड सिर्फ कुछ परीक्षार्थियों तक ही सीमित नहीं है। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष रामानुज गंगोपाध्याय ने कहा कि इस साल नकल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल साफ तौर पर दिख रहा है। ग्रुप में नकल करने का यह ट्रेंड बिल्कुल नया है। पता चला है कि कोलकाता, उत्तर 24 परगना, हुगली, पूर्व मेदिनीपुर, बांकुड़ा, कूचबिहार, बीरभूम और पश्चिम बर्दवान के परीक्षा केंद्रों पर एक दर्जन परीक्षार्थियों को मोबाइल फोन से नकल करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। कुछ ने अपने मोबाइल फोन वॉशरूम में छिपाए थे तो कुछ ने उन्हें अपने जूतों या अंडरवियर में छिपाया था।

**✒ कैसे ले रहे एआई की मदद?**

कुछ छात्र ने निरीक्षक को धोखा देने के लिए 'अभिनव' तरीके भी अपनाए। वे पिछले साल के प्रश्नपत्र अपने साथ लाए। मौका मिलते ही वे पुराना प्रश्नपत्र अपनी सीट पर छोड़ देते और नए पेपर के साथ वाशरूम चले जाते ताकि एआई की मदद से खास सवालों के जवाब ढूंढ सके। दक्षिण 24 परगना के माथुरपुर बीएसएस हाई स्कूल के एक गणित टीचर पर गंभीर आरोप लगा है। बोर्ड का दावा है कि शुक्रवार को इतिहास की परीक्षा के दौरान, शिक्षक जवाब लिख रहा था और परीक्षार्थी को बता रहा था। उसे इनविजिलेटर ने पकड़ लिया और अगर आरोप साबित होते हैं तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**✒ कितने छात्रों के पेपर हुए रद्द?**

खन्ना हाई स्कूल के कई छात्रों पर कोलकाता के मोमिन हाई स्कूल में उनके सेंटर पर तोड़फोड़ करने का आरोप लगा है। हालांकि, बोर्ड को इस घटना के बारे में अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं मिली है। इस बीच, हुगली के महेश्वर हाई स्कूल में शनिवार को एक कंपार्टमेंट परीक्षा के उम्मीदवार को पकड़ा गया, जिसे बांग्ला और गणित की परीक्षा देनी थी, लेकिन आरोप है कि वह अब तक सभी परीक्षा में बैठ रहा था। इस मामले में बोर्ड ने केंद्र अधीक्षक के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। उसी दिन, 55 छात्रों ने अस्पतालों से परीक्षा दी और बीमार पड़े दो छात्रों के लिए खास इंतजाम किए गए। बोर्ड ने मोबाइल फोन इस्तेमाल करने के लिए 31 छात्रों के पेपर रद्द कर दिए हैं।

## यात्री के ट्रेन के आगे कूदने के कारण कोलकाता मेट्रो सेवाएं बाधित हुईं




**कोलकाता, समाज्ञा :** रवींद्र सरोवर स्टेशन पर एक यात्री के ट्रेन के सामने कूदने के बाद रविवार को दक्षिणेश्वर और बिरजी के बीच स्थित ब्लू लाइन पर कोलकाता मेट्रो रेल सेवाएं लगभग 50 मिनट तक बाधित रहीं। एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। ट्रेन के आगे कूदने वाले अधेड़ उम्र के व्यक्ति को पास के अस्पताल ले जाया गया। मैदान और दक्षिणेश्वर स्टेशन के बीच फिलहाल सुबह 10:45 बजे से 11:33 बजे तक सीमित सेवाएं संचालित की जा रही थीं। प्रवक्ता ने बताया कि ब्लू लाइन के पूरे मार्ग पर 48 मिनट की देरी के बाद सुबह 11.33 बजे से सामान्य सेवाएं फिर से शुरू हो गईं।

# खामोश शुरुआत से स्वर्णिम अध्याय तक : पूर्वी भारत में रेलवे के आरंभ की कहानी

### हावड़ा से हुगली तक चली थी पहली ट्रेन

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** 15 अगस्त 1854 का दिन आम दिनों जैसा ही लग रहा था, लेकिन यही वह तारीख थी जो इतिहास में दर्ज होने जा रही थी। न कोई भव्य आयोजन, न भीड़ का शोर, हावड़ा स्टेशन से सुबह ठीक आठ बजकर 30 मिनट पर एक ब्रिटिश इंजन पांच डिब्बों को लेकर चुपचाप हुगली की ओर बढ़ चला। उस शांत प्रस्थान के साथ ही पूर्वी भारत में रेलवे युग का आरंभ हुआ और इंजीनियरिंग कौशल की एक ऐसी कहानी शुरू हुई, जिसने आने वाले समय की रफ्तार तय कर दी। लेकिन जिस ऐतिहासिक उपलब्धि को उस दौर की ईस्ट इंडियन रेलवे (ईआईआर) ने हासिल किया, और जिसका विशाल रेल नेटवर्क आगे चलकर 1860 के दशक तक दिल्ली पहुंचा, उसके पीछे कई दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं भी हैं। इन घटनाओं ने न केवल रेलवे के विस्तार की रफ्तार को धीमा किया, बल्कि देश के लोगों की चेतना में इसके प्रवेश में भी समय लगा। ईस्ट इंडियन रेलवे (ईआईआर) और उसे खड़ा करने वाली ईस्ट इंडियन रेलवे कंपनी की स्थापना से लेकर विकास तक की कहानी पर आधारित एक नयी किताब, 19वीं सदी के अनेक दस्तावेजों और विभिन्न अभिलेखागारों से जुटाए गए विवरणों के सहारे, इस रेलवे और इसे ईंट-दर-ईंट, लोहे-से-लोहे तक गढ़ने वाले लोगों की एक जीवंत दास्तान पेश करने का प्रयास करती है। 'रेल्स थ्रू राज: द ईस्ट इंडियन रेलवे (1841-1861)' के लेखक पी. के. मिश्रा



लिखते हैं, उद्घाटन यात्रा से पहले ही ईस्ट इंडियन रेलवे ने बंगाल में लोगों की जिज्ञासा जगा दी थी। 29 जून 1854 को हावड़ा से पांडुया तक परीक्षण के तौर पर केवल इंजन चलाया गया और इसके बाद छह जुलाई को उसी मार्ग पर इंजन के साथ एक डिब्बा जोड़कर प्रयोगात्मक यात्रा की गई। भारतीय रेल के वरिष्ठ अधिकारी और विरासत संरक्षण के प्रबल समर्थक पी. के. मिश्रा ने पीटीआई-भाषा को दिए एक साक्षात्कार में बताया कि भारत में 1853 में रेलवे के आगमन से पहले ही ईस्ट इंडियन रेलवे कंपनी की नींव पड़ चुकी थी। एक जून 1845 को लंदन में एक संयुक्त स्टॉक कंपनी के रूप में ईस्ट इंडियन रेलवे कंपनी की स्थापना हुई थी, जिसका कार्यालय कलकत्ता (अब कोलकाता) में था। हालांकि, लेखक लिखते हैं कि कंपनी की स्थापना से पहले औपनिवेशिक नौकरशाही की पहाड़ जैसी बाधाओं को हटाना पड़ा और भूमि अधिग्रहण में देरी तथा ढांचागत अड़चनों ने ईस्ट इंडियन रेलवे की रफ्तार धीमी कर दी। इसी का फायदा उठाते हुए ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे (जीआईपीआर) ने बढ़त बना ली और भारत की पहली रेलवे बनने का गौरव हासिल किया। भारत की पहली रेल यात्री सेवा 16 अप्रैल 1853 को शुरू हुई थी, जब ट्रेन बॉम्बे (अब मुंबई) से ठाणे तक चली। 'ईआईआर: द इनॉगरल जर्नी (1854)' शीर्षक अध्याय में मिश्रा लिखते हैं कि 1854 की शुरुआत तक कलकत्ता और हुगली के बीच रेल पटरियां बिछ चुकी थीं, लेकिन पूरी तरह तैयार होने के बावजूद निष्क्रिय पड़ी थीं। मिश्रा के अनुसार, इंजनों की पहली खेप इंग्लैंड से ऑस्ट्रेलिया होते हुए जहाज 'केजरी' के जरिए कलकत्ता पहुंची। उस समय हावड़ा में समुचित सुविधाएं नहीं थीं, ऐसे में इन विशाल लोहे के इंजनों को उतारना अपने आप में तात्कालिक जुगाड़ और इंजीनियरिंग कौशल की एक बड़ी जीत थी। ईस्ट इंडियन रेलवे के लिए उस दौर में घट रही इन नाटकीय घटनाओं के बीच कहानी ने एक दुखद मोड़ भी लिया। बंगाल की खाड़ी में आई एक भीषण आपदा ने हालात और गंभीर कर दिए। यही ईआईआर आज़ादी के बाद 1952 में स्थापित भारतीय सरकार के अधीन पूर्व रेलवे के रूप में विकसित हुई। आखिरकार वह निर्णायक पल आया। आज के भव्य स्टेशन भवन से बिल्कुल अलग, हावड़ा में बने एक साधारण से अस्थायी शेड से 15 अगस्त 1854 की सुबह ट्रेन रवाना हुई और लगभग 38 किलोमीटर का सफर तय करते हुए महज 91 मिनट में हुगली पहुंच गई। मिश्रा के अनुसार, इस पहली यात्रा के लिए करीब 3,000 आवेदन आए थे, जो ट्रेन की क्षमता से दस गुना अधिक थे। इसके बाद तीन फरवरी 1855 को हावड़ा-रानीगंज खंड का उद्घाटन पूरे ठाठ-बाट के साथ किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर तत्कालीन गवर्नर जनरल लॉर्ड डलहौज़ी स्वयं हावड़ा स्टेशन पर मौजूद थे और इसी के साथ पूर्वी भारत में रेल इतिहास का एक स्वर्णिम अध्याय औपचारिक रूप से खुल गया।

## कल्याणी जेएनएम अस्पताल में सिविक वालंटियर की मौत के बाद मचा हंगामा, पुलिस ने काबू पाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के सिविक वालंटियर की मौत को लेकर कल्याणी जवारलाल नेहरू मेमोरियल (जेएनएम) अस्पताल में तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। मृतक के परिवार पर अस्पताल में व्यापक तोड़फोड़ का आरोप है। घटना के दौरान डॉक्टर, नर्स, अन्य मरीज और



उनके परिवारजन डर के मारे भागने लगे, लेकिन पुलिस के पहुंचने पर स्थिति को नियंत्रण में लाया गया। जानकारी के अनुसार, तापस साहा (36), हालिशहर बाग मोड़ के निवासी और बैरकपुर कमिश्नरेट के बीजपुर थाना में सिविक वालंटियर थे। शनिवार रात वे काम समाप्त कर घर लौटे और गंभीर रूप से अस्वस्थ हो गए। सुबह लगभग पांच बजे उन्हें तत्काल कल्याणी जेएनएम अस्पताल लाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उनकी स्थिति का आकलन करते हुए बताया कि गैस के कारण उनकी शुगर प्रभावित हुई, और दोपहर में उनकी मौत हो गई। तापस के मौत की खबर मिलते ही उनके परिवार के सदस्य गुस्से में फूट पड़े और अस्पताल में तोड़फोड़ कर दी। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान अस्पताल में भारी तनाव और अफरातफरी का माहौल रहा। डॉक्टरों और नर्सों ने बताया कि उन्हें किसी प्रकार की सुरक्षा नहीं है और बार-बार इस तरह की घटनाओं के बावजूद प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। इस दौरान पुलिस ने स्थिति को काबू में लाकर अस्पताल और मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित की। मृतक के परिवार की ओर से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है।

## रेजिनगर-बेलडांगा के बीच रेलवे लेवल क्रॉसिंग बंद, नया सबवे अब चालू

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह डिवीजन के कृष्णनगर-लालगोला सेक्शन में रेजिनगर और बेलडांगा के बीच स्थित लेवल क्रॉसिंग संख्या 105/ई को 07 फरवरी से सड़क यातायात के लिए स्थायी रूप से बंद कर दिया गया। इसके साथ ही लिमिटेड हाइट सबवे संख्या 105 का उद्घाटन किया गया। यह नया सबवे रेजिनगर और बेलडांगा के बीच पुराने मैनड लेवल क्रॉसिंग का सुरक्षित और कुशल विकल्प प्रदान करता है। इससे न केवल ट्रेन संचालन में बाधा नहीं आएगी, बल्कि सड़क यातायात को नियंत्रित और सुरक्षित तरीके से गुजरने की सुविधा भी मिलेगी। सबवे बॉक्स को मार्च 2025 में



सफलतापूर्वक स्थापित किया गया था। हालांकि, परियोजना के दौरान क्षेत्र में उच्च जलस्तर के कारण संप और संबंधित सिविल कार्यों में बड़ी इंजीनियरिंग चुनौतियों का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद रेलवे इंजीनियरों ने सावधानीपूर्वक योजना और तकनीकी कुशलता के साथ कार्य पूरा किया। लेवल क्रॉसिंग के बंद होने और सबवे के उद्घाटन से रेजिनगर-बेलडांगा सेक्शन में दुर्घटनाओं का जोखिम समाप्त होगा और जाम की समस्या भी कम होगी।

### किराए के मकान से चल रहा था करोड़ों की ठगी का खेल, तीन गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में एक बड़े वित्तीय ठगी गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। यह मामला उत्तर 24 परगना जिले के नैहाटी नगरपालिका के वार्ड नंबर 3 स्थित कारीगरपाड़ा, इसाक सरदार रोड इलाके का है। आरोप है कि यहां किराए पर लिए गए एक घर से लंबे समय से आम लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की जा रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर नैहाटी थाने की पुलिस ने इलाके में छापेमारी की। इस अभियान में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से चार मोबाइल फोन और एक लैपटॉप बरामद किया है। जांचकर्ताओं का दावा है कि आरोपी विभिन्न तरीकों से लोगों को लालच देकर आर्थिक ठगी को अंजाम देते थे। इस मामले में शेख जावेद अली, आसिफ अली और नेसर हुसैन को गिरफ्तार किया गया है। उनके खिलाफ नैहाटी थाने में विभिन्न धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को बैरकपुर अदालत में पेश किया गया इस पूरे मामले की जांच जारी है।

### बिराटी स्टेशन के पास भीषण आग, कई दुकानें जलकर राख

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना के बिराटी स्टेशन के पास के इलाके में शनिवार देर रात भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आकर एक के बाद एक कई दुकानें जलकर राख हो गईं। घटना की खबर मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू किया गया। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, रात करीब 10:30 बजे बिराटी स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 के पास स्थित एक किताब की दुकान में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग तेजी से फैलकर आसपास की अन्य दुकानों तक पहुंच गई। आग इतनी भीषण थी कि लगातार चार दुकानें पूरी तरह जलकर राख हो गईं। मौके पर पहुंची दमकलकर्मियों को आग बुझाने में शुरुआत में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दो इंजनों को सीधे घटनास्थल पर तैनात किए गए, जबकि एक इंजन पास के पुल से पानी की बौछार कर आग पर काबू पाने की कोशिश करता रहा। आग के कारण रेल सेवाएं भी प्रभावित हुईं। मध्यमग्राम और हासनाबाद डाउन लाइन की कई ट्रेनें बिराटी स्टेशन से पहले ही रोक दी गईं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। प्राथमिक अनुमान है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी, हालांकि जांच जारी है। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

## हरिपाल क्षेत्र के माल्या स्टेशन के पास निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** हरिपाल ग्रामीण क्षेत्र के हमीरगाछी स्थित श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति के प्रांगण में, समिति के दिवंगत मार्गदर्शक स्व. राज कुमार बोथरा की पुण्य स्मृति में विशिष्ट सेवा संस्थाओं, श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति और सोसायटी बेनिफिट सर्किल के संयुक्त सहयोग से निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच एवं नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। ज्ञात हो कि ग्रामीण अंचल में इस प्रकार के शिविरों की अत्यंत आवश्यकता है। इन शिविरों में सैकड़ों जरूरतमंदों को सेवा का लाभ मिलता है। शिविर का उद्घाटन अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी के कर कमलों से हुआ। श्री काशी विश्वनाथ



सेवा समिति के प्रधान सचिव बिमलजी दीवान और सोसायटी बेनिफिट सर्किल के अध्यक्ष पवन बांसलजी के नेतृत्व में यह आयोजन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। उनके साथ दोनों संस्थाओं के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। विशिष्ट भूमिका निभाने वालों में मनोज चौधरी, आदित्य विक्रम तुलस्यान, संजय अग्रवाल, सुभाष चंद्र गोयनका, महेश काबरा, महेश गोयनका, प्रदीप गोयनका, सुमित झुनझुनवाला, प्रकाश सांगानेरिया, विनोद अग्रवाल, महेश पंचलांगियां, अनु मिश्रा, अरुण झुनझुनवाला आदि शामिल थे। चिकित्सक दल में डॉ. शमीम अहमद के नेतृत्व में डॉ. घोष, डॉ. सौरभ बाग, अंजली प्रधान और मधुश्री दास ने उत्कृष्ट सेवा प्रदान की। ज्ञात रहे कि संस्था नियमित रूप से इसी प्रांगण स्थित चिकित्सालय में होम्योपैथी चिकित्सा और चक्षु चिकित्सा की निःशुल्क सेवाएं प्रदान करती है। स्व. राज कुमार बोथरा के संकल्प और सेवा परमो: धर्मः के मंत्रों को आत्मसात करते हुए यह आयोजन वास्तविक श्रद्धांजलि का परिचय है। इस जांच शिविर के साथ निःशुल्क खिचड़ी का वितरण भी किया गया। यह सभी जानकारी संस्था के प्रधान सचिव आदित्य विक्रम तुलस्यान (चीकू भाई) ने दी।

## नागरिक स्वास्थ्य संघ ने किया 95 नागरिकों के नेत्र में मोतियाबिंद का ऑपरेशन

**कोलकाता, समाज्ञा :** नागरिक स्वास्थ्य संघ ने समाजसेवी के डी अग्रवाल - सरिता अग्रवाल के सहयोग से निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन सेवा शिविर में 95 नागरिकों के नेत्र में फेको पद्धति से मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया। के डी अग्रवाल ने सेवा शिविर में कहा कि उनकी माताजी कमला देवी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में सेवा शिविर परिवार के सदस्यों द्वारा मातृश्री के प्रति श्रद्धांजलि है। प्रमुख अतिथि अशोक गुप्ता, अलका गुप्ता, के डी - सरिता अग्रवाल, विशाल, पंकज, अंशिका, मुक्ता अग्रवाल एवं डॉ. ए के सिंह ने संघ के अध्यक्ष कुन्ज बिहारी अग्रवाल, उपाध्यक्ष बिनोद गुप्ता, इन्द्र कुमार डागा के मार्गदर्शन में संचालित सेवा शिविर में संघ नेत्रालय का भ्रमण



कर नागरिक स्वास्थ्य संघ के सेवाभावी कार्यकर्ताओं की कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की। के डी अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को मन में परोपकार की भावना, समय का तथा सामर्थ्य के अनुसार धन का सदुपयोग करने की प्रेरणा दी। माताजी की स्मृति में सेवा कार्य से परिवार में सभी को आत्मीय सुख का अनुभव हो रहा है। अग्रवाल परिवार के सदस्यों ने सेवा कार्यों में हर सम्भव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। अतिथियों का स्वागत संघ के सचिव विकास चन्द चांडक, अविनाश गुप्ता, आलोक दम्मानी, गोवर्धन मूंधड़ा, विजय बागड़ी, गोपी मूंधड़ा, विजयश्री मूंधड़ा, राजकुमार कोठारी एवं कार्यकर्ताओं ने किया। विकास चन्द चांडक ने बताया कि संघ नेत्रालय में ओसीटी के साथ लेजर, फेंको अत्याधुनिक मशीन से नेत्र ऑपरेशन किये जा रहे हैं। संचालन आलोक दम्मानी ने किया।

# संस्था शिरोमणि तेरापंथी महासभा में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य दायित्व स्वीकरण उत्सव

**जैन संस्कार विधि से पूजन कर पदाधिकारियों ने ग्रहण किया दायित्व**

**कोलकाता, समाज्ञा :** जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ की 'संस्था शिरोमणि' जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के सत्र 2026-28 के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का 'दायित्व स्वीकरण उत्सव' समारोह रविवार को महासभा प्रधान कार्यालय, कोलकाता में भव्य रूप में समायोजित हुआ। रविवार को दोपहर करीब साढ़े बारह बजे के आसपास जैन संस्कार विधि से पूजन-अर्चन करने के उपरान्त महासभा कार्यालय में शुभ मुहूर्त करीब 1.15 बजे महासभा कार्यालय में प्रवेश कर दायित्व स्वीकार किया। निवर्तमान अध्यक्ष मनसुखलाल सेठिया ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेन्द्र कुमार नाहटा को दायित्व हस्तांतरित किया। दायित्व स्वीकरण उत्सव के दौरान महासभा के पांच पूर्व अध्यक्ष व पांच पूर्व प्रधान न्यासी उपस्थित थे।

इस दौरान महासभा के वर्तमान अध्यक्ष महेन्द्रकुमार नाहटा, मुख्य न्यासी सुरेशचन्द गोयल, निवर्तमान अध्यक्ष मनसुखलाल सेठिया, महामंत्री विनोद बैद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हितेन्द्र मेहता, उपाध्यक्ष मांगीलाल बोथरा, फूलचंद छत्रावत, प्रकाशचंद लोढ़ा, विजयकुमार चौपड़ा, सहमंत्री पुलकित बैद, संगठन मंत्री निर्मल गोखरू, न्यासी नरेन्द्रकुमार पोरवाल, शुभकरण बोथरा, बाबूलाल बोथरा, नगराज बरमेचा, कमलकिशोर ललवाणी, कोषाध्यक्ष मदन मरोठी, सह कोषाध्यक्ष रोहित सुराणा आदि अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

अपराह्न करीब तीन बजे से महासभा भवन के ऊपरी तल पर बने प्रज्ञा समवसरण में 'संस्था शिरोमणि' जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान में शुभकामना समारोह का भी आयोजन हुआ। इस दौरान तेरापंथ समाज की विभिन्न संघीय संस्थाओं के पदाधिकारीगण, कोलकाता व उपनगरीय सभाओं व संस्थाओं के पदाधिकारी तथा कोलकाता के कई गणमान्य महानुभावों की विशेष उपस्थिति थी।

कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्रोच्चार के साथ हुआ। तदुपरान्त सभा गीत का संगान व श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन हुआ। शुभकामना समारोह में विकास परिषद सदस्य बनेचंद मालू ने कहा कि बड़े हर्ष की बात है कि महासभा की नवनिर्वाचित टीम दायित्व स्वीकार कर रही है। मैं इस उत्सव को सेवा स्वीकरण का उत्सव कहना चाहूंगा। महासभा शीर्ष संस्था है। आचार्यश्री ने कोलकाता चतुर्मास से पूर्व महासभा भवन को पावन करते हुए महासभा को संस्था शिरोमणि के रूप में उद्घाषित किया था। मैं नवनिर्वाचित सदस्य को बधाई देता हूं कि महासभा की गतिविधियों को आगे बढ़ाएंगे और संस्था की उज्जवलता में चार चांद लगाएंगे।

जैन श्वेताम्बर तेरापंथी महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेन्द्र कुमार नाहटा ने अपने भावों को अभिव्यक्त करते हुए कहा कि परम श्रद्धास्पद, युगप्रधान आचार्यप्रवर की असीम अनुकंपा व तेरापंथ धर्मसंघ के



विश्वास से संघ व समाज की सेवा जो महनीय दायित्व प्राप्त हुआ है, यह मेरे लिए परम सौभाग्य की बात है। मैं पूरी निष्ठा व जागरूकता पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करने का प्रयास करूंगा। इस दौरान उन्होंने आगामी वर्षों में करणीय कार्यों की रूपरेखा करते हुए महासभा के विभिन्न गतिविधियों को गति प्रदान करने हेतु लक्ष्य का निर्धारण भी किया। उन्होंने कहा कि सभी गतिविधियां व विकास के कार्य संघ समाज के सहयोग से ही पूर्णता को प्राप्त हो सकेंगे।

प्रधान न्यासी सुरेशचन्द गोयल ने कहा कि महासभा तेरापंथ समाज की अति महत्त्वपूर्ण संस्था है। इसके निर्वाचित सदस्यों पर समाज की एक विशेष जिम्मेदारी है। पूज्य गुरुदेव के आशीर्वाद से प्राप्त यह दायित्व हम सभी अपनी पूर्ण निष्ठा के साथ व गुरुआज्ञा के अनुसार अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन कर समाज को नई दिशा प्रदान करने का प्रयास करेंगे। हमारा यह परम कर्त्तव्य है कि इस शीर्षस्थ संस्था के प्रत्येक कार्य में तन-मन-धन से अपना योगदान देकर इसे आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाएं। उन्होंने उपस्थित सदस्यों से आह्वान किया कि महासभा की प्रत्येक गतिविधियों के सुदृढ़ संचालन हेतु महासभा की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाएं।

महासभा के निवर्तमान अध्यक्ष मनसुखलाल सेठिया ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष महोदय व प्रधान न्यासी महोदय सहित सभी पदाधिकारियों को मंगल शुभकामना प्रदान करते हुए कहा कि हम सभी पद पर हों अथवा न हों एक श्रावक के रूप में गुरुआज्ञा, गुरु इंगित व संघहित की भावना को हमेशा सर्वोपरि बनाए रखने का प्रयास करें। हम सभी दीपक में बाती के समान हैं। तेरापंथी महासभा में पद का दायित्व तो सेवा के लिए ही होता है। समाज को जब जैसे हमारी आवश्यकता हो हम पूर्ण निष्ठा के साथ अपनी सेवा देने के लिए तत्पर रहें।

महासभा के पूर्व अध्यक्ष कमल कुमार दूगड़ ने नवनिर्वाचित टीम को बधाई देते हुए कहा कि महासभा को पूर्व अध्यक्षों ने भी अपने प्रयासों से सिंचित किया है। आज प्रसन्नता है कि महासभा के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार नाहटा के रूप में ऐसे अध्यक्ष को दायित्व मिला है, जो एक विचार हैं। इनका नेतृत्व कौशल अद्भुत है। प्रधान न्यासी सुरेशचन्द गोयल कल्याण मित्र परिवार के ऐसे सदस्य हैं, जिनका महनीय योगदान धर्मसंघ को मिलता रहा है। निवर्तमान अध्यक्ष मनसुखलालजी ने अभूतपूर्व अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है। मैं पूरी टीम को कुशल कार्यकाल की बधाई देता हूं।

महासभा के नवमनोनीत महामंत्री विनोद बैद ने कहा कि महासभा संस्था शिरोमणि है। परम श्रद्धेय आचार्यप्रवर की कृपा से प्राप्त इस दायित्व को पूर्ण सजगता के साथ निभाने का प्रयास करेंगे तथा नवनिर्वाचित अध्यक्ष महोदय व प्रधान न्यासी महोदय के नेतृत्व में महासभा की महनीय गतिविधियों के माध्यम से समाजोत्थान का प्रयास करेंगे। उन्होंने शुभकामना समारोह का कुशल संचालन भी किया।

शुभकामना समारोह के दौरान तेरापंथी सभा-कोलकता सहित अन्य सभाओं के पदाधिकारियों द्वारा महासभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित भी किया गया। इस दौरान महासभा के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र चोरड़िया, चैनरूप चिण्डालिया, पूर्व न्यासी भंवरलाल बैद, अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल की न्यासी मधु दुगड़, पूर्व अध्यक्ष सूरज बरड़िया, तारा सुराणा व वरिष्ठ श्राविका चंपाबाई कोठारी आदि विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों की भी उपस्थिति रही। साथ ही कोलकाता महानगर की अनेक सभाओं के पदाधिकारीगण, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद, अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल, तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, अणुव्रत समिति आदि के पदाधिकारियों के साथ स्थानीय ज्ञानशाला के ज्ञानार्थियों, प्रशिक्षक व प्रशिक्षिकाओं की उपस्थिति भी रही।

# केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के नेतृत्व में बंगाल में रेलवे सुविधा को मिला नया आयाम

## ओवरब्रिज और नई ट्रेन सेवाओं से बढ़ेगी कनेक्टिविटी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में रेलवे अवसंरचना को नए आयाम देते हुए केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने सिउड़ी रोड ओवर ब्रिज का उद्घाटन किया, कुमारपुर रोड ओवर ब्रिज को राष्ट्र को समर्पित किया और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आसनसोल-बोकारो नई ट्रेन सेवा की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी, सिउड़ी में विधायक अनूप कुमार साहा, जगन्नाथ चटर्जी और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। रेल मंत्री ने कहा कि ये परियोजनाएं पश्चिम बंगाल और आसपास के क्षेत्रों में रेल सुरक्षा, सुविधा और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष बंगाल के लिए रेलवे पर 14,205 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड बजट आवंटित किया गया है, जबकि राज्य में लगभग 92,000 करोड़ रुपये की रेल परियोजनाएं चल रही हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि हाल ही में प्रधानमंत्री ने बंगाल के लिए दर्जनों नई ट्रेन सेवाओं की शुरुआत की है, जिसमें पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन और पहली अमृत भारत ट्रेन शामिल हैं, जो 'पूर्वोदय' पहल के तहत क्षेत्र के विकास की दिशा को दर्शाती हैं। इस वर्ष रेल बजट में बंगाल के लिए पहली बुलेट ट्रेन की भी घोषणा की गई है, जो सिलीगुड़ी से शुरू होगी। इसके अलावा पूर्व-पश्चिम फ्रेट कॉरिडोर और नॉर्थ बंगाल के 'चिकन-नेक' क्षेत्र में अंडरग्राउंड रेल कॉरिडोर जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स भी मंजूरी प्राप्त हैं।

**✒ सिउड़ी-कुमारपुर ओवरब्रिज और नई ट्रेन सेवा से बढ़ी सुविधा**

सिउड़ी में निर्मित नया रोड ओवर ब्रिज 42 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया है, जिससे लंबी प्रतीक्षा समाप्त होगी और यात्रियों के लिए तेज, सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित होगी। वहीं, कुमारपुर में निर्मित रोड ओवर ब्रिज 55 करोड़ रुपये की लागत में बना है और यह आसनसोल, पश्चिम वर्दवान और झारखंड के बीच महत्वपूर्ण कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएगा। साथ ही, आसनसोल और बोकारो स्टील सिटी के बीच नई मेमू ट्रेन सेवा भी शुरू की गई। यह ट्रेन पश्चिम वर्दवान, पुरुलिया और झारखंड के बोकारो जिले से होकर जाएगी। प्रारंभिक रन आसनसोल से 17:00 बजे प्रस्थान कर बोकारो 21:45 बजे पहुंचा। नियमित सेवा 10 फरवरी 2026 से शुरू होगी, जिसमें 8 कोच वाली ट्रेन सप्ताह में छह दिन (रविवार को नहीं) चलेगी। आसनसोल से ट्रेन सुबह 7:00 बजे प्रस्थान कर बोकारो 11:15 बजे पहुंचेगी और वापसी में बोकारो से 15:40 बजे प्रस्थान कर आसनसोल 19:30 बजे पहुंचेगी। इस ट्रेन के प्रमुख स्टॉपेज में बर्नपुर, दमोदर, मधुकुंडा, मुरादीह, रामकनाली, बेरो, जॉयचंडी पहाड़, गढ़रुबेश्वर, अनाड़ा, बगालिया, कुस्टौर, छर्रा, पुरुलिया, गौरीनाथधाम, चास रोड, गर्जाईपुर, दम्रुगहट्टु, पंडाग और राधागांव शामिल हैं। इस मौके पर आसनसोल स्टेशन पर सांसद ज्योतिरमय सिंह महतो, कुमारपुर में विधायक अजय कुमार पोद्दार और अग्निमित्रा पॉल उपस्थित थे। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने सिउड़ी कार्यक्रम स्थल पर सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। इस तरह बंगाल में रेलवे अवसंरचना को मजबूत करने और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है।






# भाजपा को विपक्ष की भूमिका निभाना ममता बनर्जी से सीखना चाहिए : कल्याण बनर्जी

**हुगली, समाज्ञा :** श्रीरामपुर में नव निर्मित नेताजी भवन का उद्घाटन करने पहुंचे सांसद कल्याण बनर्जी ने भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए चौतरफा घेरा. उद्घाटन कार्यक्रम में उनके साथ श्रीरामपुर के विधायक डॉक्टर सुदीप्त राय, विधायक अरिंदम गुइन, श्रीरामपुर नगरपालिका के चेयरमैन गिरधारी साहा, सीआईसी संतोष सिंह, पिंटू नाग समेत अन्य उपस्थित रहे। बनर्जी ने भाजपा और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा दायर मामले के बाद पूरे देश में हलचल मच गई है। उनके अनुसार, चुनाव आयोग लगातार कई गलतियां कर रहा था, जिन्हें अब अदालत ने संज्ञान में लिया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी ममता बनर्जी की बात सुनते हुए समय बढ़ाने का फैसला किया। शुभेंदु अधिकारी पर निशाना साधते हुए बनर्जी ने कहा कि उनके बयान से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने दावा किया कि शुभेंदु की राजनीतिक स्थिति कमजोर है और आने वाले समय में वह विधायक नहीं रहेंगे। प्रधानमंत्री के राज्यसभा में दिए गए बयान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बिना नाम लिए ममता बनर्जी पर टिप्पणी की गई। भाजपा की चार्जशीट को लेकर उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी सभी थानों में शिकायत दर्ज करा रही है। कल्याण बनर्जी ने कहा कि भाजपा को विपक्ष की भूमिका निभाना ममता बनर्जी से सीखना चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि जरूरत पड़े तो भाजपा नेताओं को प्रशिक्षण लेना चाहिए कि प्रभावी विपक्ष कैसे बनाया जाता है।



# मस्जिद का निर्माण शुरू होने के अगले दिन से ही निकलेगी 'बाबरी यात्रा' : हुमायूं कबीर

**मुर्शिदाबाद :** जिले के भरतपुर विधानसभा से विधायक हुमायूं कबीर ने ऐलान किया है कि बाबरी मस्जिद के निर्माण कार्य की शुरुआत आगामी 11 फरवरी से की जाएगी। इसके ठीक अगले दिन यानी 12 फरवरी से वे 'बाबरी यात्रा' की शुरुआत करेंगे, जो राज्य के कई हिस्सों से होकर गुजरेगी। इस यात्रा के जरिए उत्तर से दक्षिण बंगाल को जोड़ने का संदेश देने की कोशिश की जा रही है। इस संबंध में, रविवार को मुर्शिदाबाद में आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में हुमायूं कबीर ने विस्तृत जानकारी दी। जानकारी के अनुसार, आगामी 11 फरवरी को कुरान पाठ के बाद बाबरी मस्जिद के निर्माण कार्य की औपचारिक शुरुआत होगी। इसके अगले दिन 12 फरवरी को बाबरी यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा नदिया एवं मुर्शिदाबाद के पलाशी से शुरू होकर उत्तर दिनाजपुर के इटाहार तक जाएगी। यात्रा में कुल 100 गाड़ियां शामिल होंगी और प्रत्येक वाहन में चालक सहित छह लोग सवार रहेंगे। इस तरह करीब 600 लोग इस यात्रा में हिस्सा लेंगे। पूरी यात्रा की दूरी लगभग 265 किलोमीटर बताई जा रही है। बाबरी यात्रा के उद्देश्य पर हुमायूं कबीर ने कहा कि बाबरी मस्जिद के निर्माण को लेकर कुछ लोग लगातार गलत प्रचार फैला रहे हैं। इस यात्रा का मकसद उस कथित दुष्प्रचार का जवाब देना और आम लोगों को निर्माण से जुड़ी सच्चाई से अवगत कराना है। उन्होंने कहा कि पहले भी एक व्यक्ति ने दुष्प्रचार करने की कोशिश की थी, लेकिन वह नाकाम रहा। आगे भी जो ऐसा करेगा, वह विफल होगा।



### विधानसभा चुनाव भाजपा के टिकट पर नहीं लड़ूंगा : विधायक विष्णुप्रसाद शर्मा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की मौजूदा विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुर्सियोंग से विधायक विष्णुप्रसाद शर्मा ने रविवार को कहा कि वह आगामी चुनाव पार्टी के टिकट पर नहीं लड़ेंगे। शर्मा ने इसी के साथ भाजपा के केंद्रीय और राज्य नेतृत्व के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने यहां संवाददाताओं से बातचीत में आरोप लगाया कि भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में पहाड़ी क्षेत्र के लिए किए गए वादे पूरे नहीं हुए, जिससे जनता में व्यापक निराशा है। शर्मा ने कहा कि वह राजनीति में बने रहेंगे लेकिन अब भाजपा से नाता नहीं रखेंगे। उन्होंने गोरखालैंड राज्य के मुद्दे के स्थायी राजनीतिक समाधान (पीपीएस) की मांग का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले पहाड़ी क्षेत्र में समुदाय के हितों की रक्षा करने के अपने वादे से पीछे हट गई है।

### लेकटाउन में सड़क पर खड़ी दो गाड़ियों पर गिरा पेड़, ट्रैफिक ठप

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के लेकटाउन में रविवार सुबह एक बड़ा पेड़ गिरने से सड़क पर खड़ी दो कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। इस घटना के कारण यातायात भी कुछ समय के लिए ठप हो गया। जानकारी के अनुसार, लेकटाउन मिलन संघ क्लब के पास एक बड़ा कृष्ण चूरा का पेड़ गिर गया, जिससे सड़क पर खड़ी दो कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग और लेकटाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने गिरा हुआ पेड़ हटाने का काम शुरू किया और धीरे-धीरे सड़क पर वाहनों की आवाजाही बहाल की।


## फोर्ट विलियम के सामने ओवरटेक के दौरान सड़क दुर्घटना, एक घायल



**कोलकाता, समाज्ञा :** फोर्ट विलियम के सामने रेड रोड पर एक गंभीर सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक बस ने स्कूटी को टक्कर मार दी और स्कूटी बस के पहिये के नीचे फंस गई। हादसे में स्कूटी पर सवार दो लोगों में से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार, बाटानगर-धर्मतला रूट की बस धर्मतला की ओर जा रही थी, तभी स्कूटी ने बस को ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान, बस के साथ टक्कर के कारण स्कूटी बस के पहिये के नीचे फंस गई। स्थानीय लोगों और राहगीरों की मदद से घायल व्यक्ति को तुरंत निकाला गया और पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद बस को मौके पर ही रोक लिया गया। पुलिस ने दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है और बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने की तैयारी की जा रही है।

## उत्तरपाड़ा में लगातार चोरी की घटनाओं से दहशत, दो काली मंदिरों में हजारों की चोरी

**हुगली, समाज्ञा :** जिले के उत्तरपाड़ा क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं से स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। माखला टीएन मुखर्जी रोड स्थित तरुण स्पोर्टिंग क्लब परिसर के काली मंदिर में दुस्साहसिक चोरी की वारदात सामने आई। मंदिर प्रबंधन के अनुसार, चोरों ने मंदिर की ग्रिल काटकर अंदर प्रवेश किया और मां काली के सभी गहने लूटकर फरार हो गए। इसी तरह माखला मानिकतला के पास स्थित मातृका काली मंदिर में भी चोरी की घटना घटी। वहां भी चोरों ने मंदिर के पीछे की ग्रिल काटकर प्रवेश किया और मां काली के प्रतिमा पर चढ़े सोने के मुकुट समेत सभी आभूषण चुरा लिए। बताया जा रहा है कि दोनों मंदिरों से लाख रुपये के गहने चोरी हुए हैं। इसके अलावा नारायण के सिंहासन से जुड़े सामान भी चोरी कर लिए गए। मानिकतला इलाके में एक घर से साइकिल चोरी होने की भी शिकायत दर्ज की गई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उत्तरपाड़ा क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को कैसे रोका जाए इस पर भी रणनीति बनाई जा रही है। उन्होंने भरोसा जताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लगातार हो रही चोरियों से उत्तरपाड़ा थाना क्षेत्र के लोग चिंतित और आक्रोशित हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन और नगरपालिका के के खिलाफ नाराजगी जताई है। उनका सवाल है कि क्षेत्र में हर जगह सीसीटीवी कैमरे क्यों नहीं लगाए गए और निगरानी व्यवस्था को मजबूत क्यों नहीं किया जा रहा है।



## सुंदरवन में बाघ के हमले में मछुआरे की मौत, दो दिन बाद मिला शव

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के सुंदरवन इलाके में बाघ के हमले का शिकार हुए एक मछुआरे का शव रविवार को बरामद किया गया। यह घटना उस समय हुई थी, जब बाघ ने मछुआरे पर हमला कर उसे मैंग्रोव जंगल में घसीट लिया था। घटना के दो दिन बाद शव मिला। बताया गया है कि यह पूरा घटनाक्रम उसकी पत्नी की आंखों के सामने हुआ। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, मृतक की पहचान जीवन भक्त (36) के रूप में हुई है। वह जी-प्लॉट इलाके के सत्यदासपुर का निवासी था। जानकारी के अनुसार, गुरुवार को जीवन और दुर्गा करीब 10 अन्य मछुआरों के साथ कलास द्वीप के पश्चिमी तट पर केकड़े पकड़ने गए थे। शुक्रवार की शाम दोनों साथ-साथ काम कर रहे थे, तभी जंगल की ओर से अचानक एक बाघ ने जीवन पर हमला कर दिया। पत्नी दुर्गा की आंखों के सामने ही बाघ ने उसके पति को दबोच लिया और जंगल में घसीटते हुए ले गया। दुर्गा की चीख-पुकार सुनकर अन्य मछुआरे मौके पर पहुंचे, लेकिन घने जंगल और बाघ के डर के कारण कोई भी आगे नहीं बढ़ सका। रविवार की दोपहर कुछ लोग जब जंगल में खोजबीन के लिए गए, तो उन्हें वहां जीवन भक्त का खून से सना शव मिला। इसके बाद, शव को नाव के जरिए पाथरप्रतिमा लाया गया। पाथरप्रतिमा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए काकद्वीप उप-जिला अस्पताल भेज दिया। इस घटना के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

## उत्तर हावड़ा में 1001 निशानों के साथ भव्य श्याम निशान यात्रा निकाली गई

**हावड़ा, समाज्ञा :** उत्तर हावड़ा में धार्मिक आस्था और भक्ति का अद्भुत दृश्य उस समय देखने को मिला जब श्री श्याम के सेवक एवं श्याम को लाडली हावड़ा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में भव्य निशान यात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में दोनों संस्थाओं की ओर से 1001 निशान बाबा श्याम को अर्पित किए गए। यात्रा घासबगान मैदान से प्रारंभ होकर भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और भक्तिमय वातावरण के बीच घुसुड़ी धाम मंदिर प्रांगण पहुंची। श्रद्धालु पूरे रास्ते नाचते-गाते और भजनों के माध्यम से बाबा श्याम का गुणगान करते हुए आगे बढ़ते रहे। यात्रा का विशेष आकर्षण राधा-कृष्ण की जीवंत झांकी और नृत्य-नाटिका रही। इस अवसर पर बंगाल भाजपा के पूर्व सचिव उमेश राय, स्थानीय पूर्व पार्षद गीता राय, उत्तर हावड़ा मंडल-2 के मंत्री रितेश खटेड़, नवरत्नदुगड़, डॉ. अरिहंत सिंघी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यात्रा को सफल बनाने में सुरेंद्र, निखिलेश, कृष्णा अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, पिंकी शर्मा, सर्द शर्मा, प्रिया सिंह, रजनी बोकाड़िया, शिल्पा अग्रवाल, रंजना बोथरा, संगीता वर्मा सहित अन्य सदस्यों का विशेष सहयोग रहा। पूरे आयोजन ने क्षेत्र को भक्तिमय रंग में रंग दिया।



## कुलतली में तृणमूल-भाजपा समर्थकों के बीच झड़प, दो घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के कुलतली में विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही राजनीतिक तनाव ने हिंसक रूप ले लिया। चुपड़ीझाड़ा ग्राम पंचायत के सिकिरहाट क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा समर्थकों के बीच झड़प हुई। जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। भाजपा के जयनगर संगठनात्मक जिला अध्यक्ष उत्पल नस्कर ने आरोप लगाया कि मछुआरों के साथ चल रही भाजपा की बैठक पर तृणमूल कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया। वहीं, तृणमूल नेता पवन भुइयां का कहना है कि इलाके में पार्टी के झंडे हटाकर भाजपा के झंडे लगाए जा रहे थे, जिसका विरोध करने पर पंचायत सदस्य कमलेश गायेन के साथ मारपीट हुई और इसके बाद झड़प भड़क गई। घटना में कमलेश गायेन और भाजपा कार्यकर्ता सुजीत सरकार घायल हुए। सुजीत को कोलकाता रेफर किया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है और क्षेत्र में अतिरिक्त बल तैनात किया गया है।

## श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम में दिखने लगा फागण का रंग, पूरे दिन चढ़ते रहे निशान

**हावड़ा, समाज्ञा :** कोलकाता में खाटूधाम के रूप में पूजित 'श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम' में फाल्गुन मेला से पहले ही श्याम भक्त फागण की मस्ती और बाबा की भक्ति में डूब गये हैं जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण मुख्य मेला के 20 दिन पहले आज यहां निशान चढ़ाने उमड़ी भक्तों की अपार भीड़ से मिला। मंदिर के प्रबंध न्यासी सह फाल्गुन मेला कमेटी के अध्यक्ष बिनोद टिबड़ेवाल ने बताया कि आज सुबह मंदिर के कपाट खुलने से पहले ही सैकड़ों श्याम भक्त विभिन्न स्थानों से रंग-बिरंगी धवजायें (निशान) लेकर श्याम गुणगान करते पैदल मंदिर पहुंच गये और फिर तो यह क्रम देर रात तक चलता रहा। कोलकाता-हावड़ा-हुगली व आस-पास के क्षेत्रों से अनेक श्याम संस्थाओं के बैनर तले हजारों की संख्या में भक्त निशान हाथ में लिये सुमधुर भजनों पर झूमते-नाचते चतुर्दिक 'जय श्री श्याम जय घुसुड़ीधाम' का उद्घोष करते श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम पहुंचते रहे और बाबा श्याम को निशान अर्पित करते रहे। इन हजारों श्याम भक्तों के लिए श्री श्याम परिवार नार्थ कोलकाता ने मंदिर के ठीक सामने श्याम भण्डारा प्रसाद का भरपूर आयोजन किया। स्थानीय संस्था 'बम बासुकी ग्रुप (सलकिया)' की ओर से नया मंदिर बांधाघाट के निकट लक्ष्मी वाटिका से आयोजित भव्य निशान शोभायात्रा अन्यतम आकर्षण का केंद्र रही और यह निशान यात्रा श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम पहुंचने के पश्चात लोकप्रिय भजन प्रवाहक चेतन दाधीच ने चंग-धमाल का कार्यक्रम प्रस्तुत कर फागण से पहले घुसुड़ीधाम मंदिर को फागण के रंग में रंग दिया। इस बीच, श्री श्याम मंदिर घुसुड़ीधाम के 'रंग रंगीला फाल्गुन मेला-2026' की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है।



# विदेश की खबरें

## एप्स्टीन फाइल: ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के 'चीफ ऑफ स्टाफ' ने इस्तीफा दिया

**लंदन :** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर के 'चीफ ऑफ स्टाफ' ने यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के साथ संबंधों के बावजूद अमेरिका में ब्रिटेन के राजदूत के रूप में पीटर मैंडेलसन की नियुक्ति को लेकर विवाद के बीच रविवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। प्रधानमंत्री के 'चीफ ऑफ स्टाफ' मॉर्गन मैकस्वीनी ने कहा कि वह 2024 में राजदूत के तौर पर मैंडेलसन (72) को नियुक्त करने के लिए स्टार्मर को सलाह देने की जिम्मेदारी लेते हैं। मैकस्वीनी ने एक बयान में कहा, ''पीटर मैंडेलसन को नियुक्त करने का निर्णय गलत था। उन्होंने हमारी पार्टी, हमारे देश और राजनीति में जनता के भरोसे को ठेस पहुंचाई है।'' उन्होंने कहा, ''जब पूछा गया, तो मैंने प्रधानमंत्री को उनकी नियुक्ति की सलाह दी थी और मैं उस सलाह की पूरी जिम्मेदारी लेता हूं।'' स्टार्मर को राजनीतिक तूफान का सामना करना पड़ रहा है और जारी नयी फाइल के बाद उनके फैसले पर सवाल उठाए जा रहे हैं। अमेरिका में सार्वजनिक की गई एप्स्टीन फाइल से संकेत मिलता है कि मैंडेलसन ने 2008 के वित्तीय संकट के दौरान ब्रिटेन सरकार के व्यापार सचिव के रूप में एप्स्टीन को संवेदनशील जानकारी भेजी थी। स्टार्मर की सरकार ने मैंडेलसन की नियुक्ति से संबंधित अपने ईमेल और अन्य दस्तावेज जारी करने का वादा किया है। सरकार का कहना है कि इन दस्तावेजों से पता चलेगा कि मैंडेलसन ने अधिकारियों को गुमराह किया। प्रधानमंत्री ने मैंडेलसन के झूठ पर विश्वास करने के लिए इस सप्ताह माफ़ी मांगी। उन्होंने कहा कि जब मैंडेलसन को राजदूत नियुक्त किया गया था, तब ''हममें से किसी को भी मैंडेलसन और एप्स्टीन के बीच संबंधों के बारे में पता नहीं था।''



### ईरान ने नोबेल पुरस्कार से सम्मानित नर्गिस मोहम्मदी को सात साल जेल की सजा सुनाई

**दुबई :** ईरान ने नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित नर्गिस मोहम्मदी को भूख हड़ताल शुरू करने के बाद सात साल से अधिक की जेल की सजा सुनाई है। उनके समर्थकों ने रविवार को यह जानकारी दी। मोहम्मदी के समर्थकों ने उनके वकील का हवाला दिया, जिन्होंने मोहम्मदी से बात की। मोहम्मदी के वकील मुस्तफ़ा निली ने 'एक्स' पर सजा सुनाए जाने की पुष्टि की। उन्होंने पोस्ट किया, ''मोहम्मदी को जमावड़े और साठगांठ के लिए छह साल की जेल और प्रचार के लिए डेढ़ साल की जेल और दो साल के यात्रा प्रतिबंध की सजा सुनाई गई है।''

## बांग्लादेश ने हादी की हत्या की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए संयुक्त राष्ट्र से सहयोग मांगा

**ढाका :** बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस की अस्थायी सरकार ने छात्र नेता शरिफ उस्मान हादी की हत्या की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच के लिए संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय से सहयोग मांगा है। यह जानकारी रविवार को मीडिया की एक खबर से मिली। इंकलाब मंच के प्रवक्ता हादी (32) ने जुलाई-अगस्त 2024 के उस छात्र प्रदर्शन के दौरान राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनायी थी, जिसके चलते शेख हसीना नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार को सत्ता से हटना पड़ा था। हादी को 12 दिसंबर को ढाका में चुनाव प्रचार के दौरान सिर में गोली मारी गई थी। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने बताया कि बांग्लादेश की अस्थायी सरकार ने हादी की हत्या की उचित जांच सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय (ओएचसीएचआर) से सहयोग मांगा है। मुख्य सलाहकार की प्रेस इकाई ने शनिवार को कहा कि शुक्रवार को जिनेवा में बांग्लादेश के स्थायी मिशन ने ओएचसीएचआर को एक औपचारिक राजनयिक पत्र भेजा। उसने कहा कि बांग्लादेश ने हादी की हत्या की जांच के लिए संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय से तकनीकी और संस्थागत सहायता की औपचारिक मांग की है। प्रेस इकाई ने कहा, बांग्लादेश सरकार ने दोहराया है कि वह शहीद शरिफ उस्मान हादी की हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान करने और उन्हें न्याय के कटघरे में लाने के लिए दृढ़ रूप से प्रतिबद्ध है। हादी आगामी 12 फरवरी के संसदीय चुनाव में उम्मीदवार भी थे। उन्हें उपचार के लिए हवाई मार्ग से सिंगापुर ले जाया गया था, लेकिन 18 दिसंबर को उनकी मृत्यु हो गई।

## भारतीय प्रवासी समुदाय पर केंद्रित एमएटीवी का प्रसारण लाइसेंस निरस्त

**लंदन :** ब्रिटेन में मीडिया की निगरानी करने वाले निकाय ने भारतीय प्रवासी समुदाय पर केंद्रित एमएटीवी का प्रसारण लाइसेंस नियामक शर्तों के उल्लंघन के कारण रद्द कर दिया है और इस उपग्रह चैनल के प्रसारण को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। 'ऑफिस ऑफ कम्युनिकेशंस' (ऑफकॉम) ने शुक्रवार को लाइसेंस रद्द करने का नोटिस जारी किया। अगस्त 2024 से जारी एक जांच में यह निष्कर्ष निकाला कि ये लाइसेंस मिडलसेक्स ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमबीसीएल) के पास 'गलत तरीके से' थे। एक लाइसेंस 'एमएटीवी नेशनल' से जुड़ा था, जो हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी, गुजराती और पंजाबी में भारतीय कार्यक्रम प्रसारित करने वाली एक उपग्रह आधारित टेलीविजन सेवा है। दूसरा लाइसेंस एमएटीवी म्यूजिक के लिए था, जो एक उपग्रह आधारित टेलीविजन सेवा है और कथित तौर पर निष्क्रिय पड़ी है। ऑफकॉम ने एक बयान में कहा गया, ''ब्रिटेन में, ब्रिटिश संसद द्वारा बनाए गए प्रसारण कानूनों में कहा गया है कि प्रसारण लाइसेंस धारकों का लाइसेंस प्राप्त सेवाओं पर नियंत्रण होना चाहिए - जिसमें उनके द्वारा दिखाए जाने वाले कार्यक्रमों पर संपादकीय निगरानी भी शामिल है।'

## पाकिस्तान 'गाजा शांति बोर्ड' के पहले शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेगा

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान को 'गाजा शांति बोर्ड' के पहले शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है और उम्मीद है कि देश 19 फरवरी को अमेरिका में होने वाली इस बैठक में हिस्सा लेगा। रविवार को मीडिया में आई खबरों से यह जानकारी मिली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जनवरी में गाजा पट्टी में इजराइल और हमास के बीच संघर्षविराम समझौते के दूसरे चरण के हिस्से के तौर पर इस बोर्ड की घोषणा की थी। वाशिंगटन इसे गाजा और अन्य क्षेत्रों में शांति एवं स्थिरता लाने के लिए एक नयी अंतरराष्ट्रीय संस्था के तौर पर पेश कर रहा है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने 21 जनवरी को कहा था कि उसने शांति बोर्ड में शामिल होने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप का न्योता स्वीकार कर लिया है और उन्होंने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को इस संस्था का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया है। रविवार को 'डॉन' अखबार ने वाशिंगटन में राजनयिक सूत्रों के हवाले से बताया कि इस्लामाबाद को यह न्योता उन देशों से संपर्क स्थापित करने कोशिश के तहत मिला है जो पहले ही बोर्ड में शामिल हो चुके हैं। एक राजनयिक सूत्र ने कहा, ''यह एक अहम बैठक होगी जिसका मकसद बोर्ड को एक आकार देना है।'' 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' ने इस्लामाबाद में सूत्रों के हवाले से बताया कि पाकिस्तान गाजा शांति बोर्ड के पहले शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेगा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### झारखंड में 2,500 रुपये के मासिक अनुदान से असहमति की आवाज दबाई गई : सुदेश महतो

**रांची:** ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के प्रमुख सुदेश महतो ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य में विकास कार्य ठप्प हो गए हैं, लेकिन लोग इसके खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं क्योंकि मैय्या सम्मान योजना के तहत मिलने वाले 2,500 रुपये के मासिक अनुदान ने लोगों को चुप करा दिया है। महतो ने रांची में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि खनिज संपदा से भरपूर झारखंड को अब देश में 'श्रमिक राज्य' के रूप में जाना जाता है। आजसू के प्रमुख ने कहा, 'यहां नौकरियों के अवसर न के बराबर हैं। झारखंड के एक लाख से अधिक आदिवासी, दलित और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समुदाय के लोग केवल दिल्ली में ही मजदूर के रूप में काम कर रहे हैं। ग्रामीण युवाओं को आजीविका की तलाश में बड़ी संख्या में गोवा, महाराष्ट्र और अन्य राज्यों में पलायन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।'

### नोएडा: इमारत की 15वीं मंजिल से छलांग लगाकर छात्र ने की आत्महत्या

**नोएडा:** नोएडा में एक आवासीय सोसाइटी में स्थित अपनी इमारत की 15वीं मंजिल से छलांग लगाकर 12वीं कक्षा के छात्र ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। घटना की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना एक्सप्रेसवे के प्रभारी अमित खारी ने बताया कि सेक्टर 168 में स्थित एक आवासीय सोसाइटी में रहने वाले 17 वर्षीय छात्र ने शनिवार रात को यह कदम उठाया। वह दिल्ली में स्थित एक निजी स्कूल से पढ़ाई कर रहा था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बलिया में शिवलिंग चोरी का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**बलिया (उप्र):** बलिया जिले की नगरा पुलिस ने शिवलिंग चोरी के मामले में वांछित एक शातिर अपराधी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बलिया उत्तरी क्षेत्र के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) दिनेश कुमार शुक्ला ने बताया कि पुलिस टीम ने शनिवार रात करीब पौने दस बजे थाना क्षेत्र के खरूआंव पोखरा के पास वाहनों की जांच के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रुकने का इशारा किया। उन्होंने बताया कि तभी उसने पुलिस टीम पर गोली चला दी जिसके जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई और बाएं पैर में गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। शुक्ला ने बताया कि घायल अवस्था में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया जिसकी पहचान गड़वार थाना क्षेत्र के नकहरा गांव निवासी रुदल नट (25) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी को नगरा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है और उसके पास से एक देसी तमंचा और कारतूस भी बरामद किए गए।


### राजस्थान में बीते 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहा, फतेहपुर सबसे ठंडा

**जयपुर:** राजस्थान में पिछले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क बना रहा। मौसम विभाग ने रविवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार रविवार सुबह सीकर जिले के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम में अब तक का सबसे कम तापमान है। मौसम विभाग ने बताया कि पाली में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस, सीकर में 6.5 डिग्री सेल्सियस और सिरोही एवं करौली में सात-सात डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राज्य के अधिकांश शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। राज्य की राजधानी जयपुर में न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने बताया कि इस दौरान राज्य भर में शुष्क मौसम बना रहा।

### बुलंदशहर में ई-रिक्शा की बैटरी फटने से एक परिवार के पांच लोग घायल

**बुलंदशहर (उप्र):** बुलंदशहर जिले के खुर्जा नगर थाना क्षेत्र में रविवार को चार्जिंग के दौरान ई-रिक्शा की बैटरी फटने से एक परिवार के पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, घटना नेहरपुर मोहल्ले में सुबह करीब पांच बजे हुई, जब घर में चार्ज की जा रही ई-रिक्शा की बैटरी अचानक फट गई और उसमें आग लग गई। इलाके के निवासी पवन ने बताया कि विस्फोट के समय परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे और आग घर में फैलने से पांच लोग घायल हो गए।

# साइबर धोखाधड़ी की राशि के लेन-देन पर रोक लगाने के मामले में उत्तर प्रदेश देश में तीसरे स्थान पर




**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के लखनऊ में इस साल जनवरी में 70 वर्षीय एक सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी पर उस वक्त मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा, जब खुद को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का अधिकारी बताकर साइबर ठगों ने उन्हें छह घंटे तक 'डिजिटल अरेस्ट' कर उलझाए रखा। हालांकि, समय पर शिकायत और पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने उनकी जीवनभर की जमा-पूंजी को ठगों के हाथों में जाने से बचा लिया। अधिकारियों के अनुसार, कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के सिंधुनगर निवासी इंद्रजीत सिंह दोपहर करीब दो बजे घर पर अकेले थे कि तभी उन्हें अज्ञात लोगों का फोन आया, जिन्होंने खुद को सीबीआई का अधिकारी बताया। हालांकि, जब सिंह ने परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा बार-बार किए गए कॉल का जवाब देना बंद कर दिया, तो परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और पुलिस के तत्काल हस्तक्षेप से यह सुनिश्चित हुआ कि कोई भी वित्तीय लेनदेन नहीं हुआ और एक बड़ी साइबर ठगी टल गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ये घटनाएं शुरुआती घंटे में कार्रवाई के महत्व को रेखांकित करती हैं, जिसकी वजह से उत्तर प्रदेश में साइबर धोखाधड़ी से निपटने के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एन-सीआरपी) के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, जनवरी 2026 में उत्तर प्रदेश में 29,715 साइबर धोखाधड़ी की शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें 138 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। हालांकि 48.45 करोड़ रुपये के लेन-देन पर रोक लगा दी गयी, जो कुल नुकसान का लगभग 35 प्रतिशत है। इस आधार पर धोखाधड़ी से जुड़ी राशि के लेन-देन पर रोक लगाने के मामले में उत्तर प्रदेश, राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की सूची में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है, जबकि पिछले वर्ष वह 24वें स्थान पर था। सूची में दादरा एवं नगर हवेली, दमन एवं दीव पहले स्थान पर रहे जबकि हरियाणा 35.72 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहा। तेलंगाना में यह प्रतिशत 26.69, महाराष्ट्र में 22 और तमिलनाडु में 14 दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्णा ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में इस सुधार का श्रेय पीड़ितों द्वारा तेजी से शिकायत दर्ज कराने और पुलिस साइबर प्रकोष्ठ, बैंकों व पेमेंट गेटवे के बीच बेहतर समन्वय को दिया। उन्होंने बताया, लोगों में जागरूकता दो स्तरों पर होनी चाहिए। पहला, साइबर धोखाधड़ी का शिकार न बनें और दूसरा, यदि किसी कारणवश शिकार हो भी जाएं तो तुरंत स्थानीय पुलिस थाने या केंद्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचना दें।

### उत्तर प्रदेश विधान मंडल का बजट सत्र आज से, राज्यपाल के अभिभाषण से होगी शुरुआत

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश विधान मंडल का बजट सत्र सोमवार को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। राज्य सरकार ने एक बयान में कहा कि मंगलवार को सत्र के दूसरे दिन सदन के वर्तमान व पूर्व सदस्यों के निधन पर शोक व्यक्त किया जाएगा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना 11 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट पेश करेंगे। इसके बाद राज्यपाल के अभिभाषण (धन्यवाद प्रस्ताव) पर चर्चा होगी। बयान में कहा गया है कि उसके बाद 13 फरवरी तक सदन की कार्यवाही नियमित तौर पर चलेगी। शनिवार व रविवार को सदन की बैठक स्थगित रहेगी। सोमवार 16 फरवरी से सदन की कार्यवाही फिर शुरू होगी। सदन की कार्यवाही 20 फरवरी तक प्रस्तावित है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सभी सदस्यों से कार्यवाही के सुचारू संचालन का अनुरोध किया है। नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी सदस्यों से जनता के मुद्दों को सदन में रखने और सार्थक चर्चा करके प्रदेश के विकास को गति प्रदान करने के लिए सरकार का सहयोग करने का आग्रह किया है।

## कन्हैयालाल हत्याकांड के चार साल बाद भी पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला: गहलोत



**जयपुर:** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने रविवार को आरोप लगाया कि उदयपुर में वर्ष 2022 में हुए कन्हैयालाल हत्याकांड के आरोपी भाजपा से जुड़े हुए थे। उन्होंने कहा कि मामला सीधा और स्पष्ट होने के बावजूद घटना के करीब चार साल बाद भी पीड़ित परिवार को न्याय का इंतजार है। उन्होंने कहा कि राजस्थान पुलिस ने घटना के कुछ ही घंटों के अंदर आरोपियों को गिरफ्तार कर त्वरित कार्रवाई की थी, जिसके बाद केंद्र सरकार ने मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी। उन्होंने कहा, 2022 से 2026 तक कन्हैयालाल का परिवार न्याय की प्रतीक्षा कर रहा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने कई बार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मामले की स्थिति और आरोपियों को सजा दिलाने के बारे में पूछा, लेकिन उन्हें कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि सजा में हो रही देरी को लेकर जनता में आशंका बढ़ रही है और इसका कारण आरोपियों का भाजपा से जुड़ा होना बताया जा रहा है। गहलोत ने कहा कि चुनावों के दौरान इस मुद्दे का राजनीतिकरण झूठे दावों के साथ किया गया, जबकि वास्तविकता यह है कि पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा और दोनों बेटों को सरकारी नौकरी दी गई है।

# प्रशांत किशोर ने जन सुराज को मजबूत करने के लिए बिहार नवनिर्माण यात्रा शुरू की



**बेतिया (बिहार):** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने रविवार को पश्चिम चंपारण जिले से 'बिहार नवनिर्माण यात्रा' की शुरुआत करते हुए कहा कि यह अभियान राज्य भर में संगठन के पुनर्निर्माण और मजबूती पर केंद्रित होगा। लोगों का ध्यान आकर्षित करने के बावजूद, जन सुराज पार्टी 2025 के बिहार विधानसभा चुनावों में एक भी सीट जीतने में असफल रही। पार्टी ने 238 सीटों पर चुनाव लड़ा था। किशोर ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा, ''यात्रा बिहार में एक ईमानदार और जवाबदेह राजनीतिक विकल्प पेश करने के लिए राज्य भर में पार्टी के संगठन के पुनर्निर्माण और मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेगी।' उन्होंने कहा कि पार्टी विधानसभा चुनाव के बाद भी लोगों के बीच सक्रिय है और अब यह यात्रा जिला स्तर पर अपने जमीनी नेटवर्क का विस्तार और पुनर्गठन करने में मदद करेगी। किशोर ने कहा, 'यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारा बिहार नवनिर्माण अभियान जमीन पर निर्बाध रूप से चले, मैं प्रत्येक जिले में कुछ समय बिताऊंगा, और पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के लिए पुराने सहयोगियों और नए इच्छुक लोगों से मिलूंगा।'' किशोर ने कहा कि अपनी यात्रा के दौरान पार्टी मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत महिलाओं को आर्थिक सहायता देने से जुड़े चुनावी वादे के मुद्दे को उठाएगी।

# झारखंड के 10 लापता आदिवासी बच्चों को बिहार से ढूंढ निकाला गया

**रांची:** झारखंड के कोडरमा जिले में श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने के बाद 31 जनवरी से लापता छह लड़कियों सहित 10 आदिवासी बच्चों को बिहार के गयाजी से रविवार को पुलिस ने ढूंढ निकाला। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। खरियोडीह पंचायत के गड़ियाही बिरहोर टोला के रहने वाले ये बच्चे विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूह से ताल्लुक रखते हैं। पुलिस ने बताया कि बच्चे अपने समूह से बिछड़ गए थे, जिसके बाद उन्होंने एक ट्रेन पकड़ी लेकिन सही स्टेशन पर नहीं उतर पाए और गयाजी पहुंच गए। कोडरमा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अनुदीप सिंह ने बताया कि शनिवार को सभी दस लापता बच्चे बिहार के गयाजी जिले के एक बाल गृह में मिले। सिंह ने बताया, गयाजी में पुलिस द्वारा ढूंढ निकाले जाने के बाद कुछ बच्चों को वहां बालगृह में रखे जाने की सूचना मिलने पर मैं अपनी टीम के साथ तुरंत गयाजी पहुंचा। बाल गृह पहुंचने पर हमने विवरणों का मिलान किया और उनके अभिभावकों से वीडियो कॉल के माध्यम से उनकी पहचान की पुष्टि की और उन्हें वापस ले आए। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि 31 जनवरी को उनके गांव के लगभग 60 से 70 लोग लगभग चार किलोमीटर दूर स्थित परसाबाद में श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने गए थे लेकिन इन 10 बच्चों को छोड़कर बाकी सभी वापस लौट आए। अधिकारी ने बताया कि वे किसी तरह भटक कर पारसडीह रेलवे स्टेशन पहुंचे और ट्रेन में चढ़ गए लेकिन अपने स्टेशन पर उतर नहीं पाए तथा इसके बाद बच्चे गयाजी पहुंच गए।

### बिहार: दरभंगा में छह वर्षीय बच्ची का शव मिला, परिवार ने यौन उत्पीड़न और हत्या का आरोप लगाया

**दरभंगा:** बिहार के दरभंगा जिले में छह वर्षीय एक बच्ची का शव मिला है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि परिवार ने आरोप लगाया कि बच्ची का यौन उत्पीड़न किया गया और फिर उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, घटना शनिवार को विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस ने बताया कि दो अन्य बच्चों के साथ एक तालाब के पास खेलते समय वह लापता हो गई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, बाद में परिवार के सदस्यों को उसका शव एक सुनसान जगह पर खून से लथपथ मिला। परिवार ने आरोप लगाया कि एक पड़ोसी उसे सुनसान जगह पर ले गया और यौन उत्पीड़न करने के बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि पड़ोसी को गिरफ्तार कर लिया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जगनाथ रेड्डी ने बताया, फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का मुआयना कर लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल पाएगा। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल भेज दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। इस बीच, आक्रोशित स्थानीय लोगों ने मुख्य सड़क जाम कर दी और आरोपी को कड़ी सजा देने की मांग की।

## कांग्रेस ने पप्पू यादव की गिरफ्तारी का विरोध किया, नीतीश का पुतला फूंका



**पटना:** कांग्रेस ने 30 साल से अधिक पुराने जालसाजी के मामले में निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की गिरफ्तारी के विरोध में रविवार को पटना में प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पार्टी मुख्यालय 'सदाकत आश्रम' के बाहर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला फूंका और राज्य में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) पर राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई करने का आरोप लगाया। बिहार के पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले पप्पू यादव को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 467 (दस्तावेजों की जालसाजी) के तहत दर्ज एक मामले के सिलसिले में शुक्रवार रात मंदिरी स्थित उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया था। पटना की एक अदालत ने शनिवार को उन्हें दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। हालांकि, खराब स्वास्थ्य के कारण वह सोमवार को अगली सुनवाई तक पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) में ही रहेंगे।

## उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में भूमि विवाद में 22 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या, दो लोग घायल



**सहारनपुर (उप्र):** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में बेहट थाना क्षेत्र के अंतर्गत कथित तौर पर जमीन विवाद को लेकर हुई गोलीबारी में 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, घटना के समय विवादित जमीन को लेकर समझौते पर चर्चा के लिए दोनों पक्षों के प्रतिनिधि एकत्र हुए थे। बातचीत के दौरान एक पक्ष ने कथित तौर पर दूसरे पक्ष पर गोली चला दी, जिससे तीन लोग घायल हो गए। घायलों में से एक शिवम (22) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया, जबकि अन्य दो का उपचार किया जा रहा है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। अधिकारियों ने बताया कि हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) अक्षत शर्मा ने बताया कि खुद को जमीन का मालिक बताने वाले हरियाणा के गुरुग्राम के निवासी पंकज शर्मा ने रविवार को शाम करीब चार बजे शिवालिक फार्म हाउस में बैठक तय की थी, ताकि मामले का समाधान किया जा सके। हालांकि, बातचीत शुरू होने से पहले ही दूसरे पक्ष ने कथित तौर पर गोली चला दी। एसएचओ ने बताया कि पंकज शर्मा का आरोप है कि सुनील, शक्ति सिंह और अजय सिंह ने गोलीबारी की, जिससे शिवम की मौत हो गई और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

# राजस्थान में ग्राम उत्थान शिविरों से अंतिम छोर तक पहुंच रही योजनाएं: मुख्यमंत्री भजनलाल



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कहा कि पूरे राज्य में ग्राम उत्थान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं ताकि किसानों, मजदूरों, पशुपालकों और कमजोर वर्गों के लोगों तक कल्याणकारी योजनाएओं का लाभ पहुंच सके। अलवर जिले के रामगढ़ के बहाला गांव में आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार सीधे पात्र लाभार्थियों से संपर्क करके मौके पर ही समस्याओं का समाधान कर रही है। मुख्यमंत्री ने अलवर शहर के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं से संबंधित 152 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि गांव देश की आत्मा हैं और राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर व सशक्त गांवों के विजन के अनुरूप काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीबीजी रामजी कानून के तहत 100 दिनों की बजाय 125 दिनों का रोजगार मिलेगा, जिसमें पूरी पारदर्शिता और आधुनिक तकनीक का उपयोग होगा। उन्होंने कहा कि मजदूरी सीधे श्रमिकों के खातों में जमा होगी और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए स्थायी संपत्तियां बनाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह कानून विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में मदद करेगा। शर्मा ने बताया कि अब तक 1,800 से अधिक ग्राम उत्थान शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। 1.34 लाख से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड और 65,000 से अधिक 'स्वामित्व कार्ड' वितरित किए गए हैं, जबकि लगभग 37,000 किसान क्रेडिट कार्ड आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने कहा कि करीब 6.5 लाख पशुओं का उपचार किया गया और पीएम सूर्य घर योजना के तहत 36,000 से अधिक पंजीकरण किए गए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों को किसान आय सहायता योजना के तहत सालाना 9,000 रुपये दे रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि अब तक एक लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं, जबकि 1.54 लाख से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के कार्यकाल में किसी भी परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ और सभी परीक्षाएं पारदर्शी तरीके से आयोजित की गईं। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि ग्राम उत्थान शिविर डेयरी, सौर ऊर्जा और ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन में मदद कर रहे हैं।

### नोएडा: पंजाब नेशनल बैंक के पांच बड़े अधिकारियों पर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी का आरोप, मुकदमा दर्ज

**नोएडा:** उत्तर प्रदेश के नोएडा-सेक्टर 49 में पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) के पांच अधिकारियों के खिलाफ 60 करोड़ रुपये की संपत्ति को हड़पने की कथित तौर पर साजिश रचने के लिए मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एक होटल व्यापारी की याचिका पर अदालत के आदेश के बाद यह मुकदमा दर्ज किया गया। थाना सेक्टर 49 के प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार भारद्वाज ने बताया कि शनिवार रात को नोएडा सेक्टर-47 निवासी होटल कारोबारी अनिल बब्बर (66) की शिकायत पर बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख रविंद्र कुमार पांडे, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रिया रंजन, शाखा प्रबंधक नरेंद्र सिंह बिष्ट, जोनल हेड एसएन दुबे और एमसीसी हेड मनीष कश्यप के खिलाफ धोखाधड़ी और साजिश रचने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

## न्यूज अपडेट

### राजस्थान: कोटा में तीन मंजिला इमारत ढही, मलबे से निकाले गए 15 में से दो लोगों की मौत




**जयपुर:** राजस्थान के कोटा में शनिवार रात तीन मंजिला इमारत के ढह जाने के बाद मलबे से कुल 15 लोगों को बाहर निकाला गया लेकिन उनमें से दो व्यक्तियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घायलों में से आठ का इलाज जारी है जबकि पांच को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान आर्यन (20) और लक्ष्मण (15) के रूप में हुई है। कैबिनेट मंत्री हीरालाल नागर ने पत्रकारों को बताया, कुल 15 लोगों को मलबे से निकाला गया। दो लोगों की मौत हो गई है जबकि कुछ घायलों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। तथ्यों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए जाएंगे और मामले में कार्रवाई की जाएगी। संभागीय आयुक्त अनिल अग्रवाल ने बताया कि आस-पास के इलाके में कुछ नया निर्माण कार्य जारी था और ऐसा अंदेशा है कि इसी कारण इमारत ढह गई। यह घटना तलवंडी इलाके में हुई, जहां इमारत में एक रेस्तरां था। अधिकारियों के अनुसार, इमारत ढहने के समय रेस्तरां में कुछ ग्राहक और कर्मचारी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि बचाव अभियान देर रात तक जारी रहा।

### झारखंड के धनबाद में ऋण वसूली एजेंट का शव बरामद, एक गिरफ्तार



**रांची:** झारखंड के धनबाद जिले में एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति का शव बरामद किया गया और इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी थी। मृतक की पहचान अमित कुमार अग्रवाल के रूप में हुई है, जो बैंक ऋण वसूली एजेंट था। पुलिस ने बताया कि पीड़ित की पत्नी ने शनिवार को सदर पुलिस थाने में सूचना दी कि अग्रवाल का अपहरण कर लिया गया है और एक अज्ञात व्यक्ति ने फिरौती के तौर पर 15 लाख रुपये की मांग की है। इस संबंध में रविवार सुबह प्राथमिकी दर्ज की गई। धनबाद के पुलिस उपाधीक्षक (कानून व्यवस्था) नौशाद आलम ने बताया, पीड़ित की पत्नी से सूचना मिलने के बाद हमने जांच शुरू की और शुरुआत में विकास खंडेलवाल समेत तीन लोगों को हिरासत में लिया। खंडेलवाल को उसके मोबाइल लोकेशन के आधार पर हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान खंडेलवाल ने हत्या करने की बात कबूल कर ली। उसके बताए अनुसार, पीड़ित का शव सूर्या हाइलैंड सोसाइटी स्थित आरोपी के घर से बरामद किया गया। पुलिस ने पीड़ित की मोटरसाइकिल भी उसी स्थान से बरामद की। एक अधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए शहीद निर्मल महतो मेमोरियल मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौता देश के पक्ष में, किसानों के हित सुरक्षित: पंजाब भाजपा प्रमुख

**चंडीगढ़:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने रविवार को कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते से राज्य के औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने समझौते में किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी धन्यवाद दिया। जाखड़ ने कहा कि भारत सरकार ने सावधानीपूर्वक विचार-विमर्श के बाद, दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के साथ सफलतापूर्वक एक समझौता किया, जो देश और पंजाब में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देगा। उन्होंने यह भी कहा कि इससे देश के किसानों, खासकर पंजाब के किसानों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। भाजपा नेता ने कहा कि पंजाब में उगाई जाने वाली सभी फसलों को समझौते से बाहर रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने लंबी चर्चा के बाद समझौते को अंतिम रूप दिया, जिसमें सरकार का प्राथमिक ध्यान किसानों के हितों की रक्षा करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अमेरिका से ऐसे किसी भी अनाज का आयात नहीं किया जाएगा जिसकी पैदावार पंजाब में होती है।

### लखीमपुर खीरी में सड़क हादसे में एक परिवार के तीन बच्चों समेत चार लोगों की मौत

**लखीमपुर खीरी (उप्र):** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में ऑटोरिक्शा दुर्घटनाग्रस्त होने से एक परिवार के तीन बच्चों समेत चार लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। धौरहरा थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) रवींद्र सोनकर ने बताया कि घटना शनिवार को हुई, जिसमें रसूलपुर गांव के निवासी ऑटोरिक्शा चालक इसराइल (30), ऊंचगांव गांव के तालिब (पांच), खुशबू (12) और अजरा (2) की मौत हो गई। घायलों की पहचान किस्मतून, सबिया, साकिया, अकील और निदा के रूप में हुई हैस जिनका जिला अस्पताल ले उपचार किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक दुर्घटना शनिवार देर रात हुई जब परिवार पड़ोसी धौरहरा कस्बे में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद ऑटो से अपने गांव लौट रहा था। घने कोहरे के कारण ऑटोरिक्शा चालक इसराइल पुलिया को देख नहीं पाया और वह रेलिंग से टकरा गया। इसके बाद, उसका ऑटो सड़क किनारे बने गड्ढे में पलट गया, जिससे तीन बच्चों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि ऑटोरिक्शा चालक ने भी जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### विरोधियों ने गलत तरीके से मुझे एक महिला से जोड़ा और अब उससे मेरे बच्चे की बात हो रही: तेजप्रताप

**पटना :** बिहार के पूर्व मंत्री और लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि उनके विरोधियों ने पहले गलत तरीके से उनके नाम को एक महिला से जोड़ा था और अब वे दावा कर रहे हैं कि महिला ने उनके बच्चे को जन्म दिया है। तेज प्रताप ने देर शाम यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यसभा सदस्य और विधान परिषद के एक सदस्य को 'जयचंद' करार देते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की बात की। जयचंद 10वीं शताब्दी का एक राजपूत सरदार था, जिसने अफगान आक्रमणकारी मुहम्मद गोरी के साथ समझौता किया था और इतिहास में उसे गद्दार के रूपक के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। तेज प्रताप ने कहा, ''सोशल मीडिया पर फैल रही उन अफवाहों से मैं बहुत परेशान हूं कि जिस महिला से मेरा नाम कुछ महीने पहले गलत तरीके से जोड़ा गया था, जिसके कारण मुझे पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था, उसने मेरे बच्चे को जन्म दिया है।''

## कुशीनगर में ट्रक-कार की टक्कर से तीन युवकों की मौत, चार अन्य गंभीर रूप से घायल



**कुशीनगर (उप्र):** कुशीनगर जिले में रविवार तड़के ट्रक की टक्कर से कार सवार तीन युवकों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, कुशीनगर जिले में तड़के करीब तीन बजे कार सवार सात युवक हाटा नगरपालिका के वार्ड नंबर चार के अहिरौली तुलादास में आयोजित बहुभोज में शामिल होने के बाद वापस हाटा लौट रहे थे। हाटा कोतवाली के अधिकारियों ने बताया कि हाटा कोतवाली से लगभग एक किलोमीटर पूर्व स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बैंक्वेट हॉल के सामने कार को ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में अहिरौली तुलादास निवासी हरी (23) व अमन (26), पिपरा कपूर निवासी नितीश (20) की मौत हो गई। वहीं, अहिरौली तुलादास निवासी सूरज वर्मा (22), मुकेश वर्मा (19) व विकास वर्मा (26) तथा हाटा खास निवासी शैलेश वर्मा (18) को प्राथमिक उपचार के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हाटा से मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### मोदी ने जापान की प्रधानमंत्री को निचली सदन के चुनाव में 'ऐतिहासिक जीत' पर बधाई दी

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जापान की प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची को प्रतिनिधि सभा के चुनाव में उनकी ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। जापान की प्रधानमंत्री ताकाइची की पार्टी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेतृत्व वाला सत्तारूढ़ गठबंधन का रविवार को हुए संसदीय चुनाव में बहुमत हासिल करना लगभग निश्चित है। मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, सनाए ताकाइची प्रतिनिधि सभा के चुनाव में आपकी ऐतिहासिक जीत पर बधाई। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मोदी ने कहा, मुझे विश्वास है कि आपके सक्षम नेतृत्व में हम भारत-जापान मित्रता को और ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

### जम्मू में पीएसए के तहत अपराधी को हिरासत में लिया गया

**जम्मू:** जम्मू में एक कुख्यात अपराधी को सख्त जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बिशनाह के कोठे चोरली गांव के निवासी बलदेव राज को पीएसए के तहत हिरासत में लेने के बाद भद्रवाह जिला जेल में रखा गया है। एक अधिकारी ने बताया कि राज एक कुख्यात अपराधी है और जम्मू के जिला मजिस्ट्रेट से औपचारिक हिरासत आदेश प्राप्त करने के बाद उसके खिलाफ पीएसए के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा, 'जम्मू के विभिन्न पुलिस थानों में अपराधी के खिलाफ कई प्राथमिकी पहले ही दर्ज की जा चुकी हैं।'

### श्राइन बोर्ड ने माता वैष्णो देवी को प्रमुख आध्यात्मिक स्थल के रूप में स्थापित करने की मंजूरी दी

**जम्मू:** श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने त्रिकूटा की पहाड़ियों पर स्थित तीर्थ स्थल और आसपास के क्षेत्र को भारत के सबसे प्रमुख आध्यात्मिक स्थलों में से एक में परिवर्तित करने के लिए रविवार को कई पहलों को मंजूरी दी। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने यह मंजूरी दी। प्रवक्ता ने कहा कि तीर्थयात्रियों की संख्या बढ़ाने और तीर्थयात्रा के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सुविधाओं का विस्तार करने की रणनीतियों का आकलन करने के लिए एक समिति का गठन भी किया गया है। यह समिति बोर्ड को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी। प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बोर्ड की बैठक में इन पहलों को मंजूरी दी गई।

### कर्नाटक में निजी विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट और यात्री सुरक्षित

**विजयपुर:** कर्नाटक के विजयपुर जिले में रविवार दोपहर एक छोटा निजी विमान एक खुले मैदान में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हालांकि, विमान में सवार पायलट सहित दोनों लोग दुर्घटना से पहले ही उससे बाहर निकलने में सफल रहे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दो सीट वाला विमान विजयपुर के बाबलेश्वर तालुक के मंगलुरु गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि विमान में सवार दोनों व्यक्ति हादसे से पहले उससे बाहर निकलने में सफल रहे। सूत्रों के मुताबिक, हादसे में विमान के तीन टुकड़े हो गए। विमान में सवार पायलट सहित दोनों लोगों को चोटें आई हैं जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। प्रशिक्षण विमान ने कलबुर्गी से बेलगावी के लिए उड़ान भरी थी। घटना के सिलसिले में और जानकारी की प्रतीक्षा है।

### बिहार की नीट छात्रा की मौत के मामले में न्याय दिलाने की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

**नयी दिल्ली:** बिहार की राजधानी पटना में 'नीट' छात्रा की संदिग्ध हालात में हुई मौत मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर रविवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया गया। छात्रा के परिजन को न्याय दिलाने के लिए 'बिहार निर्भया संघर्ष समिति, दिल्ली-एनसीआर' के बैनर तले हुए प्रदर्शन में दिल्ली-एनसीआर और बिहार से काफी संख्या में लोग जुटे। समिति ने एक बयान में कहा कि प्रदर्शनकारियों ने इस पूरे मामले में सरकार और तंत्र को कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रा की नृशंस तरीके से हत्या की गई। प्रदर्शनकारियों ने हत्या से पहले छात्रा के साथ दुष्कर्म किए जाने की भी आशंका जताई।

# यूसीसी का निर्माण आम सहमति से किया जाना चाहिए, इससे मतभेद नहीं पैदा होने चाहिए: मोहन भागवत



**मुंबई:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का निर्माण सभी को विश्वास में लेकर किया जाना चाहिए और इससे मतभेद नहीं पैदा होने चाहिए। यह पूछे जाने पर कि क्या आरएसएस के लिए अच्छे दिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में आने के बाद आए, भागवत ने कहा कि मामला इसके विपरीत था। उन्होंने कहा कि संघ अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के प्रति प्रतिबद्ध रहा और उसका समर्थन करने वालों को इसका फायदा मिला। हिंदुत्व विचारक वीडी सावरकर को 'भारत रत्न' से अलंकृत किए जाने की लंबे समय से जारी मांग पर भागवत ने कहा कि अगर उन्हें (सावरकर को) यह सम्मान प्रदान किया जाता है, तो इसकी प्रतिष्ठा और बढ़ जाएगी। भागवत आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे। इस कार्यक्रम में रवीना टंडन, विकी कौशल, अनन्या पांडे, करण जौहर, मधुर भंडारकर, रमेश तौरानी और पंडित हृदयनाथ मंगेशकर सहित कई दिग्गज फिल्मी हस्तियां मौजूद थीं। भागवत ने कहा कि यूसीसी का निर्माण सभी को विश्वास में लेकर किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, इससे मतभेद नहीं पैदा होने चाहिए। उत्तराखंड में तीन लाख सुझाव हासिल हुए और सभी हितधारकों से चर्चा के बाद अधिनियम पारित किया गया। एक अन्य सवाल के जवाब में संघ प्रमुख ने कहा कि कोई बहुसंख्यक या अल्पसंख्यक (समुदाय) नहीं है, हम सब एक ही समाज हैं। उन्होंने मुस्लिम और ईसाई समुदाय के लोगों के साथ विश्वास, मित्रता और संवाद कायम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। भागवत ने कहा, इस्लाम को शांति का धर्म कहा जाता है, लेकिन शांति दिखाई नहीं देती। अगर धर्म में आध्यात्मिकता न हो, तो वह प्रभुत्वशाली और आक्रामक हो जाता है। आज इस्लाम और ईसाई धर्म में जो कुछ देखा जा रहा है, वह ईसा मसीह और पैगंबर मोहम्मद की शिक्षाओं के अनुसार नहीं है। हमें वास्तविक इस्लाम और ईसाई धर्म के अनुसरण की आवश्यकता है।

### बांग्लादेश में हिंदुओं ने एकजुट होकर प्रतिरोध करने का विकल्प चुना: मोहन भागवत

**मुंबई:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं ने भागने के बजाय एकजुट होकर प्रतिरोध करने का विकल्प चुना है। उन्होंने बांग्लादेशी हिंदुओं को संघ के समर्थन का भरोसा दिलाया। भागवत ने आरएसएस के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में अपनी सेवानिवृत्ति, भाषा, जाति, जनसंख्या असंतुलन, समान नागरिक संहिता (यूसीसी), घुसपैठ, धर्म और राष्ट्रीय एकता सहित कई मुद्दों पर बात की। स्थानीय भाषाओं की प्रधानता पर जोर देते हुए भागवत ने कहा कि आरएसएस के कामकाज में अंग्रेजी कभी भी संचार का माध्यम नहीं होगी, क्योंकि यह भारतीय भाषा नहीं है। आरएसएस के संबंध में समुदाय आधारित प्रतिनिधित्व को लेकर बनी धारणाओं को दूर करते हुए भागवत ने कहा कि संघ प्रमुख को हिंदू होना चाहिए, चाहे उसकी जाति कोई भी हो। बांग्लादेश में हिंदू आबादी का जिक्र करते हुए भागवत ने कहा कि एकजुटता उन्हें स्थानीय राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करने में सक्षम बनाएगी। उन्होंने कहा, बांग्लादेश में हिंदुओं ने भागने के बजाय एकजुट होकर प्रतिरोध करने का विकल्प चुना है।

# छत्तीसगढ़ में शाह ने वामपंथी उग्रवाद पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की




**रायपुर:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में वामपंथी उग्रवाद को लेकर एक उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की। यह बैठक देश से माओवादी उग्रवाद को समाप्त करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा तय 31 मार्च की समयसीमा से कुछ सप्ताह पहले आयोजित की गई। इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि नवा रायपुर अटल नगर स्थित एक होटल में हुई इस बैठक में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, केंद्रीय गृह सचिव, खुफिया ब्यूरो (आईबी) के निदेशक और गृह मंत्रालय में विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) शामिल हुए। इसके अलावा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के महानिदेशक, साथ ही छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र, झारखंड और तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक एवं कई वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे। छत्तीसगढ़ का बस्तर क्षेत्र, जिसमें सात जिले शामिल हैं, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और ओडिशा की सीमाओं से सटा हुआ है और लंबे समय से माओवादियों का मजबूत गढ़ माना जाता रहा है। हालांकि, बीते कुछ वर्षों में यहां नक्सल रोधी अभियानों में तेजी आई है, जिससे उग्रवादी गतिविधियां कम हुई हैं। पुलिस के अनुसार, जनवरी 2024 से अब तक छत्तीसगढ़ में मुठभेड़ों के दौरान 500 से अधिक नक्सली मारे गए हैं, जिनमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू जैसे शीर्ष कैडर भी शामिल हैं। इस दौरान राज्य में करीब 1,900 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 2,500 से अधिक ने आत्मसमर्पण किया है।

### भारत को विनाशकारी कम्युनिस्ट विचारधारा से छुटकारा पाना होगा: अमित शाह

अमित शाह ने रविवार को कहा कि देश को जल्द से जल्द 'विनाशकारी' कम्युनिस्ट विचारधारा से छुटकारा पाने की जरूरत है और उन्होंने नक्सलियों से हथियार डालने की अपील की। शाह ने कहा कि सरकार आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों का लाल कालीन बिछाकर स्वागत करेगी। नवा रायपुर में ऑर्गनाइजर वीकली के 'छत्तीसगढ़25 शिफ्टिंग द लेंस' शीर्षक से आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि माओवादी समस्या को विकास की कमी से नहीं जोड़ा जा सकता और न ही इसे केवल कानून-व्यवस्था का मुद्दा माना जा सकता है। उन्होंने कहा, 'वामपंथी उग्रवाद की समस्या एक विचारधारा से प्रेरित चुनौती है।' शाह ने कहा कि भारत की जनता को इस विचारधारा की सच्चाई को समझना चाहिए। उन्होंने कहा, 'जहां कहीं भी कम्युनिस्ट सत्ता में रहे, वे विकास नहीं ला सके। कम्युनिस्ट विचारधारा विनाश की विचारधारा है और देश को इससे तुरंत छुटकारा पाना आवश्यक है।'

# उत्तराखंड: अंकिता हत्या मामले पर हुई महापंचायत, उच्चतम न्यायालय की निगरानी में जांच कराने की मांग

**देहरादून:** उत्तराखंड के विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने रविवार को यहां महापंचायत आयोजित करके चर्चित अंकिता भंडारी हत्याकांड में शामिल कथित 'वीआईपी' के खुलासे के लिए उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जांच कराए जाने की मांग की। अंकिता न्याय यात्रा संयुक्त संघर्ष मंच के बैनर तले यहां परेड ग्राउंड के बाहर हुई महापंचायत में अंकिता के पिता वीरेंद्र सिंह और मां सोनी देवी की मौजूदगी में चेतावनी दी गयी कि अगर आगामी 15 दिन में उनकी मांग के आधार पर सीबीआई जांच में प्रगति नहीं हुई तो इस आंदोलन को तेज किया जाएगा। महापंचायत में सर्वसम्मति से पारित प्रस्तावों में अंकिता के माता-पिता द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को सौंपे गए पत्र को ही सीबीआई जांच के लिए शिकायती पत्र माने जाने, उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में जांच करवाए जाने और इस संबंध में पर्यावरणविद अनिल



प्रकाश जोशी द्वारा दर्ज कराई गयी प्राथमिकी को रद्द किए जाने की मांग की गई है। इसके अलावा हत्याकांड के बाद वनंत्रा रिजॉर्ट पर बुलडोजर चलाने की अनुमति देने वाले धामी को जांच होने तक मुख्यमंत्री पद से स्वयं हट जाने तथा भाजपा पदाधिकारियों दुष्यंत कुमार गौतम और अजय कुमार को जांच के दायरे में लाए जाने की भी मांग की गई। अंकिता के पिता वीरेंद्र सिंह ने आरोप लगाया है कि उन्होंने मुख्यमंत्री को दिए पत्र में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में सीबीआई जांच की मांग रखी थी लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। सिंह ने हत्याकांड में कथित 'वीआईपी' के खुलासे के लिए प्राथमिकी दर्ज कराने वाले जोशी के बारे में कहा कि वह उन्हें जानते तक नहीं हैं और प्राथमिकी दर्ज कराने से पहले तथा बाद में भी उन्होंने उनसे कोई संपर्क नहीं किया। महापंचायत को समर्थन देने पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि न्याय की इस लड़ाई में उन्हें सामाजिक संगठनों के साथ या उनके पीछे चलने में कोई संकोच नहीं है क्योंकि जनभावना राजनीति से बड़ी होती है।

### तमिलनाडु: हाथियों ने किसान को कुचला, स्थानीय लोगों ने 25 लाख रुपये के मुआवजे की मांग की

**इरोड:** तमिलनाडु के इरोड में रविवार तड़के सत्यमंगलम बाघ अभयारण्य में हाथियों के झुंड ने 30 वर्षीय एक किसान को कुचलकर मार डाला। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मृतक की पहचान मगेश के रूप में हुई, जो थलावाड़ी के पास एक खेत का मालिक था। वन अधिकारियों के अनुसार, वह फसल को नुकसान पहुंचा रहे जंगली जानवरों को भगाने के लिए रात में अपने खेत में गया था। उन्होंने बताया कि देर रात लगभग दो बजे हाथियों का एक झुंड खेत में घुस आया और फसलों को नुकसान पहुंचाने लगा। अधिकारियों ने बताया कि मगेश ने शोर मचाकर और पटाखे फोड़कर हाथियों को भगाने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि शोर सुनकर आसपास के किसान भी मौके पर पहुंचे और हाथियों को डराने में मगेश का साथ देने लगे हालांकि, हाथियों के झुंड ने पलटवार किया और अधिकतर किसानों को भागने पर मजबूर कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि मगेश हाथियों के झुंड के बीच फंस गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

# लचीला रुख अपनाएं और दृढ़ संकल्पित रहें : 'जेन जेड' के लिए राहुल गांधी का संदेश

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि 'जेन जेड' के लिए उनका संदेश सरल है - जीवन में कुछ भी सीधा-सपाट नहीं होता, इसलिए लचीला रुख अपनाएं और दृढ़ संकल्पित रहें। राहुल गांधी ने यूट्यूब पर जारी एक पोस्ट में यह टिप्पणी की। पोस्ट में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रवासी छात्रों के साथ उनकी हालिया बातचीत का वीडियो भी साझा किया गया है। कांग्रेस नेता ने कहा, वास्तविक सवाल। ईमानदार जवाब। बिना किसी लाग-लपेट के। यूएई के प्रवासी छात्रों के साथ बातचीत के दौरान, हमने पहचान, उद्देश्य और आज के युवाओं के सामने पेश आने वाली चुनौतियों के बारे में बात की। गांधी ने कहा कि चर्चा में 'जेन जेड' के कुछ सबसे अहम मुद्दों पर बात की गई, जैसे कि पेशे और जुनून के बीच संतुलन बनाना, सोचने, व्यक्त करने एवं खोजने की आजादी, चिंता से निपटना और



पूर्वाग्रहों पर काबू पाना। उन्होंने कहा, कई छात्रों ने बताया कि कैसे वे अक्सर इस बात को लेकर चिंतित रहते हैं कि उनमें आत्मविश्वास की कमी है, उन्हें विभिन्न मोर्चों पर आंका-परखा जाएगा, उनमें असुरक्षा का भाव है और वे खुलकर बोलने में सहज महसूस नहीं कर पाते हैं। गांधी ने कहा कि चर्चा का एक केंद्रीय विषय यह था कि समाज अक्सर व्यक्तियों को ठप्पों और धारणाओं के माध्यम से परिभाषित करने का प्रयास कैसे करता है। उन्होंने कहा, संदेश स्पष्ट था : भले ही दुनिया आपको यह बताने की कोशिश करे कि आप कौन हैं, लेकिन वास्तव में जो मायने रखता है, वह है खुद के प्रति ईमानदार रहना। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, जेन जेड के लिए मेरा संदेश सरल है : जीवन में कुछ भी सीधा-सपाट नहीं होता। लचीला रुख अपनाएं और दृढ़ संकल्पित रहें।

# गौरव गोगोई, उनकी पत्नी के पाकिस्तानी एजेंट के साथ 'गहरे संबंध' : हिमंत विश्वशर्मा



**गुवाहाटी:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई, उनकी ब्रिटिश पत्नी एलिजाबेथ कोलबर्न और पाकिस्तानी नागरिक अली तौकीर शेख के बीच ''गहरे संबंध'' हैं तथा खुफिया ब्यूरो (आईबी) से मिली सूचना गुप्त रूप से पड़ोसी देश को दी गई थी। शर्मा ने असम में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव से पहले यहां संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि भारत में काम करने के दौरान कोलबर्न को शेख द्वारा वेतन दिए जाने के मामले में विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) के नियमों का उल्लंघन किया गया। मुख्यमंत्री शर्मा ने यह भी आरोप लगाया कि गोगोई ने वर्ष 2013 में पाकिस्तान की एक ''अत्यंत गोपनीय' यात्रा की थी और माना जाता है कि वहां उन्होंने ''किसी प्रकार का प्रशिक्षण'' लिया। शर्मा ने कांग्रेस नेता को इस यात्रा को लेकर स्थिति स्पष्ट करने की चुनौती दी, अन्यथा उन पर ''राष्ट्रद्रोह'' के आरोप लगेंगे।

# 'डिजिटल अरेस्ट' मामले में दो लोग गिरफ्तार, 100 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी का खुलासा : पुलिस

**नयी दिल्ली:** दिल्ली पुलिस ने कम से कम 190 साइबर धोखाधड़ी की शिकायतों और 100 करोड़ रुपये से अधिक से जुड़े 'डिजिटल अरेस्ट' मामले के सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि आरोपियों की पहचान अनीश सिंह और मणि सिंह के रूप में हुई है। दोनों को एक महिला की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया, जिसमें उसने कहा कि उसे लगभग दो महीने तक मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया और फर्जी साइबर अपराध जांच के बहाने उससे 40 लाख रुपये हस्तांतरित करवा लिए गए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा ''पीड़िता को पिछले साल 15 अक्टूबर से 12 दिसंबर के बीच 'डिजिटल अरेस्ट' का शिकार बनाया गया था। इस दौरान, खुद को वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बताकर धोखेबाजों द्वारा उसे गिरफ्तारी, कानूनी कार्रवाई और



सामाजिक बदनामी की धमकी दी गई थी।'' शिकायतकर्ता, जो एक गृहिणी हैं, को शुरू में मुंबई अपराध शाखा के आईपीएस अधिकारी होने का दावा करने वाले एक व्यक्ति ने फोन किया, जिसने महिला पर आधार कार्ड का उपयोग करके आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने का झूठा आरोप लगाया। अधिकारी ने बताया कि बाद में पीड़िता की बात एक महिला से कराई गई, जिसने खुद को पुलिस अधिकारी बताया और वीडियो और ऑडियो कॉल का इस्तेमाल करते हुए फर्जी प्राथमिकी और गिरफ्तारी वारंट दिखाए। उन्होंने बताया कि 'डिजिटल अरेस्ट' के दौरान साइबर अपराधियों ने पीड़िता से 40 लाख रुपये अलग-अलग खातों में जमा करवाए। पीड़िता की शिकायत पर अपराध शाखा द्वारा मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों द्वारा सबूत मिटाने के प्रयासों के बावजूद पुलिस टीम ने डिजिटल सबूतों का पता लगाया। उन्होंने कई राज्यों में सक्रिय फर्जी कंपनियों से जुड़े कई संदिग्ध बैंक खातों और यूपीआई आईडी का भी पता लगाया। अधिकारी ने बताया, 'पश्चिमी दिल्ली के न्यू महावीर नगर में पंजीकृत एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के नाम पर मौजूद ऐसा ही एक खाता मिला और यह एक अहम कड़ी के रूप में सामने आया। अनीश सिंह और मणि सिंह इस फर्म के संयुक्त निदेशक हैं।'

# 'रामायण' से बाहर करने की खबरें गलत, मैं कभी उस फिल्म का हिस्सा ही नहीं रहा : विक्रांत मैसी

**मुंबई:** अभिनेता विक्रांत मैसी ने निर्माता नितेश तिवारी की आगामी फिल्म 'रामायण' से बाहर किये जाने की खबरों का रविवार को खंडन करते हुए कहा कि वह कभी इस परियोजना में शामिल ही नहीं थे। मीडिया में आई खबरों में दावा किया गया था कि मैसी को शुरुआत में रावण के सबसे बड़े पुत्र और लंका के युवराज मेघनाद की भूमिका के लिए चुना गया था लेकिन अब यह भूमिका राघव जुयाल निभाएंगे। मैसी ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट में लिखा, 'अब अफवाहों पर विराम लगाते हैं, मैं नितेश तिवारी की 'रामायण' का कभी हिस्सा नहीं था।' राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित अभिनेता मैसी ने कहा, 'मेरे स्थान पर कथित तौर पर दूसरे को रखने की खबरें देने वाले कई मीडिया पोर्टल को आवश्यक पृष्ठभूमि जांच करनी चाहिए थी। निराशाजनक! फिर भी, फिल्म का हिस्सा बनने वाले सभी लोगों को मेरी



शुभकामनाएं।'' तिवारी की 'रामायण' भारतीय सिनेमा की सबसे भव्य और भारी बजट की फिल्म के रूप में पेश की जा रही है। इसमें रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी देवी सीता और यश रावण की भूमिका में नज़र आएंगे। फिल्म की अन्य प्रमुख भूमिकाओं में सनी देओल भगवान हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण के रूप में दिखेंगे। यह दो हिस्सों में रिलीज होगी। इसका पहला भाग दिवाली 2026 के दौरान आईमैक्स में विश्व स्तर पर रिलीज होगा जबकि दूसरा भाग दिवाली 2027 को रिलीज होगा।

# प्रधानमंत्री ने किसानों और श्रमिकों के हितों की रक्षा की: भाजपा प्रमुख नवीन

**नयी दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रमुख नितिन नवीन ने रविवार को कहा कि किसानों और श्रमिकों के हित सुरक्षित रखने के लिए नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 'कूटनीतिक तरीके से एवं धैर्यपूर्वक' अमेरिका के साथ व्यापार समझौता किया। भारत और अमेरिका ने शनिवार को अंतरिम व्यापार समझौते के लिए एक रूपरेखा पर पहुंचने की घोषणा की जिसके तहत दोनों देश द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिए कई वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करेंगे। रामलीला मैदान में एक कार्यक्रम में शामिल हुए नवीन ने व्यापार समझौते पर प्रधानमंत्री को बधाई दी। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार ने 'कूटनीतिक तरीके से और धैर्यपूर्वक' अमेरिका



के साथ व्यापार समझौता किया। नवीन ने कहा, 'मैं इस समझौते के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बधाई देता हूं। उन्होंने किसानों, श्रमिकों के हितों की रक्षा की है और देश का आत्म-सम्मान बढ़ाया है।' दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उनके कैबिनेट मंत्रियों के साथ 500 ई-बसों को हरी झंडी दिखाने के दौरान भाजपा प्रमुख ने कहा कि ये बसें दिल्ली के लोगों के लिए एक उपहार है, जिन्होंने पिछले साल आठ फरवरी को विधानसभा चुनावों में भाजपा को भारी जीत दिलाई थी। नवीन ने आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के कार्यान्वयन जैसी विभिन्न पहल की सराहना करते हुए कहा कि दिल्ली में भाजपा सरकार ने पिछले एक साल में भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता, जवाबदेह निर्णय लेने और डिजिटल शासन को बढ़ावा देने के साथ काम किया है। नवीन ने आरोप लगाया कि दिल्ली में पिछली सरकार 'बहाने' बनाती थी, जबकि भाजपा नीत सरकार अब प्रदर्शन और लोगों के लिए काम करने में विश्वास करती है।

### भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन मंगलवार को बिहार विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेंगे

**नयी दिल्ली:** बिहार विधानसभा में बांकीपुर सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन इस सप्ताह सदन के बजट सत्र में भाग लेंगे। भाजपा अध्यक्ष चुने जाने के बाद नवीन मंगलवार को पहली बार बिहार विधानसभा सत्र में भाग लेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रभारी संजय मयूख ने बताया, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सोमवार को दो दिवसीय बिहार दौरे पर रवाना होंगे। इस दौरान वह कुछ सार्वजनिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे और पटना स्थित पार्टी कार्यालय में एक संगठनात्मक बैठक भी करेंगे।

### दिल्ली को 500 नयी इलेक्ट्रिक बस मिलीं

**नयी दिल्ली:** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार ने रविवार को 500 नयी इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाई, जिससे दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के इलेक्ट्रिक वाहनों के बेड़े की कुल संख्या 4,000 हो गई है। इस मौके पर गुप्ता ने कहा, ''यह कदम न केवल शहर में परिवहन और कनेक्टिविटी को बढ़ावा देगा बल्कि वायु प्रदूषण को कम करने में भी मदद करेगा।'' इस कार्यक्रम में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीटीसी की योजना 2028 तक अपने कुल बस बेड़े को बढ़ाकर 14,000 करने की है। उन्होंने कहा, ''ये इलेक्ट्रिक बसें शहर की वायु गुणवत्ता और परिवहन आवश्यकताओं को बेहतर बनाने में मदद करेंगी। ये वातानुकूलित बसें हैं, जिनमें पैनिक बटन और कई अन्य सुविधाएं मौजूद हैं।'' परिवहन मंत्री पंकज सिंह ने बताया कि दिल्ली और पानीपत के बीच तीन अंतरराज्यीय बस सेवाएं भी शुरू की गई हैं।

# नीति हमेशा कमजोर प्रदर्शन करने वाले राज्यों के पक्ष में नहीं होनी चाहिए: चंद्रबाबू नायडू

**अमरावती:** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने रविवार को कहा कि देश के कमजोर प्रदर्शन करने वाले राज्यों को केंद्र के कर राजस्व बंटवारे में अधिक हिस्सा मिल रहा है, जिसका नुकसान आंध्र प्रदेश जैसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्यों को उठाना पड़ रहा है। हालांकि, नायडू ने यह भी माना कि पिछड़े राज्यों का धीरे-धीरे बेहतर प्रदर्शन की ओर बढ़ना एक सकारात्मक संकेत है। नायडू ने 'पीटीआई वीडियो' को दिए साक्षात्कार में कहा कि देश की समृद्धि तभी संभव है जब उसके सभी क्षेत्र आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि राज्य एक-दूसरे के प्रतिद्वंद्वी नहीं, बल्कि सहयोगी हैं। नायडू ने कहा, केंद्र सरकार जानबूझकर कोई अन्याय नहीं करना चाहती। पिछड़ेपन, जनसंख्या जैसे कुछ मापदंड हैं। दक्षिण भारत ने जनसंख्या नियंत्रण में प्रगति की है। उन्होंने कहा, आर्थिक सुधारों के कारण दक्षिण भारत ने



प्रौद्योगिकी और वृद्धि दर में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। दक्षिण भारत में प्रति व्यक्ति आय बहुत अधिक है। इसी कारण विकेंद्रीकरण एक समस्या है। जनसंख्या आधारित गरीबी विकेंद्रीकरण के मानदंडों में से एक है। उन्होंने कहा, ऐसी स्थिति में स्वाभाविक रूप से असंतोष पैदा होगा। हमारी नीतियां हमेशा कमजोर प्रदर्शन करने वाले राज्यों के पक्ष में नहीं होनी चाहिए। कुछ समय के लिए संरक्षण देना ठीक है, लेकिन अंततः सभी राज्यों को प्रदर्शन करना होगा।

## थाईलैंड की मनांचया ने मुंबई ओपन टेनिस खिताब जीता

**मुंबई :** थाईलैंड की मनांचया सवांगकेव ने रविवार को यहां मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125के सीरीज के फाइनल में ऑस्ट्रिया की लिली टैगर को हराकर खिताब जीत लिया। पिछले साल की उप विजेता 23 साल की थाई खिलाड़ी ने 6-4, 6-3 से जीत हासिल करके 125 रैंकिंग अंक और 15,500 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि जीती। वहीं 17 साल की टैगर को 81 अंक और 8,400 अमेरिकी डॉलर मिले। युगल फाइनल का खिताब एलेना प्रिडांकिना और पोलिना इयात्सेन्को के नाम रहा जिन्होंने मनांचया सवांगकेव और निकोल फोसा हूएगों को रोमांचक टाई-ब्रेकर में 7-6 (7-3), 1-6, (10-5) से हराया। विजेता जोड़ी को 125 अंक और 6,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि मिली जबकि उप विजेता को 81 अंक और 4,300 अमेरिकी डॉलर मिले।

# उलटफेर से बाल-बाल बचा इंग्लैंड, नेपाल को चार रन से हराया



**मुंबई :** दो बार की विश्व चैंपियन इंग्लैंड ने रविवार को टी20 विश्व कप ग्रुप-सी के बेहद रोमांचक मुकाबले में नेपाल को चार रन से हराकर उलटफेर से खुद को बचा लिया। नेपाल ने अंत तक संघर्ष किया और इतिहास रचने के बेहद करीब पहुंच गया, लेकिन अंतिम ओवर में संयम की कमी उसे भारी पड़ गई। इंग्लैंड द्वारा दिए गए 185 रन के लक्ष्य के जवाब में नेपाल की टीम छह विकेट पर 180 रन ही बना सकी। आखिरी ओवर में नेपाल को जीत के लिए 10 रन की जरूरत थी, लेकिन सैम करन ने दबाव में सटीक यॉर्कर डालते हुए सिर्फ पांच रन ही खर्च किए। लोकेश बाम ने 20 गेंदों में नाबाद 39 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन टीम को जीत दिलाने से चूक गए। नेपाल की ओर से कप्तान रोहित पौडेल और दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 39-39 रन बनाए। कुशाल भुर्तेल ने 29 रन की तेज पारी खेली। पौडेल और ऐरी के बीच तीसरे विकेट के लिए 82 रन की अहम साझेदारी ने नेपाल को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। अंतिम तीन ओवरों में नेपाल को 46 रन चाहिए थे, जहां बाम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मुकाबले में जान डाल दी। इससे पहले इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक (53) और जैकब बेथेल (55) के अर्धशतकों की बदौलत सात विकेट पर 184 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टी20 विश्व कप में पदार्पण कर रहे बाएं हाथ के बल्लेबाज बेथेल ने 35 गेंदों में चार चौके और चार छक्के जड़े। ब्रूक ने 32 गेंदों में चार चौके और तीन छक्के लगाए और दोनों ने चौथे विकेट के लिए 71 रन जोड़े। नेपाल के गेंदबाजों ने प्रभावशाली प्रदर्शन किया। नंदन यादव और दीपेंद्र सिंह ऐरी ने दो-दो विकेट झटके, जबकि शेर मल्ला और संदीप लामिछाने को एक-एक सफलता मिली। वानखेड़े स्टेडियम में मौजूद 17 हजार से अधिक दर्शकों ने नेपाल के जुझारू प्रदर्शन की जमकर सराहना की, जिसने इस मुकाबले को यादगार बना दिया।

### बहुत कम टीमें आदिल राशिद को इस तरह खेल पाती हैं जैसे नेपाल ने खेला: हैरी ब्रूक

इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक ने रविवार को यहां टी20 विश्व कप अभियान के पहले मैच में नेपाल के बल्लेबाजों के अपने प्रमुख स्पिनर आदिल राशिद का सामना करने के तरीके पर हैरानी जताई। पूर्व चैंपियन इंग्लैंड ने नेपाल को 185 रन का लक्ष्य दिया और उलटफेर से बचते हुए चार रन से जीत हासिल की। मैच के बाद ब्रूक ने कहा, ''यह बिल्कुल भी आसान नहीं रहा, शुक्र है कि हम जीत गए। वे बहुत अच्छा खेले। बहुत कम टीमें आदिल राशिद को इस तरह खेल पाती हैं जैसे उन्होंने खेला। मुझे लग रहा था हम इस स्कोर का आसानी से बचाव कर लेंगे लेकिन वे बहुत अच्छा खेले। मैं उन्हें बाकी टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं देता हूं। ''

# म्हात्रे की अगुआई वाली अंडर-19 विश्व कप विजेता भारतीय टीम का स्वदेश पहुंचने पर भव्य स्वागत



**मुंबई :** अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का रविवार को यहां भव्य स्वागत हुआ जिसमें खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य और बड़ी संख्या में प्रशंसक इन युवा नायकों का स्वागत करने पहुंचे। भारत ने शुक्रवार को जिम्बाब्वे के हरारे में हुए फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराकर रिकॉर्ड छठी बार खिताब जीता। आयुष म्हात्रे की अगुआई वाली भारतीय टीम ने 14 साल के वैभव सूर्यवंशी के 80 गेंद में 175 रन की शानदार पारी की बदौलत नौ विकेट पर 411 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर इंग्लैंड को 40.2 ओवर में 311 रन पर समेटकर बड़ी जीत दर्ज की। भारत ने इससे पहले 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में यह टूर्नामेंट जीता था। मुंबई हवाई अड्डे पर कप्तान म्हात्रे और स्टार सलामी बल्लेबाज सूर्यवंशी ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा जहां प्रशंसक और परिवार के सदस्य उनका स्वागत करने के लिए इंतजार कर रहे थे। म्हात्रे का पूरा परिवार मौजूद थे जिसमें उनके माता-पिता के अलावा चाची और बहनोई शामिल थे। म्हात्रे ने फाइनल में 51 गेंद में 53 रन बनाए थे। म्हात्रे के पिता योगेश कमलाकर म्हात्रे ने कहा, ''हमारे पास इस खुशी के लिए कोई शब्द नहीं हैं क्योंकि वे इतने साल से जो कड़ी मेहनत कर रहे थे, उसका फल आज मिला है। '' म्हात्रे की मां ने कहा, ''मुझे बहुत खुशी है कि वह अपने देश के लिए विश्व कप ला रहा है। उसे बचपन से ही क्रिकेट का शौक है और बचपन से उसने जो कड़ी मेहनत की है, उसका फल आज मिला है। हम घर पहुंचकर जश्न मनाएंगे। ''

### सूर्यवंशी सहित तीन भारतीय अंडर-19 विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम में

**दुबई :** युवा स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को रविवार को आईसीसी की अंडर-19 विश्व कप की सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह मिली जिसमें तीन भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं। इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में 80 गेंद में 175 रन की शानदार पारी खेलने के बाद टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए 14 साल के सूर्यवंशी के अलावा टीम के उनके साथी कनिष्क चौहान और हेनिल पटेल को भी 12 सदस्यीय टीम में जगह मिली। भारत ने रिकॉर्ड छठी बार खिताब जीता। कनिष्क ने बल्ले और गेंद दोनों से लगातार महत्वपूर्ण योगदान दिया जबकि हेनिल के 11 विकेट में अमेरिका के खिलाफ 16 रन देकर पांच विकेट का शानदार स्पैल भी शामिल था।

# डेविस कप: दक्षिणेश्वर ने निर्णायक पांचवां मैच जीता भारत ने नीदरलैंड को 3-2 से हराया



**बेंगलुरू :** दक्षिणेश्वर सुरेश के शानदार और जुझारू प्रदर्शन की बदौलत भारत ने रविवार को डेविस कप मुकाबले में नीदरलैंड को 3-2 से हराकर क्वालीफायर्स के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। निर्णायक पांचवें एकल मुकाबले में दक्षिणेश्वर ने गाय डि ओडेन को 6-4, 7-6 से पराजित कर भारत को यादगार जीत दिलाई। डेविस कप में दूसरी बार खेल रहे 25 वर्षीय दक्षिणेश्वर ने इस मुकाबले में असाधारण प्रदर्शन करते हुए दोनों एकल मुकाबले और युकी भांबरी के साथ युगल मुकाबला भी अपने नाम किया। उनका यह प्रदर्शन 2004 में लिएंडर पेस द्वारा जापान के खिलाफ किए गए ऐतिहासिक कारनामे की याद दिलाने वाला रहा, जब पेस ने अकेले दम पर भारत को जीत दिलाई थी। विश्व रैंकिंग में 465वें स्थान पर काबिज दक्षिणेश्वर ने जीत के बाद कोर्ट पर पीठ के बल लेटकर जश्न मनाया, जबकि साथी खिलाड़ी दौड़कर उन्हें गले लगाने पहुंचे। पूरी भारतीय टीम ने उन्हें कंधों पर उठा लिया। भारत ने इससे पहले पिछले साल स्विट्जरलैंड को उसकी धरती पर हराया था। नीदरलैंड इस मुकाबले में अपने दो शीर्ष एकल खिलाड़ियों टालोन ग्रीकस्पूर (29) और बोटिच वान डे जैंडशल्प (67) के बिना उतरा था। इसके बावजूद मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। नए डेविस कप प्रारूप के तहत 2019 के बाद यह पहला मौका है जब भारत क्वालीफायर्स के दूसरे दौर में पहुंचा है, जहां उसका सामना कोरिया से हो सकता है। इससे पहले युगल मुकाबले में युकी भांबरी और दक्षिणेश्वर ने डेविड पेल और सैंडर एरेंड्स को 7-6, 3-6, 7-6 से हराकर भारत को 2-1 की बढ़त दिलाई थी। हालांकि एकल मुकाबले में सुमित नागल को जेस्पर डि जोंग के खिलाफ 7-5, 1-6, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे निर्णायक मैच खेलना पड़ा। तीन घंटे तक चले युगल मुकाबले में एन श्रीराम बालाजी की जगह दक्षिणेश्वर को खिलाने का कप्तान रोहित राजपाल का फैसला पूरी तरह सही साबित हुआ। दबाव के क्षणों में दक्षिणेश्वर ने संयम और आत्मविश्वास दिखाते हुए भारत को ऐतिहासिक जीत दिलाई।

# गांगुली ने भारत की आक्रामक बल्लेबाजी रणनीति का समर्थन किया



**नयी दिल्ली :** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने टी20 विश्व कप में भारतीय टीम की आक्रामक बल्लेबाजी रणनीति का समर्थन करते हुए रविवार को कहा कि ईशान किशन और अभिषेक शर्मा जैसे शीर्ष क्रम के खिलाड़ियों को असमान उछाल वाली पिचों पर भी बल्ले से अपनी आक्रामकता पर अंकुश नहीं लगाना चाहिए। टूर्नामेंट के पहले मैच में अमेरिका के खिलाफ शुरू से ही आक्रामक खेलते हुए बाद भारत का स्कोर छह विकेट पर 77 रन हो गया था जिसके बाद टीम ने वापसी करते हुए एक प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। गांगुली ने कहा कि यह तरीका आधुनिक टी20 क्रिकेट का एक स्वाभाविक नतीजा है। गांगुली ने यहां भारत कोरपोरेट प्रीमियर लीग के चौथे सत्र के मौके पर कहा, ''टी20 क्रिकेट यही है। आपको लगातार हिट करते रहना होता है। वे बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं और वे लंबे समय से ऐसा कर रहे हैं। ऐसा होगा ही। '' उन्होंने कहा, ''कुछ मैच ऐसे होंगे जिनमें वे चूक जाएंगे क्योंकि वे भी इंसान हैं। और जब आप हर समय हिट करते रहेंगे तो आप चूकेंगे ही। '' गांगुली ने कहा, ''यह एक बहुत ही मजबूत टीम है। बहुत संतुलित मजबूत टीम है जिसमें गेंदबाजी, बल्लेबाजी, स्पिन गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण सब संतुलित है। जैसे-जैसे विश्व कप आगे बढ़ेगा, वे बेहतर होते जाएंगे क्योंकि एक बार जब आप टूर्नामेंट में खेलने लग जाते हैं तो लय आ जाती है। मैं भारत को प्रबल दावेदार मानता हूं और उन्हें हराना बहुत मुश्किल होगा।''

# पीसीबी प्रमुख नकवी ने बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल और आईसीसी उपाध्यक्ष ख्वाजा से मुलाकात की



**कराची :** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने रविवार को लाहौर में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम और आईसीसी के उपाध्यक्ष इमरान ख्वाजा से अहम बैठक की। यह मुलाकात भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मुकाबले के प्रस्तावित बहिष्कार को लेकर जारी गतिरोध को सुलझाने की दिशा में अहम मानी जा रही है। बैठक लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में हुई, जिसकी तस्वीरें पीसीबी ने जारी की हैं। इमरान ख्वाजा पीसीबी अधिकारियों से बातचीत के लिए लाहौर पहुंचे हैं और संकेत हैं कि 15 फरवरी को कोलंबो में प्रस्तावित भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर समाधान निकल सकता है। आईसीसी में सिंगापुर का प्रतिनिधित्व करने वाले ख्वाजा को इस मुद्दे पर मध्यस्थ की भूमिका सौंपी गई है। पीसीबी के करीबी सूत्रों के अनुसार, वह पिछले कुछ समय से नकवी के संपर्क में हैं और गतिरोध खत्म करने के लिए सक्रिय प्रयास कर रहे हैं। बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम की मौजूदगी भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह विवाद टी20 विश्व कप में बांग्लादेश को हटाकर स्कॉटलैंड को शामिल किए जाने के बाद गहराया था। बांग्लादेश ने सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार किया था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने पहले कहा था कि भारत के खिलाफ नहीं खेलने का फैसला बांग्लादेश के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए लिया गया है। हालांकि, श्रीलंका क्रिकेट और आईसीसी के हस्तक्षेप के बाद स्थिति में नरमी आई है। आईसीसी ने पीसीबी से 'फोर्स मेज्योर' नियम के इस्तेमाल पर स्पष्टीकरण भी मांगा था। आईसीसी और अन्य हितधारकों के साथ बातचीत के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि क्रिकेट के हित में यह हाई-वोल्टेज मुकाबला आखिरकार खेला जाएगा।

# श्रीलंका ने आयरलैंड को 20 रन से हराकर शानदार शुरुआत की



**कोलंबो :** सह-मेजबान श्रीलंका ने हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए टी20 विश्व कप के अपने पहले मुकाबले में रविवार को आयरलैंड को 20 रन से हराकर विजयी आगाज किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने छह विकेट पर 163 रन बनाए, जिसके जवाब में आयरलैंड की टीम 19.5 ओवर में 143 रन पर सिमट गई। श्रीलंका की शुरुआत हालांकि खराब रही और पहले चार ओवर में टीम सिर्फ 28 रन ही बना सकी। कामिल मिशारा (14) का विकेट जल्दी गिर गया। इसके बाद कुसल मेंडिस और पाथुम निसांका ने पारी को संभालने की कोशिश की। निसांका ने 23 गेंद में 24 रन बनाए, जबकि कुसल मेंडिस ने 43 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 56 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। मध्यक्रम में कामिंदु मेंडिस ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 19 गेंदों में 44 रन बनाए। कुसल और कामिंदु ने पांचवें विकेट के लिए 67 रन की अहम साझेदारी की, जिससे श्रीलंका 163 रन के प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंच सका। एक समय 14वें ओवर में श्रीलंका का स्कोर चार विकेट पर 86 रन था, लेकिन आयरलैंड के कमजोर क्षेत्ररक्षण का भी मेजबान टीम को फायदा मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और कप्तान पॉल स्टर्लिंग जल्दी आउट हो गए। रोस एडेयर ने 23 गेंदों में 34 और हैरी टेक्टर ने 34 गेंदों में 40 रन बनाकर संघर्ष किया, लेकिन जरूरी रन गति बनाए नहीं रख सके। श्रीलंका की ओर से महीष तीक्षणा ने 23 रन देकर तीन और वानिंदु हसरंगा ने 25 रन देकर तीन विकेट चटकाए। हसरंगा ने अहम मौकों पर विकेट लेकर आयरलैंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया और श्रीलंका को सधी हुई जीत दिलाई।

### ट्रंप ने टी20 विश्व कप में खेल रही अमेरिकी क्रिकेट टीम को शुभकामनाएं दीं

**न्यूयॉर्क :** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और श्रीलंका में चल रहे टी20 विश्व कप में भाग ले रही अपनी राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पूरा देश खिलाड़ियों की जीत की कामना कर रहा है। ट्रंप ने रविवार को 'ट्रुथ' सोशल पर एक पोस्ट में कहा, ''मैंने अभी सुना कि भारत में क्रिकेट विश्व कप चल रहा है। मैं अमेरिका की टीम को शुभकामनाएं देता हूं। हमारी टीम बहुत मजबूत है। पूरा अमेरिका आपके जीत की कामना कर रहा है। ''भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने इस पोस्ट पर जवाब देते हुए कहा, ''आपके अच्छे शब्दों के लिए धन्यवाद राष्ट्रपति महोदय। ''कप्तान सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने शनिवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए पहले मैच में अमेरिका की टीम को 29 रन से शिकस्त दी। अमेरिका पारंपरिक रूप से क्रिकेट खेलने वाला देश नहीं है और उसकी टीम में अभी ज्यादातर भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं जिसकी कप्तानी मोनांक पटेल कर रहे हैं। अमेरिका ने 2024 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप की सह-मेजबानी की थी,जिसके मैच न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुए थे।

# व्यापार



# अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने में कोई समस्या नहीं: गोयल



**नयी दिल्ली :** वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि भारत को अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर मूल्य की वस्तुएं खरीदने में कोई परेशानी नहीं होगी। उन्होंने इस आंकड़े को भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के संदर्भ में बहुत मामूली बताया।पीटीआई वीडियो को दिए एक साक्षात्कार में गोयल ने कहा कि भारत इस समय भी ऐसे लगभग 300 अरब डॉलर के उत्पादों का आयात कर रहा है, जिन्हें अमेरिका से मंगाया जा सकता है, लेकिन फिलहाल ये अन्य देशों से खरीदे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में भारत की कुल आयात मांग बढ़कर करीब 2 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने वाली है।भारत और अमेरिका ने शनिवार को द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के ढांचे को अंतिम रूप देने की घोषणा की थी। संयुक्त बयान के अनुसार, भारत ने ऊर्जा उत्पादों, विमान और उनके पुर्जों, कीमती धातुओं, प्रौद्योगिकी उत्पादों और कोकिंग कोल सहित विभिन्न श्रेणियों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर तक की खरीद में रुचि दिखाई है।गोयल ने कहा कि बड़ी वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा भारत में भारी निवेश किया जा रहा है और आने वाले समय में देश में 10 गीगावाट क्षमता के डेटा सेंटर स्थापित हो सकते हैं। इसके लिए उन्नत उपकरणों और मशीनरी की जरूरत होगी, जिसकी आपूर्ति अमेरिका कर सकता है।उन्होंने स्पष्ट किया कि 500 अरब डॉलर की खरीद योजना में वे सभी आयात शामिल हैं, जो भारत पहले से कर रहा है, जैसे बोइंग विमानों और उनके इंजनों के ऑर्डर। उन्होंने बताया कि अगले पांच वर्षों के लिए 80-90 अरब डॉलर के विमानन ऑर्डर पहले ही दिए जा चुके हैं और केवल इस क्षेत्र में ही भारत को 100 अरब डॉलर से अधिक की आवश्यकता होगी।गोयल ने कहा कि इस्पात उद्योग के विस्तार के चलते कोकिंग कोल की मांग भी तेजी से बढ़ रही है और अकेले इस मद में सालाना 30 अरब डॉलर का आयात जरूरी होगा। उन्होंने कहा कि भारत जैसी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिए अमेरिका से सालाना 100 अरब डॉलर का आयात कोई बड़ी बात नहीं है और यह देश के दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों के अनुरूप है।

### शुल्क में कटौती से भारत के उत्पाद अमेरिका में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि पारस्परिक शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिए जाने के बाद, भारतीय वस्तुओं को अमेरिकी बाजारों में चीन और अन्य प्रतिस्पर्धी देशों के उत्पादों की तुलना में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा। भारत और अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए एक रूपरेखा को अंतिम रूप दे दिया है, जिस पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। गोयल ने कहा कि भारत पर लगाए जाने वाले पारस्परिक शुल्क (आरटी) अब उसके प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में सबसे कम हैं।

### एफपीआई फरवरी में शुद्ध खरीदार बने, इस सप्ताह 8,100 करोड़ रुपये का निवेश

**नयी दिल्ली :** लगातार तीन महीनों की भारी बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) फरवरी के पहले सप्ताह में शुद्ध खरीदार बन गए हैं। बेहतर जोखिम धारणा और अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते के कारण उन्होंने भारतीय इक्विटी में 8,100 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार यह निवेश हाल के महीनों में हुई लगातार निकासी के बाद आया है। एफपीआई ने जनवरी में 35,962 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और नवंबर में 3,765 करोड़ रुपये निकाले थे। एफपीआई ने कुल मिलाकर 2025 में भारतीय इक्विटी से शुद्ध 1.66 लाख करोड़ रुपये निकाले थे। यह निकासी मुद्रा में उतार-चढ़ाव, वैश्विक व्यापार तनाव, अमेरिकी शुल्क की चिंता और इक्विटी के ऊंचे मूल्यांकन के कारण हुई थी।

### आईपीओ की तैयारी में फोनपे: भुगतान, कारोबार और नए मंच के जरिए विस्तार पर नजर

**नयी दिल्ली :** वॉलमार्ट समर्थित फिनटेक दिग्गज फोनपे अप्रैल में अपना आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी कर रही है। कंपनी की योजना भारत के डिजिटल भुगतान बाजार में अपनी पकड़ मजबूत करने के साथ-साथ वित्तीय सेवाओं और नए उपभोक्ता मंचों के क्षेत्र में विस्तार करने की है। कंपनी ने अपने मसौदा दस्तावेजों (डीआरएचपी) में उल्लेख किया है कि डिजिटल भुगतान ही उसकी प्रगति का प्रमुख स्रोत बना रहेगा। इसके विस्तार के लिए कंपनी अपने उपभोक्ता आधार, संभावित बाजार और मंच के कार्यक्षेत्र को व्यापक बनाने हेतु पूंजी लगाने की योजना बना रही है। उद्योग के अनुमानों का हवाला देते हुए कंपनी ने कहा कि भारत में डिजिटल उपभोक्ता भुगतान का कुल संभावित बाजार वित्त वर्ष 2025 में 301 लाख करोड़ रुपये था, जिसके वित्त वर्ष 2030 तक बढ़कर 602-681 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

# सीफर्ट और गेंदबाजों के दम पर न्यूजीलैंड ने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराया



**चेन्नई :** टिम सीफर्ट के आक्रामक अर्धशतक और अनुशासित गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने रविवार को आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप-डी मुकाबले में अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराकर अपने अभियान की विजयी शुरुआत की। अफगानिस्तान के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने 17.5 ओवर में पांच विकेट पर 183 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर टिम सीफर्ट ने 42 गेंदों में तीन छक्कों और सात चौकों की मदद से 65 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने ग्लेन फिलिप्स (25 गेंदों में 42 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 74 रन की अहम साझेदारी कर शुरुआती झटकों से टीम को उबारा। न्यूजीलैंड ने दूसरे ओवर में 14 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। अफगानिस्तान की ओर से मुजीब उर रहमान ने 31 रन देकर दो विकेट चटकाए। कप्तान राशिद खान ने फिलिप्स को आउट कर वापसी की कोशिश की, जबकि मोहम्मद नबी ने सीफर्ट का विकेट लिया। हालांकि मार्क चैपमैन (28), डेरिल मिचेल (नाबाद 25) और कप्तान मिचेल सेंटनर (नाबाद 17) ने टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान ने छह विकेट पर 182 रन बनाए। अनुभवी गुलबदिन नायब ने 35 गेंदों में 63 रन की बेहतरीन पारी खेली और सेदिकुल्लाह अटल (29) के साथ तीसरे विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी की। अंतिम पांच ओवरों में अफगानिस्तान ने 52 रन जोड़कर स्कोर मजबूत किया। न्यूजीलैंड की ओर से लॉकी फर्ग्युसन सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने 40 रन देकर दो विकेट लिए। अफगानिस्तान की पारी के बावजूद न्यूजीलैंड ने लक्ष्य का सफल पीछा कर मुकाबले पर पूरा नियंत्रण बनाए रखा।

# प्रधानमंत्री मोदी ने मलेशिया में उद्योग जगत के दिग्गजों से की मुलाकात



**कुआलालंपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मलेशिया के चार प्रमुख उद्योगपतियों से बातचीत की और भारत की विकास यात्रा में मलेशियाई कंपनियों द्वारा दिखाई जा रही मजबूत रुचि की सराहना की। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री ने भारत और मलेशिया के बीच बढ़ते व्यावसायिक संबंधों और मलेशियाई कंपनियों द्वारा भारत की वृद्धि की यात्रा में दिखाई जा रही मजबूत रुचि की सराहना की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जयसवाल ने सोशल मीडिया पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेट्रोनास के अध्यक्ष और समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी टैन तेंगकू मोहम्मद तौफिक से मुलाकात की और ऊर्जा साझेदारियों को मजबूत करने तथा नवीकरणीय ऊर्जा और स्वच्छ ईंधन में नए अवसरों पर चर्चा की, जिसमें ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया शामिल हैं।

# भारत ने फलों, सब्जियों और फूलों में आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य रखा: केंद्रीय मंत्री चौहान



**बेंगलुरु :** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को कहा कि भारत ने फलों, सब्जियों और फूलों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने का स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किया है। चौहान ने कहा कि इन क्षेत्रों में आयात अब आवश्यक नहीं होगा। बेंगलुरु में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर)- भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान (आईआईएचआर) में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि सरकार का ध्यान उच्च मांग वाली फसलों की पहचान करने और यह सुनिश्चित करने पर है कि उनका घरेलू उत्पादन किसानों के लिए लाभकारी हो। सरकार के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए मंत्री ने कहा, हमारा लक्ष्य सरल है। हम फलों, फूलों और सब्जियों का आयात नहीं करेंगे। हमें इन क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनना होगा। ग्रामीण विकास, कृषि और किसान कल्याण के केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत पहले ही महत्वपूर्ण प्रगति कर चुका है। मंत्री ने वर्तमान उत्पादन स्तर को ऐतिहासिक बताया। पहले आयात पर निर्भर फसलों का जिक्र करते हुए चौहान ने कहा, हम एवोकाडो का आयात करते थे, अब हमने उनका उत्पादन शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि इसी दृष्टिकोण को अन्य उभरती फसलों तक फैलाना आवश्यक है। चौहान ने कहा, हमें ड्रैगन फ्रूट में भी आत्मनिर्भर बनना होगा।

वर्ष 10, पूर्णांक 3498 अंक 308 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in